श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 335, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन कारगर 16

पति पत्नी और वो के सीक्वल में भी कार्तिक 15

## एक नजर

### पांच-पांच किलोग्राम के दो आईईडी बरामद

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सुरक्षाबलों ने पांच-पांच किलोग्राम के दो 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) बरामद किए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के इरागांव थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने दो आईईडी बरामद किए। उन्होंने बताया कि एक दल जब इरागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटकोडो, तमोरा और किलेनार गांव के करीब था तभी उन्हें नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाए जाने की सूचना मिली।

### बेटी के यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने वाले एक पिता को दोषसिद्धि के बाद 20 साल कैद की सजा सुनाई है। एक वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्य जिला सत्र न्यायाधीश कविता अग्रवाल ने जनवरी 2020 में कई मौकों पर पीड़िता का यौन शोषण करने वाले कोल्हापुर जिले के पन्हाला तहसील के गणपति गली कोडोली निवासी जगन्नाथ यशवंत आडके (47) को सजा सुनाई और एक हजार का जुर्माना भी लगाया।

### हीरा खदान से मजदूर को मिला बेशकीमती हीरा

**पन्ना।** देश-दुनिया में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में बुधवार को एक गरीब मजदूर को बेशकीमती हीरा मिला है। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि राजू गोंड ने कार्यालय से पट्टा बनवाकर करीब दो माह पूर्व खदान लगाई थी। हीरा अधिकारी रवि पटेल का कहना है कि उसे 19 .22 कैरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 80 लाख से एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### एमए उर्दू के विद्यार्थी पढ़ेंगे कबीर के दोहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद अगर पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव को मंजूरी दे देती है तो उर्दू विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी संत कबीर दास के दोहे पढ़ते नजर आएंगे। अधिकारियों ने कहा कि कला संकाय की ओर से प्रस्तावित संशोधन को यदि मंजूरी मिलती है तो एमए उर्दू के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कबीर वाणी के दोहे पढ़ाए जाएंगे।

# बजट पर चर्चा : कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ है सरकार का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फ दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहबरानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है। वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को 'अग्निपथ' योजना को खत्म करना चाहिए और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बेरोजगारी नजर नहीं आ रही है तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे नजर आने लगेगी। हरियाणा के सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने हमारा घोषाणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं।

कांग्रेस नेता ने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया और सवाल किया कि सरकार जनगणना पर चुप्पी साधे हुए है, इस पर नीतीश कुमार जी (बिहार के मुख्यमंत्री) क्या कहना चाहेंगे? सैलजा ने बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष वित्तीय सहायता के प्रावधान का हवाला देते हुए कहा कि क्या सिर्फ दो राज्यों पर मेहरबानी हुई? कांग्रेस नेता ने कहा कि अपनी सहूलियत के हिसाब से सरकार स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट का नाम नहीं लेती है।

**कांग्रेस ने कहा-बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी, अन्य राज्यों की अनदेखी**

### संसद परिसर में इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह बजट जनविरोधी है। राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि यह बजट भारत के संघीय ढांचे की गरिमा पर आघात है, सत्ता बचाने के लोभ में देश के अन्य राज्यों की उपेक्षा है, उनके साथ पक्षपात है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को कहा था कि 27 जुलाई को नीति आयोग की होने वाली बैठक का कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री बहिष्कार करेंगे।

### विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने बुधवार को आम बजट 2024-25 में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से बहिर्गमन किया। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। सबकी थाली खाली और दो की थाली में पकौड़े और जलेबी। बजट में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली और ओड़िशा सहित कई राज्यों को कुछ नहीं मिला।

### किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है। सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख है।

# काठमांडू में विमान हादसा, एक विदेशी समेत 18 लोगों की मौत

## त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे से फिसलकर हुआ क्रैश, लगी आग

काठमांडू, एजेंसी

- निजी एयरलाइन की उड़ान में सवार थे क्रू मेंबर सहित 19 यात्री
- घायल पायलट अस्पताल में भर्ती मृतकों में यमन का एक नागरिक

काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हादसे में एक विदेशी समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई तथा उसका पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। सौर्य एयरलाइंस का नेपाल का घरेलू विमान एन9एएमई नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जा रहा था जब पूर्वाह्न 11 बजकर 11 मिनट पर यह हादसा हुआ। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के खोज व बचाव केंद्र ने एक बयान में बताया कि बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और उसमें तुरंत आग लग गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई वीडियो में विमान में आग लगते और धुआं उठते देखा जा सकता है। हादसे के बाद दमकल की गाड़ियों और एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया।



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल के लोग। ● एजेंसी

मृतकों की पहचान सह-पायलट एस. कतुवाल और सौर्य एयरलाइंस के 17 कर्मचारियों के रूप में की गई है जिनमें नेपाल की एक महिला और यमन का एक नागरिक शामिल है। पायलट कैप्टन मनीष शाक्य (37) का काठमांडू मॉडल हॉस्पिटल में उपचार हो रहा है। प्राधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार लोगों में से 15 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन की एक स्थानीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद काठमांडू हवाई अड्डे पर सेवाएं थोड़ी देर के लिए रोक दी गईं लेकिन बाद में उन्हें बहाल कर दिया गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के अनुसार, कंपनी नेपाल में पांच पर्यटक स्थलों के लिए विमानों का संचालन करती है। उसके बेड़े में तीन बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान शामिल हैं। हाल के वर्षों में खराब हवाई सुरक्षा रिकॉर्ड के लिए नेपाल की आलोचना की गई है, लेकिन इन दुर्घटना की वजहों में मानवीय भूल के अलावा आंशिक रूप से अचानक मौसम परिवर्तन और दुर्गम चट्टानी इलाकों में स्थित हवाई पट्टियां भी शामिल हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन निकाय के अनुसार, अगस्त 1955 में पहली दुर्घटना के बाद से देश में हवाई दुर्घटनाओं में 914 लोग मारे गए हैं। पिछले साल जनवरी में, यति एयरलाइंस का एक विमान पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पांच भारतीयों सहित सभी 72 लोग मारे गए थे। दुर्घटना का कारण मानवीय भूल बताया गया।

## मेटा एआई हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध

- जल्द ही और भाषाएं होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंपनी मेटा एआई अब हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह कदम बहुभाषी खंड में मेटा के एआई असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाता है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता इन नई भाषाओं में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ बातचीत कर सकेंगे। कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ- हिंदी 'हिंदी-रोमनकृत लिपि', फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली और स्पेनिश जैसी नई भाषाओं में भी बातचीत कर सकते हैं। जल्द ही और भी भाषाएं शामिल की जाएंगी। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है। अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मेक्सिको, पेरू और कैमरून में इसकी सेवाएं हाल ही में शुरू हुई हैं। उपयोगकर्ता अब गणित और कोडिंग जैसे अधिक जटिल प्रश्नों के लिए हिंदी में सहायता के लिए उन्नत मेटा एआई मॉडल का उपयोग कर सकते हैं।

# जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में मुठभेड़ एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कुछ दिन पहले सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को ललकारा। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायल सैनिक की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई।



मुठभेड़ के दौरान मोर्चा संभाले जवान।

- आतंकियों की गोलीबारी में सेना का एक जवान भी शहीद
- कोवुत इलाके में सेना-पुलिस ने चलाया था तलाशी अभियान

## धनबाद से गिरफ्तार अभियुक्त की सीबीआई रिमांड

**नीट-यूजी पेपर लीक मामला**

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार एक अभियुक्त को बुधवार को छह दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने धनबाद से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अविनाश कुमार उर्फ बंटी को वहां की एक अदालत से प्राप्त ट्रांजिट रिमांड के आधार पर यहां लाकर विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय कुमार पांडे के समक्ष पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए उसे पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने की प्रार्थना की थी।

प्रार्थना स्वीकार करते हुए अदालत ने अभियुक्त को 30 जुलाई 2024 तक के लिए पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

## बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास

पटना, एजेंसी

**अंकुश**

- भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को कड़ी सजा का प्रावधान
- पांच साल तक की जेल और लगेगा 10 लाख रुपये जुर्माना

बिहार विधानसभा ने राज्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विधेयक पारित किया।

बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन में पेश किए गए बिहार लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। नए कानून का उद्देश्य बिहार में प्रश्नपत्रों के लीक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार पर अंकुश लगाना है। बिहार 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है। विधेयक में ऐसे कदाचार में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें तीन से पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना शामिल है।

## बदमाशों ने एएमयू में दो कर्मचारियों को गोली मारी

- विवि के सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों को दबोचकर पुलिस को सौंपा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के परिसर में बुधवार को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने दो कर्मचारियों को गोली मार दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों कर्मचारियों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एएमयू के कर्मचारी मोहम्मद नदीम और कलीम विश्वविद्यालय परिसर के अंदर दोपहिया वाहन से जा रहे थे कि तभी रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने उन्हें रोका और नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर विश्वविद्यालय सुरक्षा गश्ती दल ने हमलावरों का पीछा किया और उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूत्रों ने बताया कि हमलावरों से पूछताछ की जा रही है। एएमयू प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम अली ने बताया कि घायल कर्मचारियों का जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार किया रहा है। जांच से ऐसा पता चलता है कि यह हमला पुरानी रंजिश को लेकर किया गया।

# शंभू बॉर्डर पर बनाएं यथास्थिति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की सरकार को दिया निर्देश
- किसानों की मांगों पर विचार को समिति बनाने का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनरत किसानों की मांगों का समाधान तलाशने के लिए उनसे बातचीत करने को प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करने का बुधवार को प्रस्ताव दिया और कहा कि किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास की कमी है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि एक तटस्थ अंपायर की आवश्यकता है जो किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास पैदा कर सके। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि आपको किसानों से बातचीत करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। अन्यथा वे दिल्ली क्यों आएंगे? आप यहां से मंत्रियों को भेज रहे हैं और उनके नेक इरादों के बावजूद विश्वास की कमी है। न्यायालय ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर उचित निर्देश दिए जाएं। तब तक शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने दें। शीर्ष अदालत, हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह में अवरोधक हटाने के लिए कहा था, जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

### एमएसपी की गारंटी किसानों का हक : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। जिसके बाद गांधी ने संसद परिसर में कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है।

# बच्चों से भरी स्कूली बसों को दो घंटे तक रोका, निरीक्षक-एआरटीओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- रास्ते से बसों को पकड़कर पुलिस लाइन ले गए थे
- बस चेकिंग के नाम पर गर्मी और उमस से बेहाल रहे बच्चे

**अमृत विचार :** चेकिंग के नाम पर स्कूली बच्चों से भरी दो बसों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और अन्य विभागीय कर्मी पुलिस लाइन ले गए। दो घंटे तक बच्चे भीषण उमस व गर्मी में बैठे रहे। अभिभावकों ने इसकी जानकारी शासन तक पहुंचाई। ट्वीट के जरिये जानकारी होने पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने जांच रिपोर्ट तलब की। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चन्द्र को निलंबित कर दिया गया। बाद में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ला को भी निलंबित कर दिया गया।

मामला मंगलवार का है। जिले के एक स्कूल के बच्चों की पूर्वान्ह लगभग 11 बजे छुट्टी हुई तो बच्चों को लेकर दो बसें कर्वी तक पहुंच गईं। इसी दौरान वाहनों की फिटनेस समाप्त हो जाने के नाम पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और विभागीय कर्मचारी बच्चों से भरी दोनों बसों को लेकर कई किमी दूर पुलिस लाइन पहुंच गए। दोनों वाहनों को फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल कराया गया और लगभग एक बजे छोड़ा गया। करीब दो घंटे तक बसों को पुलिस लाइन में खड़ा रखा गया। इस दौरान बच्चे गर्मी-उमस से बेहाल रहे। किसी अभिभावक ने लखनऊ के एक परिचित पत्रकार को इसकी जानकारी दे दी तो उन्होंने इसे ट्वीट कर दिया। मामला शासन तक पहुंच गया। जांच के बाद निलंबन की गाज संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) गुलाब चंद्र पर गिरी। उनपर समय से वाहनों की जांच कर फिटनेस प्रमाण पत्र न देने का आरोप है।

**पारिवारिक लाभ योजना** — नया पोर्टल बनकर तैयार, बनाई जा रही है एसओपी, किस जिले में कितने आवेदन लंबित, पोर्टल से चलेगा पता

# 45 दिन के भीतर करना होगा आवेदन का निस्तारण

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद के लिए अब लाभार्थियों को वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

आवेदन के 45 दिनों के भीतर अगर सब कुछ सही पाया गया तो योजना का पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तरह समाज कल्याण विभाग अब पारिवारिक लाभ योजना की भी एसओपी तैयार कर रहा है। एसओपी में आवेदन निस्तारण की समय सीमा तय की जा रही है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पारिवारिक लाभ योजना का नया पोर्टल बनकर तैयार हो गया है। अब इस योजना के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच में आवेदन सही पाए जाने के बाद उसे पोर्टल पर फीड कर दिया जाएगा। पोर्टल पर फीड होने से लाभार्थी भी अपने आवेदन की स्थिति को जान सकेंगे। साथ ही पोर्टल पर यह भी प्रदर्शित होगा कि प्रदेश में किस जिले के कितने आवेदन लंबित हैं, कितने आवेदन निरस्त किए गए और कितने आवेदनों में लाभार्थी के खातों में पैसा भेजा जा चुका है।

### क्या है पारिवारिक लाभ योजना

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सरकार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार के आश्रित को एक साथ तीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता देती है। शर्त यह है कि मुखिया की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए।

### आवेदन करने की अवधि भी तय

एसओपी में आवेदन करने की समय सीमा भी तय की जा रही है। योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थी को मुखिया की मृत्यु के बाद 45 दिनों के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी वजह से अगर लाभार्थी 45 दिनों में आवेदन नहीं कर पाता, तो उसे आवेदन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी आवेदन को समाज कल्याण निदेशालय से अग्रसारित करेंगे। निदेशालय से अनुमति मिलने के बाद ही आवेदन किया जा सकेगा।

### दोबारा नहीं कर पाएंगे आवेदन

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि पिछले दिनों विभाग ने इस योजना में लंबित आवेदनों की जांच कराई। जांच में एक ही लाभार्थी के छह-छह, सात-सात आवेदन पाए गए। बताया कि ऑनलाइन आवेदन होने से लाभार्थी एक बार ही आवेदन कर सकेगा। पहला आवेदन जांच के बाद निरस्त किए जाने पर भी दोबारा आवेदन नहीं होगा। आवेदन के समय लाभार्थी की ओर से जैसे ही अपने आधार और बैंक खाते का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। बाकी जानकारी आवेदन में अपने आप फीड होती जाएगी। खास बात यह है कि मुखिया का मृत्यु प्रमाण पत्र भी ऑटो फेच हो जाएगा।

# एलिवेटेड रोड के लिए हैलट की जमीन होगी अधिग्रहित

## जीटी रोड पर गोल चौराहे से हैलट तक की जगह सर्वाधिक संकरी

एक्सक्लूसिव

अभिनव मिश्रा, कानपुर

● मंडलायुक्त की बैठक में बताई समस्याएं, 8 से 10 मीटर जगह होगी अधिग्रहित

**अमृत विचार।** रामादेवी से गोल चौराहे तक एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए हैलट की 8 से 10 मीटर की जगह अधिग्रहित की जाएगी। एनएच पीडब्ल्यूडी ने गोल चौराहे से हैलट तक संकरी जगह होने की समस्या जाहिर की थी। जिसके बाद बैठक में यह निर्णय लिया गया। साथ ही जरीबचौकी अंडरपास व एलिवेटेड रोड की डीपीआर अलग-अलग तैयार करने के निर्देश दिए गए।

रामादेवी से गोल चौराहे तक 10.85 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड की योजना तैयार की गई। करीब एक हजार करोड़ की अनुमानित लागत से एलिवेटेड रोड तैयार होगा, इसके लिए हैदराबाद की हेक्सा कंपनी पांच करोड़ की लागत से डीपीआर तैयार करने में जुटी है। कंसल्टेंट कंपनी फरवरी माह से सर्वे में जुटी हुई है। सर्वे में गोल चौराहे से लेकर जीटी रोड पर हैलट के आसपास तक सबसे संकरी जगह पाई गई है, जो एलिवेटेड निर्माण में बाधा बन सकती है। दो दिन पूर्व मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में एनएच पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बैठक में यह समस्या उठाई थी। जिसके बाद जीटी रोड पर हैलट की बाउंड्री से 8 से 10 मीटर के भीतर तक की जगह अधिग्रहण करने को कहा गया। अब एनएच पीडब्ल्यूडी जगह चिन्हित कर अधिग्रहण के लिए पत्र लिखने की तैयारी कर रहा है।

> गोल चौराहे से हैलट तक का मार्ग काफी संकरा पाया गया है समस्या से मंडलायुक्त को अवगत कराया गया है, हैलट की 8 से 10 मीटर की जगह अधिग्रहित करने को कहा गया है। अधिग्रहण से हैलट की मुख्य बिल्डिंग को कोई समस्या नहीं आएगी। अधिकारियों से बात की जा रही है।
>
> –अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, एनएच पीडब्ल्यूडी

### झकरकटी बस अड्डे की डिजाइन डीपीआर में करें समायोजित

मंडलायुक्त ने एलिवेटेड रोड के रैंप वाले बनाए जाने वाले स्थानों की भी समीक्षा की, जिसमें ज्यादा ज्यादा ट्रैफिक वाली लिंक मार्गों पर रैंप तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही झकरकटी बस अड्डे पर बसों के आवागमन के लिए रैंप बनाने को कहा। बताया गया कि रोडवेज अधिकारियों से बस अड्डे का विस्तारीकरण की डिजाइन को डीपीआर में समायोजित करने के निर्देश दिए।

हाथों में मेंहदी



कैलाश सरस्वती इंटर कालेज में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने मेहंदी रचाई। किसी ने मेहंदी के जरिए पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया तो किसी ने बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की सीख दी। अमृत विचार

# चिकन पॉक्स के मरीज को आईडीएच शिफ्ट किया

● हैलट अस्पताल में मिला था मरीज, उर्सला में आइसोलेशन वार्ड किया गया तैयार

**कानपुर।** हैलट अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में एक मरीज चिकन पॉक्स से ग्रस्त मिला है। जिसको देखने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्राचार्य प्रो.संजय काला व हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह पहुंचे थे। उन्होंने मरीज को हैलट से संक्रामक रोग अस्पताल शिफ्ट किया, ताकि अन्य मरीज गिरफ्त में ना आ सके।

चिकन पॉक्स वेरीसेला जोस्टर नामक वायरस के कारण फैलता हैं, शरीर में दाने, फुंसी व चकत्ते हो जाते हैं। यह संक्रमित बीमारी है। हवा और खांसी के माध्यम से इसके संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के शरीर तक पहुंचते हैं। हैलट मेडिसिन विभाग, चर्म रोग विभाग और बाल रोग विभाग की ओपीडी में करीब 10 से 15 मरीज चिकन पॉक्स के लक्षण युक्त पहुंच रहे हैं। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि संक्रमित व्यक्ति से दूरी रखना एक बेहतर उपाय है। संक्रमित व्यक्ति को एक कमरे में आईसोलेट कर दें। वहीं उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के कुछ जिलों में चिकन पॉक्स के केस सामने आ रहे हैं। इसको देखते हुए उर्सला अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है।

# निमोनिया से बचाव को चलेगा सांस अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बच्चों को निमोनिया से बचाने और मृत्यु दर में कमी लाने के लिए चलेगा अभियान

**अमृत विचार।** जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को निमोनिया से बचाव और मृत्यु दर को काम करने के उद्देश्य से शासन ने सांस कार्यक्रम संचालित करने का फैसला लिया है। सांस का फुल फार्म सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज निमोनिया सक्सेसफुली है। कार्यक्रम के संबंध में सौ से अधिक डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आलोक रंजन ने कार्यक्रम की जिम्मेदारी एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी को देते हुए उन्हें नोडल अधिकारी बनाया है। सीएमओ ने बताया कि सांस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को निमोनिया से बचाना और अभिभावकों को जागरूक करना है। इसके लिए छह अगस्त तक सौ से अधिक डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण में निमोनिया के कारण, लक्षण, पहचान, उपचार व प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी डॉक्टर और स्टाफ नर्स आशा कार्यकर्ता को प्रशिक्षित करेंगे। निमोनिया व कुपोषण ग्रस्ति बच्चों की पहचान कर इलाज भी मुहैया कराया जाएगा। वहीं एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी के मुताबिक सांस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में जागरूकता पैदा करना, निमोनिया की पहचान करने में सक्षम व देखभालकर्ता को जागरूक करना, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से निमोनिया के मिथकों व धारणाओं के बारे में व्यवहार परिवर्तन करना है।

## चोरों ने ट्रक की बैटरी पार की

**कानपुर।** पशुपतिनगर निवासी युवक के घर के बाहर खड़े ट्रक से चोरों ने बैटरी पार कर दी। पीड़ित ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। राजपाल ने बताया कि उनके घर के सामने खड़े ट्रक से चोरों ने 22 जुलाई की रात बैटरी चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

# मूलगंज के लॉज में मिला ठेकेदार का अर्द्धनग्न शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घटना की जानकारी देता बेटा सनी।

● मध्य प्रदेश के शिवपुरी से काम के सिलसिले में आया था

**अमृत विचार।** मूलगंज थानाक्षेत्र में स्थित एक लॉज में कमरे में रुके भवन निर्माण ठेकेदार का अर्द्धनग्न शव बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने ठेकेदार के परिजनों को सूचना दी।

मध्य प्रदेश के शिवपुरी निवासी 62 वर्षीय गुलाब राइन भवन निर्माण की ठेकेदारी करते थे। परिवार में पत्नी रेशमा, बेटा सनी, गौश मोहम्मद, मोईन, गुड्डू और बेटी जन्नत, बॉबी, शबनम, लकी और खुशबू हैं। बेटे सनी ने पुलिस को बताया कि चार दिन पूर्व पिता गुलाब ठेकेदारी के काम से कानपुर आए थे। सोमवार की रात करीब 11 बजे उनसे बात हुई थी। इसके बाद मंगलवार को पूरा दिन उनका फोन बंद जाता रहा। देर रात पुलिस ने सूचना दी कि पिता का शव एक लॉज में मिला है। बेटे सनी ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। उसका कहना था कि पिता लगभग 70 हजार रुपये लेकर घर से निकले थे और पुलिस को उनके पास से 21 हजार रुपये मिले हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया हार्टअटैक का अंदेशा जता रही है। मूलगंज इंस्पेक्टर रिकेश कुमार ने बताया कि 2 दिन पूर्व गुलाब मूलगंज के लॉज में रुकने के लिए आये थे। सोमवार को वह किसी से मिलने गये थे। इसके बाद शाम को लॉज में आकर अपने कमरे में चले गए थे। जब साफ-सफाई करने वाले व अन्य लोग गए तो उनका दरवाजा नहीं खुला था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

## नशे में कांस्टेबल से की अभद्रता तोड़ा मोबाइल

**कानपुर।** बिठूर थानाक्षेत्र में विवाद की सूचना पर मौके पर जा रहे कांस्टेबल के साथ आरोपियों ने अभद्रता कर गालीगलौज की। नशे में धुत आरोपियों ने मोबाइल छीन कर तोड़ दिया। पीड़ित ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

पीआरवी 4753 में तैनात कांस्टेबल राजेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने सहायक श्रवण कुमार तिवारी के साथ 21 जुलाई को एक सूचना पर नारामऊ जा रहे थे। दास पेट्रोल पंप नारामऊ पर सूर्यनारायण निवासी सीतापुर ग्राम भट्टपुरा, सन्दीप सोनी उर्फ अभिषेक व अर्पित वर्मा निवासी गीता नगर काकादेव नशे में विवाद कर रहे थे। टोकने पर गालीगलौज और धक्का मुक्की करने लगे।

मोबाइल हाथ से छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिया। इस संबंध में बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कल्याणपुर से एक और बांग्लादेशी युवती पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पूर्व में गिरफ्तार की गई नाजमा को कोलकाता से लाई थी शहर

● लखनऊ की एलडीए कालोनी में नाम छिपाकर रह रही थी

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के कश्यप नगर में रहने वाली बांग्लादेशी युवती नाजमा उर्फ पूजा को कोलकाता से शहर लाने वाली एक और बांग्लादेशी युवती को कल्याणपुर पुलिस ने बिठूर रोड से गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान बांग्लादेश के कुमिला दवीरदार निवासी अखीमुन्शी उर्फ मधु सिंह के रूप में हुई है। वह लखनऊ के एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड पर नाम छिपाकर रह रही थी। पुलिस ने उसके पास से आधार कार्ड, एसबीआई डेबिट कार्ड, बैंक की पासबुक और चेकबुक, पैन कार्ड, तीन मोबाइल बरामद किए हैं।

तीन दिन पूर्व कल्याणपुर पुलिस ने बांग्लादेश के कुमिला फातियाबाद निवासी नाजमा उर्फ पूजा, नहटी कोलकाता निवासी सहयोगी रीना और दिल्ली के निजामुद्दीन निवासी ज्योति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मंगलवार को एटीएस, आईबी, पुलिस और एलआईयू की सात सदस्यीय टीम ने कोर्ट के आदेश के बाद जेल में नाजमा से करीब डेढ़ घंटे तक पूछताछ की। टीम के साथ एक अनुवादक भी गया था। नाजमा से पूछताछ में एक अन्य बांग्लादेशी महिला अखी उर्फ मधु का नाम प्रकाश में आया। जो लखनऊ के कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर डी में अपनी पहचान छिपा कर रह रही थी। उसके सहयोग से ही नाजमा बांग्लादेश से नदी पार कर कोलकाता आई थी। कोलकाता से ट्रेन के जरिए वह कानपुर पहुंची थी। पुलिस ने नाजमा की निशानदेही पर अखी को कल्यानपुर बिठूर रोड से गिरफ्तार किया। उसके पास से पासपोर्ट और वीजा नहीं मिला। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। कल्याणपुर पुलिस के अनुसार बुधवार को गिरफ्तार की गई बांग्लादेशी युवती अखीमुन्शी उर्फ मधु सिंह पूर्व में पकड़ी गई नाजमा उर्फ पूजा की चचेरी बहन है।



युवती अखीमुन्शी उर्फ मधु सिंह।

### जांच एजेंसियां हुईं सक्रिय

शहर में पिछले तीन दिनों में दो बांग्लादेशी युवतियों के पकड़े जाने के बाद पुलिस के साथ जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। पुलिस की टीमें जल्द ही दिल्ली, कोलकाता और लखनऊ रवाना होंगी। टीमे यह पता करेंगी कि उनका भारत आने का क्या मकसद था और वह यहां क्या कर रही थीं। जिस घर में वह लोग किराए पर रह रहे थे, उनके आसपास भी लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### कोलकाता के रास्ते दिल्ली भेजी जा रहीं युवतियां

बांग्लादेशी युवती नाजमा उर्फ पूजा से जेल में हुई पूछताछ के दौरान एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। उसने बताया है कि घरेलू काम करने वाली एजेंसियां कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश से युवतियां बुलाकर दिल्ली भेज रहे हैं। कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश से युवतियां दिल्ली और दूसरे प्रदेशों में भेजी जा रही हैं। ये एजेंसी संचालक इन युवतियों की फेक आईडी बनाकर मेडिकल कराते हैं। जिसके एवज में मोटा कमीशन लेकर घरों में इनकी सप्लाई कर रहे हैं।

> आखी और नाजमा से पूछताछ की गई है। कुछ जानकारियां मिली हैं, जिनकी तस्दीक करने के लिए पुलिस की टीम कोलकाता और अन्य जगह जाएगी।
>
> –विजय ढुल, डीसीपी पश्चिम

## श्रीप्रकाश का पत्थर ढकने में ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

**कानपुर।** जूही कला में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल का पत्थर हटाने के मामले में बुधवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने जोन 3 के एक्सईएस नानक चंद को जमकर फटकार लगाई। ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं लेकिन इस तरह का कार्य शोभा नहीं देता है।

जूही कलां में एस ब्लाक में गुलाबराज गेस्ट हाउस तक नगर निगम प्रोजेक्ट विभाग ने कार्य शुरू किया है। मंगलवार को ठेकेदारों ने यहां पहले से लगे श्रीप्रकाश जायसवाल के पत्थर के ऊपर ही महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी व क्षेत्रीय पार्षद का नाम लिखा पत्थर लगा दिया। इसकी सूचना पर कांग्रेस नेताओं ने हंगामा किया था। बुधवार को महापौर ने अधिशासी अभियंता नानक चंद्र को कार्यालय तलब कर लिया और स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने मनमानी करते हुए बिना पूछे ही पत्थर हटा दिया है।

## नौकरी का झांसा देकर 25 हजार की ठगी

**कानपुर।** डब्लू वन साकेत नगर निवासी कृतिका वर्मा ने बताया कि वह एक पोर्टल पर नौकरी की तलाश कर रही थीं।

22 मई को उनके टेलीग्राम पर एक मैसेज आया, जिसमें योग्यता के अनुसार नौकरी मिलने की बात कही गई। इसके बाद मैसेज के माध्यम से उन्हें तीन खाता नंबर देकर 25 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा। झांसे में आकर कृतिका ने पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने पैसे वापस दिलाने के लिए डीसीपी साउथ से शिकायत की। डीसीपी के निर्देश पर किदवई नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



कांग्रेसियों ने धरना देकर केस्को की कार्यशैली को कोसा। अमृत विचार

# केस्को मुख्यालय के पास कांग्रेसियों ने दिया धरना

**कानपुर।** अघोषित बिजली कटौती और बिजली बिलों में अनियमितताओं के खिलाफ बुधवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने केस्को मुख्यालय के पास धरना दिया। नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने केस्को और सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ नारे लगाए।

धरने पर बैठे शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, लोकसभा प्रत्याशी रहे आलोक मिश्रा ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अघोषित बिजली कटौती ने जनमानस को बेहाल कर रखा है। बुजुर्ग व बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, छात्रों की पढ़ाई बाधित होती है। लोग पूरी नींद नहीं ले पा रहे हैं। केस्को त्रुटिपूर्ण बिलों से गलत वसूली कर रहा है। स्मार्ट मीटर की रफ्तार बहुत तेज है। केस्को एमडी को संबोधित 8 सूत्री मांगों का ज्ञापन अधिशासी अभियंता वाणिज्य वागीश कुमार को दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजीव दारियावादी, सोहेल अख्तर अंसारी, मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, नरेश चंद्र त्रिपाठी, हरीश गुप्ता, पिंटू कुरील, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, शंकर दत्त मिश्रा, प्रतिभा अटल पाल, मनीष बाजपेई, दिलीप शुक्ला, गुफरान अहमद चांद, रूपा, रजनी, ममता परिहार, राजू चंदेल आदि रहे।

## देर रात बीयर शॉप खुलने का विरोध करने पर मारपीट

**कानपुर।** किदवई नगर एच ब्लॉक निवासी अमित शुक्ला ने बताया कि विराट नगर स्थित बीयर शॉप संचालक ने उनके साथ मारपीट की। अमित ने बताया कि मंगलवार रात 11 बजे वह घर जा रहे थे, देखा कि बीयर की दुकान खुली थी। उन्होंने विरोध किया तो संचालक मंजुल अवस्थी व साथी नितीज शुक्ला व 10 अज्ञात लोगों ने उनके साथ मारपीट की। नौबस्ता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2020 अनु0 1198686 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **–शालिनी पुत्री धनीराम, निवासी– ग्रा0 शोभन का पुरवा मजरे हरीपुर पो0 दौलतपुर, जि0– रायबरेली, मो0– 7525063420**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मोहनलाल और उसकी पत्नी राजकुमारी के क्रूरता पूर्ण कृत्यो से क्षुब्ध होकर मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। अपने किए गए कार्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं/ **रामविलास पुत्र पूर्वी दीन नि0 ग्राम महाखेड़ा पोस्ट महारानीगंज थाना खीरों जिला रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2249573450 का प्रमाणपत्र – सह – अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **सुनील कुंदेर पुत्र सुरेश चंद्र कुंदेर, पता – सरायभूपति, कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़, (उ. प्र.)।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आशा एवं जन्मतिथि 01–01–1998 दर्ज है जो गलत है। मेरे शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सोनू देवी है और जन्मतिथि 05–07–1998 है अतः जो सही है। आधार कार्ड में संशोधन की आवश्यकता है। **–सोनू देवी पत्नी कन्हैयालाल निवासी ग्राम कल्यानपुर, पिपरा बाजार जिला व तहसील गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो, कि मैं Shakil Ahmad पुत्र Ishtiyaque Ahmad, निवासी:– Vill-Arjanipur, Post Patranga, Ayodhya का हूँ, मैंने अपना नाम Shakil Ahmad Ishtiyaq Ahmad से बदलकर Shakil Ahmad कर लिया हैं, आज से मुझे Shakil Ahmad के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALAUDDIN था अब मैंने बदलकर अपना नाम SALAUDDIN ANSARI रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा. W/O MOHAMMAD MUNTSIR, VILL- AND POST SUNDHIYAMAU, RAM NAGAR, BARA BANKI, Uttar Pradesh - 225305

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शिफा पुत्री शरीफ पत्नी खुर्शीद आलम निवासी– समशेर नगर शहर व तहसील व कोतवाली व जिला लखीमपुर–खीरी, हाल पता ग्राम व पोस्ट कुकरा, थाना मैलानी, तहसील गोला, जिला लखीमपुर खीरी** हूं। मेरे शैक्षिक व अन्य दस्तावेजों और वास्तविकता के आधार पर मैं बालिग हूं तथा अपने सारे फैसले लेने में सक्षम हूॅ। मैने होशो हवास में अपनी मर्जी से बिना किसी जोर दबाव के खुर्शीद आलम पुत्र वाजिद अली निवासी ग्राम व पोस्ट व परगना कुकरा थाना मैलानी, तहसील गोला, जिला लखीमपुर–खीरी के साथ इस्लामी रीति रिवाज के मुताबिक बिना दान दहेज के दिनांक 22.07.2024 को निकाह कर लिया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर, सुलतानपुर उ0प्र0 कि साझीदार से अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 राम कुमार सिंह, निवासी– विवेक नगर, सुलतानपुर पृथक हो गये है। इनका फर्म से कोई लेना देना, सरोकार व बकाया नहीं है। फर्म में नए साझीदार श्रीमती सुधा सिंह पुत्री स्व0 राम कुमार सिंह, निवासी– विवेक नगर सुल्तानपुर को शामिल किया गया है। वर्तमान में राम बहादुर सिंह, सौरभ सिंह एवं श्रीमती सुधा सिंह फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स में साझीदार हैं। **साझीदार–राम बहादुर सिंह**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **शंकर दयाल उर्फ मुन्ना सोनी पुत्र स्व0 राम सनेही, नि0 छीबों तहसील राजापुर, जिला चित्रकूट,** मेरा नाम सरकारी अभिलेखों में शंकर दयाल सोनी दर्ज तथा मेरा आधार कार्ड नं0 820410745089 है लेकिन मेरा पुकारू नाम मुन्ना भी है तथा मेरी जन्मतिथि 8.09.1970 है। मेरा सही नाम शंकर दयाल सोनी उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 रामसनेही है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है।


# बीमारी से ऊब चुकी हूं लिखकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● एनएलसी कालोनी में महिला ने फांसी लगाई

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में पेट की बीमारी से ऊबकर एक महिला ने सुसाइड नोट में मैं बीमारी से ऊब चुकी हूंलिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बाबूपुरवा एनएलसी कॉलोनी निवासी नवल किशोर प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। पिछले डेढ़ वर्ष से उनकी पत्नी विमला पेट की बीमारी से परेशान थीं। मंगलवार रात वह ड्यूटी पर गए थे और बेटा बाहर था तभी विमला ने कमरा अंदर से बंद करके पंखे से लटक कर जान दे दी।

बेटा लौटा तब पता चला। सूचना पर बाबूपुरवा पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे से सुसाइड नोट कब्जे में लिया। फोरेंसिक टीम सुसाइड नोट को लैब भेज रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**कानपुर।** घाटमपुर के दरौली गांव निवासी किसान विजय शुक्ला का 18 वर्षीय बेटा सत्यम शुक्ला पनकी में बहन तुलसा के घर रहकर एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। उसने देर रात दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने यह कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है। इस सबंध में पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा था। परिजनों से पूछताछ की गई लेकिन आत्महत्या का कोई कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

समीक्षा बैठक | आंगनबाड़ी केंद्रों में नगर, औरैया व इटावा के बच्चों की उपस्थिति ठीक नहीं

# सड़कों पर फैला मेट्रो का अतिक्रमण हटवाएं

कार्यालय संवादाता, कानपुर

● ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन में हो सुधार, सड़कों पर न मिले निराश्रित गोवंश

**अमृत विचार।** शहर में सड़कों पर मेट्रो ने अनावश्यक अतिक्रमण फैला रखा है, उसे जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी संज्ञान में लें और अतिक्रमण हटवाएं। टीबीमुक्त भारत में नगर व कन्नौज, कानपुर देहात की प्रगति अच्छी नहीं है। इसके अलावा विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों की संख्या के हिसाब से उनकी मौजूदगी कम हैं। इसमें सुधार की जरूरत है। विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में बुधवार को यह बात मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने मंडल के जिलाधिकारियों व अधिकारियों से कही।



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते मंडलायुक्त अमित गुप्ता। अमृत विचार

मंडलायुक्त सभागार में बुधवार को कमिश्नर अमित गुप्ता ने विकास कार्यों की समीक्षा की। जिसमें मंडल के सभी जिलाधिकारी, सीडीओ, संयुक्त विकास आयुक्त व सभी मंडलीय अधिकारी रहे। मंडलायुक्त ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय और आंगनाड़ी केंद्र परिसर एवं बाहर गंदगी, जलभराव या कूड़ा नहीं होना चाहिए। संचारी रोग नियंत्रण के लिए निर्देशों का पालन किया जाए। सभी ग्राम पंचायत, वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों की तुलना में उनकी उपस्थिति कम रहती है। यह आंकड़ा कानपुर नगर, औरैया, इटावा में ज्यादा खराब है। इसलिए बच्चों की उपस्थिति में सुधार लाएं। स्वच्छ भारत मिशन फेस-दो के तहत ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन घर व प्रतिष्ठानों से शत प्रतिशत नहीं हो रहा है। इसमें सुधार कराया जाए। समय से पेंशन के लाभार्थियों की समस्या दूर की जाए। रोपित किए गए पौधों को संरक्षित किया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि कन्नौज, कानपुर देहात व कानपुर नगर की प्रगति ठीक नहीं है। इसमें सुधार लाया जाए।

**आज का मौसम**

तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

34.4° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:30 | सूर्यास्त 07:00

## शहर में आज

- **बैठक:** सीसामऊ उपचुनाव को लेकर मंत्री नितिन अग्रवाल की बैठक, अस्सी फुट रोड, अशोक नगर सुबह 11.30 बजे।
- **बैठक:** भाजपा की संगठनात्मक बैठक, बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बेनाझाबर, शाम 5 बजे।
- **धरना:** समस्याओं को लेकर जाजमऊ व्यापार मंडल का धरना प्रदर्शन, सिद्धनाथ घाट बस्ती जाजमऊ, सुबह 9 बजे।
- **वृक्षारोपण:** चौधरी चरण सिंह मेमोरियल सोसायटी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम, श्वेता विद्या मन्दिर, अजीतगंज, दोपहर 1 बजे।
- **प्रतियोगिता:** भारतीय बाल रोग अकादमी द्वारा वर्ल्ड ओआरएस सप्ताह पर स्लोगन प्रतियोगिता, एलन हाउस पब्लिक स्कूल पनकी में, सुबह 10 बजे।
- **समारोह:** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा का जन्मदिन समारोह, कांग्रेस मुख्यालय, तिलक हाल, सांय 06.30 बजे।

# स्मार्ट सिटी के काम में भ्रष्टाचार, शिकायतों पर बैठी जांच

## नगर निगम के बिजली के खंभों और परशुराम वाटिका के विकास में स्मार्ट सिटी का बोर्ड लगाकर ले लिया गया भुगतान

एक्सक्लूसिव

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** स्मार्ट सिटी के नाम पर हुए विकास कार्यों में अनियमितता की जांच शासन स्तर पर शुरू हो गई है। स्मार्ट सिटी के 18 कामों में भ्रष्टाचार और सरकारी धन की लूट संबंधी शिकायतों पर प्रदेश शासन के विशेष सचिव अरुण प्रकाश ने कानपुर के मंडलायुक्त को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों की समिति गठित करने को कहा गया है। शासन ने जांच समिति में स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को शामिल नहीं करने की सख्त हिदायत दी है। स्मार्ट सिटी के कार्यों की जांच की खबर से प्रोजेक्ट के अधिकारियों और ठेकेदारों में खलबली मची है।

विधान परिषद की विधान प्राधिकरणों, आवास एवं विकास परिषद, नगर निगम में व्याप्त अनियमितताओं की जांच करने वाली समिति से शहर के वार्ड 39 के पार्षद मनीष मिश्रा समेत कई लोगों ने स्मार्ट सिटी द्वारा कराए गए कार्यों की शिकायत की थी। पार्षद ने अपनी शिकायत में कहा है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में कई जगह फर्जी भुगतान हुआ है। नगर निगम के लगाए बिजली के खंभों पर स्मार्ट सिटी ने अपना बोर्ड लगाकर भुगतान ले लिया। ऐसा ही फर्जीवाड़ा परशुराम वाटिका के काम में भी किया गया। तमाम स्थानों पर मानक के विपरीत घटिया काम कराया गया। अधिकतर कार्यों में 4-5 ठेकेदारों को ही तरजीह दी गई। झकरकटी तालाब के सुंदरीकरण के टेंडर में अनियमितता हुई। पार्कों में अधूरा विकास करके पैसा हड़प लिया गया। कई वार्डों की उपेक्षा की गई। इसी शिकायत के बाद शासन ने मंडलायुक्त को पत्र लिखकर जांच कमेटी गठित करके रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया है।



नगर निगम में बना स्मार्ट सिटी का कार्यालय। अमृत विचार


बाल उद्यान फूलबाग स्मार्ट सिटी के तहत विकसित किया गया है। अमृत विचार

- 18 कार्यों में फर्जीवाड़ा, मानक के विपरीत घटिया काम कराने और दोहरा भुगतान लेने का लगाया गया है आरोप
- शासन के विशेष सचिव ने मंडलायुक्त को प्रशासनिक अधिकारियों की समिति से दिए कार्यों की जांच के निर्देश

### तीन बिंदुओं पर मांगी जांच रिपोर्ट

विशेष सचिव ने मंडलायुक्त को लिखे पत्र में तीन बिंदुओं पर स्पष्ट रिपोर्ट देने को कहा है, ताकि समिति के सामने प्रकरण को स्पष्टता से रखा जा सके। इसमें क्या प्रकरण में शिकायतकर्ता को सुना गया? यदि नहीं तो शिकायतकर्ता को सुना जाए और साक्ष्य एकत्र किए जाएं। दोहरे भुगतान के आरोप पर भुगतान स्त्रोत के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुये प्रमाणित रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। विशेष सचिव ने सभी बिंदुओं को जांच में शामिल करते हुए एक माह के भीतर शासन को रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

### ये काम हुए हैं

| स्मार्ट सिटी का काम | लागत (करोड़ रुपये) |
|---|---|
| इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर | 389.87 |
| नानाराव पार्क का जीर्णोद्धार | 10.23 |
| स्काडा इलेक्ट्रिसिटी | 44.00 |
| ग्रीनपार्क विजिटर गैलेरी | 4.61 |
| इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग डिपो | 14.23 |
| डिजिटल लर्निंग ई- पाठशाला | 2.70 |
| आईसीटी सॉलिड वेस्ट कलेक्शन | 46.30 |
| ट्रैस स्कीमर्स | 4.67 |
| रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर रिसाइकिलिंग | 4.91 |
| ऐतिहासिक भवनों में लाइटिंग | 1.17 |
| वेंडर कियोस्क स्थापना | 1.33 |
| नानाराव पार्क स्वीमिंग पूल जीर्णोद्धार | 14.44 |
| ग्रीनपार्क फेस टू में बैडमिंटन हॉल | 2.57 |
| सड़कों का सौंदर्यीकरण व मेंटीनेंस | 37.36 |
| पार्कों में ओपेन जिम | 1.00 |
| 6 पार्कों का सुंदरीकरण | 2.77 |
| चिल्ड्रेन पार्क माल रोड का सौंदर्यीकरण | 2.65 |
| सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पार्क ट्रांसफर स्टेशन | 12.00 |
| नगर निगम बिल्डिंग में सोलर पैनल | 3.50 |
| स्मार्ट स्ट्रीट लाइट व मार्ग प्रकाश व्यवस्था | 3.00 |
| आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर | 6.00 |
| पार्कों में ऑटोमेटेड फुट ओवर ब्रिज | 4.00 |
| स्लम क्षेत्रों में विकास कार्य | 4.00 |
| सिटीजन फेसिलेशन सेंटर नगर निगम | 2.00 |
| ग्रीनपार्क में लिफ्ट | 1.50 |
| ई-बस अप्लीकेशन | 0.80 |
| 30 स्मार्ट बस स्टॉप व कियोस्क | 0.50 |
| डिजिटल रिकॉर्ड | 0.41 |

# सर्राफ ने दी नकली चेन, वापस करने पर हथौड़ा मारा

**कानपुर।** गुरसहायगंज निवासी युवक को एक सर्राफ ने सोने की नकली चेन दे दी। डेढ़ माह बाद बहन के ससुरालीजनों को पता चला। युवक ने चेन वापस करने की बात कही तो सर्राफ ने सिर पर हथौड़ा मार कर उसे लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने डॉयल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा है।

**बर्रा पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल को भेजा**

विश्वबैंक निवासी मनीष ने बताया कि उसके मित्र गुरसहायगंज निवासी राजा की बहन की शादी बीते जून माह में थी। राजा के कहने पर उसने बर्रा विश्व बैंक स्थित एक सर्राफ से 40,850 रुपये की सोने की चेन ली थी। शादी के थोड़े दिन बाद ससुरालीजनों ने दूसरे सर्राफ से चेन की जांच कराई तो वह नकली निकली। इसपर उन्होंने सर्राफ से शिकायत की, तो उसने रुपये लौटाने की बात कही थी। बुधवार को वह उसके शोरूम पहुंचे तो सर्राफ विवाद करने लगा, विरोध करने पर आरोपी ने हथौड़े से उसके सिर पर वार कर लहूलुहान कर दिया। बर्रा इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**कानपुर।** बर्रा योगेंद्र विहार नई बस्ती के रहने वाले 55 वर्षीय रामकुमार गुप्ता को गुलाबी बिल्डिंग के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उसे हैलट अस्पताल भेजा। जहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बेटे विशाल और विकास ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करते थे।

### शोरूम से माल चुराने में दो पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बड़ा चौराहा पर स्थित मॉल में एक शोरूम से चोरी के आरोप में मैनेजर ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एलनगंज निवासी संजय कुमार ने बताया वह शोरूम में एएसएम हैं। प्रतिष्ठान में वार्षिक उत्पादन के मिलान पर काफी अनियमित पाई गई। सीसीटीवी देखे गए तो दो लोगों को चोरी करते पाया गया। आरोप है कि अनवरगंज निवासी राहुल अग्रवाल और उसके रिश्तेदार ने प्रतिष्ठान से कई बार चोरी की। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

### सीपीआर देकर बचाई जा सकती जान

**कानपुर।** महाराजपुर थाने में 471 वीं सीपीआर कार्यशाला का आयोजन सीपीआर जनरल फिजिशियन डॉ सुनीत गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। प्रभारी निरीक्षक महाराजपुर संजय पांडेय तथा अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति में चिकित्सक ने बताया कि कैसे कृत्रिम सांस देकर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। डॉ सुनीत गुप्ता ने थाने पर नियुक्त सभी अधिकारी कर्मचारी व थाना क्षेत्र के आम जनमानस को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया।

# कारोबारी से 1.80 करोड़ की ठगी में शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर शहर के कारोबारी से 1.80 करोड़ की ठगी करने वाला गिरोह के एक सदस्य को साइबर क्राइम ने महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी एफएमसीजी प्रोडक्ट का डिस्ट्रीब्यूटर है। इसके लिए उसने फर्जी वेबसाइट बना रखी थी और ठगी की रकम डिस्ट्रीब्यूटर के खाते में मंगवाई थी। ठग को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

एसीपी क्राइम मोहसिन खान और प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम हरमीत सिंह ने बताया कि कैंट के नवशील अपार्टमेंट निवासी विनोद कुमार शेयर मार्केट कारोबारी हैं। 18 अप्रैल से 24 मई के बीच कारोबारी विनोद कुमार से साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर फर्जी वेबसाइट के जरिये 1.80 करोड़ रुपये का निवेश करा ठगी कर ली थी। 20 जून को कारोबारी ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच कर रही साइबर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से महाराष्ट्र के नागपुर मस्का साथ इतवारी चंद्रशेखर नत्थूजी भुजाड़े को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी नागपुर में एफएमसीजी प्रोडक्ट का डिस्ट्रीब्यूटर है। आरोपी को 48 घंटे के ट्रांजिट रिमांड पर शहर लाया गया।


ठग चंद्रशेखर नत्थूजी भुजाड़े।

- पकड़ा गया आरोपी एफएमसीजी प्रोडक्ट का है डिस्ट्रीब्यूटर
- शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने का दिया था झांसा
- साइबर क्राइम टीम ने महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया

### अपोलो लीमा एप के जरिए निवेश कराया

- एसीपी क्राइम मोहसिन खान ने बताया कि महाराष्ट्र के इस गिरोह ने कारोबारी को फेसबुक में निवेश के लिए पहले लिंक भेजा। इसके बाद व्हाट्सएप ग्रुप अपोलो वीआईपी स्टडी ग्रुप डी 160 में जोड़ दिया। इसके बाद शेयर स्टॉक में रुपये जमा करने और लाभ की जानकारी करने के लिए अपोलो लीमा एप डाउनलोड करा लिया। फिर उसी के जरिए निवेश कराते और उसी के वॉलेट में मुनाफा दिखाई देता था। आरोपियों ने ठगी की रकम कॉसमोस कॉपरेटिव बैंक की नागपुर शाखा स्थित चंद्रशेखर नत्थूजी भुजाड़े के अकाउंट में मंगाते थे। पूछताछ में कई और जानकारियां मिली हैं। जिसके बाद टीम को अहमदाबाद, पुणे और तेलगांना भेजा जा रहा है।

# पार्षद ने दी धरने की चेतावनी

**कानपुर।** सावन का महीना होने के बाद भी मंदिरों और गलियों में अंधेरा होने पर पार्षद नवीन पंडित ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। बुधवार को महापौर प्रमिला पांडेय से मिलकर पार्षद नवीन पंडित ने कहा कि नगर निगम सीमा में 1.23 लाख प्रकाश बिंदु लगे हैं। जिसमें 60 फीसदी 110 व 200 वाट व 40 फीसदी 70 व 75 वाट के प्रकाश बिंदु लगे हैं। वर्तमान में बारिश का समय चल रहा है। सावन का महीना शुरू हो चुका है। वर्तमान में गलियों एवं सरकारी सड़कों में अधिकांश प्रकाश बिंदु बंद पड़े हैं और जो सही हैं वह भी खराब होते जा रहे हैं। अधिकारी सुन नहीं रहा है।

# जो चाहिए बताइए, टूटने न पाए विकास की डोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गृहमंत्री अमित शाह ने सांसद रमेश अवस्थी से कहा
- मुलाकात में शहर के विकास पर हुई चर्चा

**अमृत विचार।** बुधवार को सांसद रमेश अवस्थी ने गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। कानपुर के विकास की चर्चा के दौरान अमित शाह ने कहा कि कानपुर संसदीय क्षेत्र में जो चाहिये केंद्र को बताइये, जो कानपुर में विकास का सिलसिला शुरू हुआ है वह टूटना नहीं चाहिये। रमेश अवस्थी ने कहा कि औपचारिक मुलाकात में 'कानपुर का सर्वांगीण विकास' इस मुलाकात का केंद्र बिंदु रहा।

सांसद बनने के बाद रमेश अवस्थी लगातार भाजपा के बड़े नेताओं से मिल रहे हैं। शहर के विकास के लिये उन्होंने शहरवासियों से भी सुझाव मांगे हैं। इसके लिए नगर निगम और केडीए में सुझाव पेटिका रख दी गई है।

सांसद ने बताया कि विजन 2051 का ड्राफ्ट केडीए तैयार कर रहा है। इसमें जनता की राय अति आवश्यक है। इसके बिना सिटी के डेवलपमेंट की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। रमेश अवस्थी ने बताया सांसद बनने के बाद जो भी मेरे पास योजनाएं और मुद्दे आ रहे हैं उनमें कोई रोड़ा न हो इसके लिये केंद्रीय मंत्रियों और पदाधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। कानपुर की जनता जनार्दन के प्रति अमित शाह में विशेष स्नेह दिखा और उनका हालचाल लिया। इसके साथ ही कहा कि यदि किसी भी चीज की जरूरत हो वह बता सकते हैं।


अमित शाह से कानपुर के विकास को लेकर चर्चा करते सांसद रमेश अवस्थी।

# रिटायर्ड हेड कांस्टेबल के घर से 17 लाख के जेवर-कैश चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर थानाक्षेत्र में बुधवार तड़के जामुन तोड़ने गए रिटायर्ड हेड कांस्टेबल के घर के मेनगेट का ताला तोड़ कर चोरों ने 17 लाख के जेवरात व नकदी पार कर दी। वापस लौटने पर घर में घुसे चोरों को देख बुजुर्ग ने शोर मचाया तो बाइक सवार तीन युवक फरार हो गए।

सफेद कॉलोनी निवासी राजीव कुमार भदौरिया मार्च 2020 में हेड कांस्टेबल के पद से रिटायर्ड हुए थे। परिवार में पत्नी ऊषा, दो बेटे सोनू, मोहित व बहुएं हैं। बड़ा बेटा सोनू नोएडा स्थित कंपनी में कार्यरत है, जबकि मोहित गाजियाबाद में जिम संचालक है। पत्नी ढाई माह पूर्व तीर्थयात्रा पर गई हुई थीं, जिसके बाद से वह घर में अकेले रह रहे थे। बुधवार सुबह करीब चार बजे घर के मेनगेट में ताला लगा कर मोहल्ले में स्थित लोहे वाली पार्क के पास जामुन तोड़ने गए हुए थे। जिसके बाद चोर मेनगेट का ताला तोड़ कर घर में दाखिल हुए। दो अलमारियों का ताला तोड़ कर छोटे बेटे की बहू अमुख के करीब 11 लाख के जेवर व पत्नी के 6 लाख के जेवरात व 7 हजार नकद पार कर दिए। राजीव ने बताया कि वापस आने पर घर के बाहर बाइक पर एक युवक था, जबकि दो दरवाजे के पास खड़े थे। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घर के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।


अलमारी का टूटा पड़ा लॉकर दिखाते बुजुर्ग। अमृत विचार

# स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की सीटें बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के लिए बीफार्मा कोर्स में 100 सीटों, एमफार्म फार्माकोलोजी में 15 सीटों व नए कोर्स एमफार्म फार्माकोग्नोसी में 15 सीटों को मान्यता दी है।

स्कूल की निदेशक डॉ शशिकिरण मिश्रा ने बताया कि पीसीआई ने स्कूल में संचालित कोर्स बीफार्मा में 40 सीटों को बढ़ाते हुए100 सीटों की, एमफार्म. फार्माकोलोजी में 5 सीटों को बढ़ाते हुए 15 सीटों तथा एमफार्म. फार्माकोग्नोसी में 15 सीटों को नये कोर्स के रूप में मान्यता दी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पहले से स्कूल में बीफार्मा में 60 सीटों, डी. फार्म 60 सीटों, एमफार्म. फार्मास्यूटिकल्स 15 सीटों, एमफार्म. फार्माकोलोजी में 10 सीटों व एमफार्म. फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री 15 सीटों पर प्रवेश हो चुका है। यह भी बताया गया कि बढ़ी हुई सीटों पर गुरुवार से काउंसलिंग शुरू हो जायेगी।




- बीफार्मा में 40 सीटें, एमफार्म फार्माकोलोजी में 5 सीटों की बढ़ोतरी
- एमफार्म फार्माकोग्नोसी 15 सीटों को नए कोर्स के रूप में दी मान्यता

हेल्थ अलर्ट | हैलट और निजी अस्पताल में हर दूसरा बच्चा मिल रहा डायरिया ग्रस्त

# 80 फीसदी बच्चों को वायरल के कारण हो रहा डायरिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व में करीब 12 लाख बच्चे डायरिया के कारण मौत का शिकार हो जाते हैं। भारत में यह आंकड़ा पांच लाख बच्चों का है, जिनकी प्रतिवर्ष अकाल मौत हो जाती है। डायरिया में मौत का एक कारण शरीर में होने वाली पानी की कमी है, जिसको डब्लूएचओ ओआरएस देने से रोका जा सकता है। बच्चों में 60 से 80 प्रतिशत डायरिया का कारण वायरल होता है, जिसपर एंटीबायोटिक दवा का असर भी नहीं होता है। यह जानकारी मेडिकोलीगल सेल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.जेके गुप्ता दी।

62 फीसदी माताएं ही ओआरएस के बारे में जानती हैं। 70 फीसदी माता-पिता दस्त व उल्टी होने पर बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाते हैं, जिस वजह से बच्चे की स्थिति सुधरने के बजाए और बिगड़ जाती है। लोगों को ओआरएस के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को भारतीय बाल रोग अकादमी ने विश्व ओआरएस सप्ताह की शुरुआत की। डॉ.अनुराग भारती ने बताया कि ओरआरएस की मदद से दस्त के दौरान शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की कमी को पूरा किया जा सकता है। अपील है कि अगर कोई भी बच्चा डायरिया से ग्रस्त हो तो एंटीबायोटिक दवा की जगह ओआरएस का घोल सही तरीके से पिलाएं।

डॉ.वीएन त्रिपाठी ने बताया कि डायरिया के दौरान या बाद में 14 दिन तक लगातार जिंक देने से डायरिया जल्दी ठीक होता है और भविष्य में दोबारा जल्दी नहीं होता है। बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार आर्या ने बताया कि डायरिया से बचाओं के लिए बच्चों को बोतल से दूध कभी नहीं देना चाहिए और सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। डॉ.यशवंत राव ने बताया कि 24 जुलाई से 31 जुलाई तक यह सप्ताह चलेगा।



जानकारी देते डॉ.अरुण आर्या, डॉ.अनुराग भारती, डॉ.जेके गुप्ता, डॉ.यशवंत राव व डॉ.वीएन त्रिपाठी। अमृत विचार

# मोबाइल पर मिलेगी नौकरी की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवाओं को नौकरी के लिए अब बार-बार पोर्टल नहीं देखना होगा। अगले माह से उनके मोबाइल पर नौकरी का नोटिफिकेशन आएगा। इसके लिए उन्हें सरकारी रोजगार संगम एप डउनलोड करना होगा। एप की सेवाएं फिलहाल ट्रायल पर हैं।

सेवायोजन विभाग ने जून माह में रोजगार संगम पोर्टल लांच किया था। इस पोर्टल पर विभिन्न संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कराया जा रहा है। अब सेवायोजन विभाग इस पोर्टल का एप भी लांच करने जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पोर्टल पर युवाओं को सबसे बड़ी समस्या यह रहती है कि जानकारी लेने के लिए उसे बार-बार खोलना पड़ता है। इससे कई बार बेहतर नौकरियों की जानकारी हाथ से निकल जाती है।

एप डाउनलोड करके नोटिफिकेशन का ऑप्शन चुनने पर युवाओं को निजी संस्थानों में होने वाली नियुक्तियों का मैसेज तत्काल मिल जाएगा। इससे युवा को अपनी योग्यता के आधार पर नौकरी के लिए बार-बार पोर्टल नहीं देखना होगा।

सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि एप से युवाओं की मुश्किल काफी आसान हो जाएगी। एप 15 अगस्त तक लांच होने की संभावना है।

**271** संस्थान जुड़ेंगे संगम पोर्टल और एप से

**188** संस्थानों को पोर्टल पर अपडेट किया गया

**15** अगस्त तक लांच होगा युवाओं के लिए एप

- सेवायोजन विभाग अगले माह से शुरू करेगा रोजगार संगम एप



# एससीआर की ओर मुड़ सकता ट्रांसपोर्ट कारोबार




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर को राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) में लाने का सपना दिखाकर अंगूठा दिखाए जाने से शहरवासी नाराज हैं। लोगों को उम्मीद थी कि शहर के एससीआर का हिस्सा बनने पर यहां भी जाम से निजात दिलाने के लिए इनर रिंग रोड, फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड बनेंगी। एयरपोर्ट तक तेज रफ्तार सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी। सिटी ट्रांसपोर्ट की सुविधा अच्छी होगी लेकिन कानपुर को राज्य राजधानी क्षेत्र से बाहर कर दिए जाने के कारण ऐसे प्रोजेक्ट अब जल्दी परवान नहीं चढ़ेंगे, जबकि पड़ोसी जिला उन्नाव एससीआर में शामिल है।

कानपुर में आउटर रिंग रोड बन रही है पर शहर में जाम की समस्या का समाधान इससे नहीं होगा।

- **42** सौ लोडर शहर में रोज दौड़ते हैं
- **31** सौ ट्रकों से रोज माल शहर आता है
- **72** हजार ट्रांसपोर्टर सीधे कारोबार से जुड़े
- **50** फीसदी तक कारोबार सिमटने की आंशका

- जहां बहेगी विकास की गंगा, वहीं दौड़ेगा ट्रकों और लोडरों का पहिया
- राज्य राजधानी क्षेत्र का सपना दिखाकर सरकार ने दिखा दिया अंगूठा

शहरी यातायात फर्राटा भरे, इसके लिए बहुत जरूरी है कि इनर रिंग रोड बनाई जाए। पूर्व में इनर रिंग रोड के निर्माण का प्रस्ताव बना था। इसमें जाजमऊ से सर्किट हाउस होते हुए वीआईपी रोड से मकड़ीखेड़ा के रास्ते पनकी- भौंती तक इनर रिंग रोड प्रस्तावित की गई थी। इसी तरह सीएसजेएमयू विवि से मकड़ीखेड़ा, गंगा बैराज, मालरोड, घंटाघर होते हुए जरीब चौकी से विजय नगर, दादानगर होते हुए सीएसजेएमयू तक प्रस्तावित गंगा लिंक एक्सप्रेस वे जो एलिवेटेड बनना था वह भी जाम से निजात दिलाता लेकिन ये दोनों योजनाएं इसलिए डंप हो गईं थीं क्योंकि इनके लिए भारी भरकम बजट चाहिए था। राज्य राजधानी क्षेत्र में शामिल होने के बाद बजट मिलना आसान हो जाता। ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े कारोबारियों ने बताया कि एक समय जब शहर अपने विकास के चरम पर था तो यहां थोक मंडिया और कारोबार फलफूल रहा था। ऐसे में सामान की ढुलाई के लिए ट्रांसपोर्ट का कारोबार का भी तेजी से विकास हुआ। लेकिन अब शहर के बगल में ही विकास की गंगा बहेगी और शहर उसे देखेगा। ट्रांसपोर्ट व्यापार से जुड़े कारोबारियों ने यह भी आशंका जताई कि एससीआर में बेहतर रोड, रेल और हवाई कनेक्टिविटी बढ़ने से शहर का कारोबार भी उस ओर शिफ्ट हो सकता है। ऐसी स्थिति में माल ढुलाई के लिए शहर में लोकल ट्रांसपोर्ट का कारोबार भी भविष्य में आधा रह जाने की संभावना है।


जहां विकास होगा वहां ट्रांसपोर्ट का कारोबार होगा। सबसे ज्यादा लोकल ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित होगा। नोएडा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जिले के बगल में विकास होगा तो ट्रांसपोर्ट कारोबार यहां आधा हो जाने की संभावना है।
–श्याम शुक्ला, संरक्षक यूपी युवा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन


एससीआर क्षेत्र में विकास होने से यहां के ज्यादातर कारोबारी भी विकास कर रहे क्षेत्र में ही अपने गोदाम बनाएंगे। इसकी वजह विकासित क्षेत्रों में नए बाजार और व्यापारिक क्षेत्रों का बनना होगा। इस तरह छोटे ट्रांसपोर्टर शहर में खत्म हो जाएंगे।
–आदित्य तिवारी, महामंत्री, यूपी युवा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन


एससीआर का दर्जा शहर को न मिलने से बड़ा नुकसान हुआ है। इस विकास की योजना में शहर के न शामिल होने से शहर का ठहरा विकास और अधिक पीछे हो जाएगा। शहर को इस नुकसान से उबारने के लिए जल्द ही कोई विशेष योजना का पैकेज जरूर मिलना चाहिए।
–सौरभ सक्सेना, ट्रांसपोर्टर


ट्रांसपोर्ट कारोबार पहले ही संकट से जूझ रहा है। इस कारोबार में अब खर्चा अधिक और मुनाफा कम होता जा रहा है। ऐसे में एससीआर क्षेत्र के विकसित होने से बड़े कारोबार तो संकट से उबर जाएंगे लेकिन छोटे कारोबारियों को इसका नुकसान भुगतना होगा।
–लवी गांधी, ट्रांसपोर्टर


शहर के साथ पहली बार सौतेला व्यवहार नहीं हो रहा है। इससे पहले भी कई बार शहर से इस तरह की विकस की योजनाएं छीनी गई है। विकास होता है तो कारोबार बढ़ता है। कारोबार के साथ ट्रांसपोर्ट की जरूरत होती है। विकास नहीं तो माल ढुलाई का काम भी सीमित हो जाता है।
–संतोष शुक्ला, ट्रांसपोर्टर


शहर में यदि जो योजनाएं मिली हैं वह भी समय पर शुरू हो जाएं तो बेहतर है। काम इतनी धीमी गति से हो रहा है कि पता नहीं वह कब पूरा होगा। इससे ट्रांसपोर्टरों को घाटा हो रहा है। लोकल ट्रांसपोर्टर सड़कों की कमी व उसमें जगह न होने से परेशान है। एससीआर होता तो बेहतर हो जाता।
–सचिन मिश्रा, ट्रांसपोर्टर

# नशे में धुत ऑटो चालक ने बीच सड़क मचाया उत्पात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चालक को पकड़ने में दरोगा और सिपाही को पीटना पड़ा
- घटना के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र के छपेड़ा पुलिया में बुधवार शाम नशे में धुत ऑटो चालक ने बीच सड़क पर जमकर उत्पात मचाया। उसे काबू पाने के लिए दरोगा और सिपाही को उसे पीटना पड़ गया। राहगीरों ने भी उसे पीटने में अपने हाथ साफ कर लिए। उसे थाने ले जाने में पुलिस को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। करीब एक घंटे तक चले ड्रामे के बाद पुलिस उसे लादकर थाने ले गई। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

छपेड़ा पुलिया स्थित एक गेस्ट हाउस के पास अंग्रेजी शराब ठेके से कुछ दूरी पर एक ऑटो चालक नशे में धुत था। वह आते-जाते वाहनों को पत्थर लेकर दौड़ा रहा था। एक कार सवार के पीछे भी पत्थर लेकर भागा। इस पर चालक ने गाड़ी रोककर उसे सड़क पर गिराकर पीट दिया। इस दौरान वह अर्धनग्न हालत में हो गया। उसके शरीर पर केवल अंडरवियर थी। मौके पर एक दरोगा और सिपाही पहुंचे। वह उसे पकड़कर थाने ले जाने लगे तो वह उन्हीं से भिड़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस पर दरोगा और सिपाही ने जमकर पीटा। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस उसे खींचकर ले जाने लगी मगर असफल हो गई। दरोगा और सिपाही को उसे ले जाने में पसीने छूट गए। इस दौरान कई राहगीरों ने भी नशेबाज पर अपने हाथ साफ किए। लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस ड्रामे के बाद पुलिस उसे आटो में लादकर थाने ले गई।

## एक नजर

### किशोरी लापता, अपहरण का आरोप

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के पटेल नगर में किशोरी लापता हो गई। किशोरी के भाई ने एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पटेल नगर में किराए पर रहने वाले युवक के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बहन के पास उन्होंने मोबाइल देखा था। जिसको लेकर उन्होंने बहन को डांटा था। सोमवार सुबह बहन कमरे से गायब हो गई। पता चला कि उनके कमरे के बगल में किराए पर रहने वाली महिला को वह मोबाइल देकर गई है। मोबाइल देखने पर पता चला कि बहन की बात किसी सोनू नाम के युवक से होती है। उन्होंने सोनू पर बहन को गायब करने का संदेह जताते हुए चकेरी थाने में शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि अपहरण का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### दबोचा गया फरार वांछित

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने जमानत पर छूट कर बाहर आने के बाद फरार चल रहे वांछित राम आसरे उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर लिया है। पनकी पुलिस के अनुसार आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### मजदूर की मौत

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुरवा निवासी 45 वर्षीय अर्जुन मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार दो दिन पूर्व वह जीने से नीचे फिसलकर गिर गया था। जिससे उसके माथे पर चोटें आ गई थीं। परिजन हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# सीसामऊ में फूटे बगावत के सुर 'बाहरी' के खिलाफ हल्ला तेज

## उपचुनाव में सोशल मीडिया वार, क्षेत्रीय चेहरे को ही उतारने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मूल कार्यकर्ता या स्थानीय नेता को ही प्राथमिकता देने की मांग की जा रही
- किसी बाहरी को टिकट दिया तो होगा विरोध, आज आएंगे मंत्री सुरेश खन्ना

**अमृत विचार।** सीसामऊ विस. उप चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बगावती सुर छेड़ दिया है। कार्यकर्ता स्थानीय और मूल कार्यकर्ता को ही विधानसभा में टिकट देने की मांग पर अड़ गये हैं। इसको लेकर सीसामऊ क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक वाट्सएप ग्रुप सक्रिय हैं। सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म पर भी भाजपा कार्यकर्ता खुलकर इसकी मांग कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं के अनुसार पार्टी पहले स्थानीय चेहरे पर चर्चा करे, इसके बाद मूल कार्यकर्ता पर, जो पार्टी में नहीं रहा या नया-नया शामिल हुआ है ऐसे लोगों को पार्टी ने टिकट दिया तो खुलकर विरोध होगा।

भाजपा सीसामऊ सीट को किसी भी कीमत पर जीतना चाहती है। ऐसे में प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना लगातार कानपुर का दौरा कर रहे हैं। गुरुवार को एक बार फिर सुरेश खन्ना कानपुर आ रहे हैं। वह बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में आयोजित कार्यक्रम में 275 बूथ प्रवासी और 47 शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बैठक करेंगे और चुनाव की रणनीति बनाएंगे। 100 मुस्लिम बूथों में भी पकड़ बनाने के लिये सुझाव देंगे। इससे पहले सीसामऊ में स्थानीय और बाहरियों को लेकर कैंपेन शुरू हुआ है।


अनिल शुक्ला वारसी ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है। अमृत विचार

विधानसभा में सोशल मीडिया पर कई ऐसे ग्रुप व पेज बनाए गये हैं जहां इसका लगातार प्रचार-प्रसार हो रहा है। भाजपा के एक पदाधिकारी के अनुसार सीसामऊ से भाजपा के टिकट से लड़ने वालों की बाढ़ आ गई है। 50 से अधिक कंडीडेट लड़ना चाहते हैं। इसमें कई भाजपा के पुराने चेहरे हैं तो कई नये चेहरे भी हैं। कई ऐसे चेहरे भी भाजपा से टिकट मांग रहे हैं जो कभी भाजपा में रहे ही नहीं। जिसका पार्टी के कार्यकर्ता खुलकर विरोध कर रहे हैं। सुरेश खन्ना के सामने भी इस बात को भाजपा पदाधिकारी रख चुके हैं।

### वारसी के साथ नवीन भी टिकट की दौड़ में

अकबरपुर से पूर्व सांसद रहे अनिल शुक्ला वारसी के आने के बाद सीसामऊ में हलचल तेज हो गई है। पूर्व सांसद ने मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बैठकें व जनसंपर्क भी शुरू किया है। अनिल शुक्ला वारसी के साथ ही सीसामऊ से वरिष्ठ पार्षद नवीन पंडित भी टिकट मांग रहे हैं। वह, सीसामऊ क्षेत्र के पार्षदों से समर्थन देने की अपील कर रहे हैं। नवीन पंडित का कहना है कि लोकसभा चुनाव के दौरान हुये सर्वेक्षण में कानपुर की जनता ने उन्हें पसंद किया था वह अलग बात है नेतृत्व ने मौका नहीं दिया।

### नितिन भी करेंगे बैठकें

कानपुर। गुरुवार को आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल शहर आकर अनुसूचित और सिख बिरादरी के प्रमुख लोगों के साथ बैठक करेंगे। व्यापारी और सिंधी समाज के प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे। वैश्य और जिला संगठन के साथ भी देरशाम बैठकें प्रस्तावित हैं। भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय ने बताया कि हर वर्ग के प्रमुख लोगों से बैठक होगी। आमजनों के सहयोग से अबकी बार सीट पर जीत दर्ज करना लक्ष्य है।


कैंप में उपभोक्ता की शिकायत सुनकर अधिकारी को निस्तारण के निर्देश देते एमडी। अमृत विचार

# केस्को के कैंपों में आई 1167 शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिजली बिल बढ़ा आने से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**अमृत विचार।** उपभोक्ता घरों में आ रहे दोगुना बिल से परेशान हैं। वहीं, कई उपभोक्ता इस वजह से भी परेशान है कि मीटर रीडर मौके पर आकर रीडिंग नहीं निकाल रहे हैं। समस्या दूर करने के लिए केस्को जगह-जगह कैंप लगा रहा है, लेकिन कैंप की सही जगह नहीं पता होने की वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक 40 उपकेंद्रों व अन्य स्थानों पर लगे कैंपों में 1167 शिकायतें आईं, जिनमे से 1061 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। बची शिकायतों का भी जल्द निस्तारण होगा।

शहर में कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी के सात लाख से अधिक उपभोक्ता हैं, जिनमें से डेढ़ लाख उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर धारक हैं। केस्को का मार्च माह में बिलिंग सिस्टम अपडेट हुआ है। सिस्टम अपडेट होने के बाद से कुछ उपभोक्ताओं की बिल संबंधित समस्याएं बढ़ने लगी हैं। सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ता केस्को मुख्यालय में शिकायत कर चुके हैं। इसका संज्ञान लेते हुए केस्को अधिकारी आ रही बिल संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिए जगह-जगह कैंपों का आयोजन कर रहे हैं। लेकिन इन कैंपों की सटीक लोकेशन पता नहीं होने पर उपभोक्ताओं को भटकना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं को शिकायत के लिए पहले पास में बिजली के उपकेंद्र जाना पड़ता है, यहां पर कैंप लगा है तो ठीक नहीं तो उपभोक्ताओं को उपकेंद्र से संबंधित जगह पर लगे कैंप में जाने की सलाह दी जा रही है। वहीं, कैंप में शिकायत सुनकर उनका निस्तारण किया जा रहा है या नहीं, इसकी जानकारी करने केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन खुद उपकेंद्रों पर गए और कैंप का जायजा लिया। मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से उनकी समस्या सुनकर निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

# बंदी तनावमुक्त रहने के लिए करें परिश्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कारागार में हुआ शिविर का आयोजन

**अमृत विचार।** जेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर द्वारा अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति के माध्यम से शिविर लगाया गया। जिसमें क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने बंदियों की काउंसलिंग की। बंदियों को तनावमुक्त बनाए रखने के लिए परिश्रम करने पर बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर शुभी गुप्ता ने की। मनोवैज्ञानिक डॉ आराधना गुप्ता ने बताया कि बंदियों को अवसाद से बचने के कुछ सुझाव दिए गए, जिनमें सबसे प्रमुख अपने को किसी न किसी सकारात्मक क्रियाकलाप में नियोजित रखना जैसे खेलकूद, योगाभ्यास, ड्राइंग, पेन्टिग इत्यादि, ताकि उनका मस्तिष्क सही दिशा में सोच-विचार कर सके और बंदियों को तनावमुक्त बनाए रखने के लिए परिश्रम करने पर बल दिया। बताया कि अकेलेपन और अवसाद से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलते-जुलते रहें। जेल अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय ने मनोवैज्ञानिक डॉ आराधना गुप्ता व उनकी टीम से आभार व्यक्त किया। समिति के चेयरमैन आशुतोष बाजपेई, योगेश बाजपेई, अंकुश व राजेश डॉ समीर नारायण, जेलर मनीष कुमार, डिप्टी जेलर अरुण कुमार सिंह, कमल चन्द्र, प्रेम नारायण रहे।

# स्टेशन पर गोल्फ कार्ट की संख्या और सुरक्षा बढ़ाई जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्टेशन अधीक्षक ने कहा, जल्द चालू होगा फैसिलिटेशन सेंटर

**अमृत विचार।** स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ गोल्फ कार्ट की संख्या बढ़ाई जाए। एयरपोर्ट की तरह स्टेशन पर यात्रियों को ट्राली की सुविधा मिले। स्टेशन के पहुंच मार्ग जर्जर हालत में हैं, जिसे ठीक कराना आवश्यक है। यह चर्चा बुधवार को स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक में हुई। समिति के सदस्यों ने यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इन्हें पूरा कराने को कहा।


स्टेशन सलाहकारा समिति की बैठक हुई। अमृत विचार

उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह की अध्यक्षता, सहायक वाणिज्य प्रबंधन स्टेशन संतोष त्रिपाठी की मौजूदगी में सेंट्रल स्टेशन सभागार में स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक हुई। सलाहकार समिति के सदस्य व फीटा उद्योग संघ के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि स्टेशन से लगे कई रास्तों पर सुरक्षाकर्मी तैनात न होने से यात्रियों के साथ घटना हो सकती है। इसलिए सुरक्षा चाक-चौबंद की जाए। गोल्फ कार्ट की संख्या कम से कम 10 की जाए और मोबाइल नंबर प्लेटफार्म व आने-जाने वाले मार्ग पर लिखवाए जाएं। एयरपोर्ट की तरह यात्रियों के लिए ट्राली की व्यवस्था हो। अराजकतत्व कई बार जानकर स्वचालित सीढ़ियां व लिफ्ट बंद कर देते हैं। इसे रोकना जरूरी है। बैठक में सलाहकार समिति के सदस्यों ने स्टेशन के विकास कार्यों को गति देने को कहा। स्टेशन अधीक्षक अनिल तिवारी ने उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द एक फैसिलिटेशन सेंटर शुरू होगा। जिससे सभी सुविधाएं एक ही काउंटर पर यात्रियों को उपलब्ध होंगी। मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव महेंद्र मोदी ने कहा कि प्लेटफार्म 3 व 4 पर उनके सहयोग से चिलर प्लांट लगा है। जल्द ही अन्य प्लेटफार्म पर भी लगाया जाएगा। मांग की कि स्टेशन पर बैठने की जो बेंच हैं, उन्हें अलग-अलग महिलाओं, वरिष्ठजनों, विकलांगों के लिए आरक्षित की जाए। इस मौके पर शिक्षाविद अंगद सिंह भी मौजूद रहे।

**आयोजन** 165वें आयकर दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी, आयकर से देश के विकास में योगदान को दर्शाया

# तकनीक के इस्तेमाल से आयकरदाताओं को सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयकर विभाग, कानपुर की ओर से बुधवार को 165वां आयकर दिवस आयोजित हुआ। एचबीटीयू के शताब्दी सभागार में हुए समारोह में लघु फिल्म के जरिए आयकर का देश के विकास में सहयोग को भी दर्शाया गया। इस दौरान कहा गया कि तकनीक के इस्तेमाल से आयकरदाताओं को सबसे अधिक सहूलियत हुई है।


आयकर दिवस पर कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार


सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। अमृत विचार

कार्यक्रम में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन रवि अग्रवाल के संदेश को सभागार में प्रसारित किया गया। आयकर निदेशालय की ओर से आयकर विभाग के इतिहास व राष्ट्र निर्माण में आयकर की भूमिका को प्रदर्शित करती एक लघु फिल्म भी प्रस्तुत की गई। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। उप्र (पश्चिम) व उत्तराखण्ड क्षेत्र के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त हेमन्त जवाहर लाल की ओर से विभिन्न श्रेणियों में सर्वाधिक कर भुगतान करने वाले करदाताओं को सम्मानित किया गया। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ठेगन्त जवाहर लाल ने करदाताओं के योगदान की सरहाना की। जयपुर घराने के कलाकारों ने कलाओं की भी प्रस्तुति दी।

# पति के अवैध संबंधों का विरोध करने पर पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर पति व प्रेमिका ने महिला व बेटे को पीटा। पीड़िता ने पति व उसकी प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी निवासी महिला के अनुसार कुछ माह पहले उन्हें पता चला कि उनके पति का एक महिला से अवैध संबंध हैं। उन्हें जानकारी हुई कि पति अपनी प्रेमिका से कांशीराम अस्पताल में मिलने जा रहे हैं। इस पर पीड़िता भी बेटे को लेकर अस्पताल पहुंच गई। जहां पर उन्होंने आरोपी पति को अपनी प्रेमिका के साथ पकड़ लिया। वहां पति समेत प्रेमिका और उसके भाई ने पीड़िता समेत उनके बेटे को मारापीटा।

# बेटियों का जन्म होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

- रावतपुर थानाक्षेत्र का मामला, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में बेटियों का जन्म होने से नाराज युवक ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। आरोप है, कि पहले उसने पत्नी को गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। लेकिन वह किसी तरह उसके चंगुल से छूटी और घर के बाहर भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रावतपुर के सैय्यद नगर निवासी असलम अली के अनुसार उन्होंने अपनी बहन सीमा बानो का निकाह बिहार के सिवान छाता निवासी सिराज से किया था। शादी के कुछ दिन बाद उन्होंने बहन को मसवानपुर के सहकार नगर में एक घर खरीद कर दिया। वहां बहन पति सिराज के साथ रहने लगी। सीमा ने दो बेटियों को जन्म दिया। बेटियां होने से नाराज सिराज आए दिन सीमा के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। मामले की जानकारी होने पर असलम बहन को अपने घर ले आए। आरोप है कि 21 जुलाई को बहन अपने व बच्चों के कपड़े लेने जब घर गई तो सिराज ने गाली-गलौज कर सीमा का गला दबाकर मारने का प्रयास किया। फिर सीमा को सिराज ने तलाक दे दिया। रावतपुर थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### हड़ताल पर रहे जीएसवीएम के इंटर्न डॉक्टर

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के इंटर्न डॉक्टरों की बुधवार को तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। इंटर्नों ने बुधवार को कॉलेज के गेट पर नारेबाजी की। हड़ताल व प्रदर्शन की वजह से मेडिकल कॉलेज पुल पर जाम लग गया। इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती हैं, तब हड़ताल जारी रहेगी। डॉ राशी बाजपेई ने बताया कि पांच साल में एमबीबीएस करने के बाद भी वेतन 12 हजार रुपये है। जबकि अन्य प्रदेशों में इंटर्न डॉक्टरों का वेतन 25 से 30 हजार रुपये है। सरकार इंटर्नों की मांगों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है। डॉ.आकांक्षा ने बताया कि वेतन नहीं बढ़ने तक हड़ताल व प्रदर्शन जारी रहेगी। इंटर्न डॉक्टरों का वेतन एक मजदूर से भी कम है। इसके बाद भी सरकार कुछ नहीं सोच रही है। डॉ. सौरभ नायक के मुताबिक आज के समय में 12 हजार रुपये में जीवन यापन करना काफी मुश्किल है। सभी इंटर्नों की मांग है कि जब तक मासिक वेतन 30 हजार रुपये नहीं होता है, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान डॉ. अभय राज सिंह, डॉ.दिव्यांशी मिश्रा, डॉ.रुचि सिंह, डॉ.गजेंद्र प्रताप सिंह, डॉ.सौरभ नायक, डॉ.अमिताभ पाण्डेय, डॉ.मनीष कुमार गुप्ता, डॉ.अनुभव राय, डॉ.आयुष पांडेय, डॉ.अंश दिवाकर व डॉ.मोहम्मद रेयान आदि इंटर्न मौजूद रहे।

# 50 मिनट में कानपुर से लखनऊ पहुंचाएगी हाई स्पीड वंदे भारत मेट्रो

## अभी इस रूट पर सबसे तेज चलने वाली ट्रेनें स्वर्ण शताब्दी और तेजस लेती हैं सवा घंटा

एक्सक्लूसिव

**मनोज त्रिपाठी, कानपुर**


वंदे भारत मेट्रो चलने के आसार हैं। अमृत विचार

- मेट्रो की तरह होगी बैठने की व्यवस्था और ऑटोमेटिक दरवाजे, बिना लोकोमोटिव इंजन के मिनटों में भरेगी तेज रफ्तार

**अमृत विचार।** केंद्रीय बजट के बाद कानपुर और लखनऊ के बीच सेमी हाई स्पीड वंदे भारत मेट्रो का संचालन जल्द शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। यह ट्रेन कानपुर से लखनऊ के बीच 75 किलोमीटर की दूरी अधिकतम 50 मिनट में तय करेगी। अभी इस मार्ग पर सबसे तेज चलने वाली ट्रेनों में स्वर्ण शताब्दी और तेजस एक्सप्रेस हैं, जो लगभग सवा से डेढ़ घंटे समय लेती हैं। गोमती एक्सप्रेस और इंटरसिटी लगभग 1.45 घंटे तथा अन्य ट्रेनें 2 घंटे से अधिक समय में दोनों शहरों के बीच सफर पूरा करती हैं।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार कानपुर-लखनऊ वंदे भारत मेट्रो के संचालन के लिए रूट पूरी तरह तैयार है। इस रूट पर पड़ने वाले स्टेशनों में इंटरलाकिंग के साथ ट्रैक उच्चीकरण का काम पहले ही किया जा चुका है।

हालांकि कानपुर से लखनऊ के बीच वंदे भारत मेट्रो सेवा शुरू करने से पहले नई दिल्ली से आगरा के बीच वंदे भारत मेट्रो को पटरी पर उतारा जाएगा। वंदे भारत मेट्रो में यात्रियों के बैठने की व्यवस्था मेट्रो जैसी ही है, इसके साथ ही सुविधाजनक तरीके से खड़े होकर सफर करने का भी मेट्रो की ही तरह इंतजाम है।

इसके दरवाजे ऑटोमेटिक हैं और इंटीरियर मेट्रो की तर्ज पर ही किया गया है। यह ट्रेन भी ऑटोमेटेड है, जो बिना लोकोमोटिव के इंजन के दौड़ेगी। वंदे भारत मेट्रो की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रतिघंटा है, लेकिन माना जा रहा है कि कानपुर-लखनऊ रूट पर इसका संचालन 120 से 130 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार पर होगा। रेलवे की वंदे मेट्रो ट्रेनों को कम दूरी वाले शहरों के बीच चलाने की योजना है, ताकि यात्रियों को सुगम, सुविधाजनक और तेज रफ्तार वाला यातायात सुलभ हो सके। कानपुर सेंट्रल स्टेशन के सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने बताया कि अभी कानपुर-लखनऊ वंदे मेट्रो ट्रेन सेवा शुरू किए जाने के संबंध में उनके पास कोई सूचना नहीं है। स्थानीय स्तर से इस बारे में प्रस्ताव नहीं भेजा गया है।

# बजट के बाद सोने के भाव पर भ्रम किया दूर

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**



- ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अनुसार सोना 71 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम

**अमृत विचार।** बजट में सोने पर सीमा शुल्क में हुई कटौती के बाद कीमतों को लेकर सोना-चांदी कारोबारियों व ग्राहकों के बीच बुधवार को भ्रम की स्थिति नजर आई। सराफा संगठनों की बैठकों में रेट निकालने के फार्मूले पर चर्चा हुई, बाद में ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन ने देश भर के सोना-चांदी कारोबारियों के लिए गाइडलाइन जारी कर इस मामले में स्थिति साफ कर दी।

ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा और राष्ट्रीय महासचिव नितिन केडिया ने बताया कि तमाम ग्राहक व कारोबारी सोने के बजट पूर्व के 75 हजार के भाव में 9 फीसदी कम करके गणना कर रहे हैं, जो त्रुटि पूर्ण है। बजट पूर्व सोने का बेसिक भाव 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जिस पर एमसीएक्स ने 1000 ड्यूटी कट कर 64,000 बेसिक भाव मान रखा था। इस पर 15 फीसदी कस्टम और 3 फीसदी जीएसटी जोड़ने से 75,500 भाव बन रहा था। अब बजट के बाद बेसिक भाव 65,000 पर 6 फीसदी कस्टम और 3 फीसदी जीएसटी से बुधवार को 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम सोने का भाव बन रहा है।

## बजट में यूपी की उपेक्षा: सपा

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में बुधवार को पीडीए कोर कमेटी की मंथन बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में यूपी की उपेक्षा की है। बजट में उच्च शिक्षा में यूजीसी का बजट घटाया गया है। जीवन रक्षक दवा जैसे हृदय रोग, डायबिटिज, थायराइड, कैंसर की दवाओं के मूल्यों में राहत नहीं दी गई है। बेरोजगारी हल करने के लिए रेलवे को छोड़ दिया गया है जबकि रेलवे में लाखों स्थान रिक्त है। इस संबंध में सपा कोर कमेटी ने मंथन रिपोर्ट सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव को भेजी है। मांग की है कि यूपी के बजट में जीवन रक्षक दवाएं निशुल्क हों, उच्च शिक्षा में बजट की कटौती और रेलवे में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए युवाओं को महत्व दिया जाए। महंगाई पर नियंत्रण कर जीएसटी के भार में कमी लाई जाए। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, सत्यनारायण गहरवार, हाजी अयूब आलम, संजय निषाद, इशरत इराकी, साकिब अब्बासी आदि मौजूद रहे।


डीपीएस कल्याणपुर की टीम को पुरस्कार दिया गया। अमृत विचार

# डीपीएस कल्याणपुर ने जीता आईआईटी क्विज

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- प्रो. एनके बत्रा मेटल्स एंड मटेरियल्स क्विज़ का हुआ आयोजन
- प्रतियोगिता में शहर के 14 स्कूलों के 27 टीमों ने लिया था हिस्सा

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स के सहयोग से प्रो एनके बत्रा मेटल्स एंड मैटेरियल्स क्विज का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में शहर के 14 स्कूलों की 27 टीमों ने हिस्सा लिया। डीपीएस कल्याणपुर को विजेता घोषित किया गया।

प्रतियोगता की शुरुआत आईआईएम कानपुर चैप्टर के अध्यक्ष प्रो. अनीश उपाध्याय ने की। एमएसई विभाग के कार्यवाहक प्रमुख प्रो. कल्लोल मोंडल ने भी प्रतिभागियों को विज्ञान का महत्व बताया। आईआईटी कानपुर के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर संजय मित्तल की ओर से स्विंग बॉलिंग के विज्ञान पर दिए गए व्याख्यान को सभी ने सराहा। एमएसई छात्रों की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में सामग्रियों में दोष खोजने के लिए नॉन डिस्ट्रक्टिव तकनीक, सिमुलेशन-आधारित प्रयोग, घोल से क्रोमियम को हटाने और क्रिस्टल संरचना मॉडल जैसे अभिनव मॉडल प्रदर्शित किए गए। क्विज प्रतियोगिता में पहला स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर, कानपुर के अश्विन गुप्ता और सत्विक श्रीवास्तव ने प्राप्त किया।

रनर्सअप का स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल, आजाद नगर, कानपुर के उत्कर्ष झा और मणिकर्णिका तिवारी ने प्राप्त किया। प्रोफेसर अनीश उपाध्याय और प्रोफेसर कल्लोल मोंडल ने विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

## केपीएम अस्पताल की एक्सरे मशीन हुई खराब

**कानपुर।** बिरहाना रोड स्थित कमलापत मेमोरियल चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन ढ़ाई से तीन सौ मरीज पहुंचते हैं। इसके अलावा इमरजेंसी में 15 से 20 मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिसमें हादसे में घायल मरीज भी शामिल होते है। पुलिस भी कई अभियुक्तों को मेडिकल परीक्षण के लिए लाती हैं, लेकिन वर्तमान में यहां पर करीब 10 दिनों से एक्सरे की मशीन खराब है, जिसकी वजह से एक्सरे के लिए आ रहे 30 से 35 मरीजों को रोजाना लौटना पड़ रहा है। केपीएम अस्पताल में एक्सरे नहीं होने की वजह से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक्सरे कराने के लिए उनको उर्सला या निजी अस्पताल डॉक्टरों द्वारा भेजा जा रहा है। अस्पताल के सीएमएस डॉ.आरसी यादव ने बताया कि एक्सरे मशीन के खराब होने के संबंध में उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करा दिया है। शासन के निर्देश पर इंजीनियर आने पर मशीन के खराब होने की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# वाणिज्य मंत्री को निर्यात बढ़ने से समस्या बताई

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**



- 'वेट ब्लू' लेदर पर निर्यात शुल्क घटाए जाने से स्थानीय इकाइयों के लिए पैदा होगा माल का संकट

**अमृत विचार।** केंद्रीय बजट के अगले ही दिन शहर के चमड़ा कारोबारियों ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मिलकर 'वेट ब्लू' लेदर पर निर्यात शुल्क घटाए जाने से स्थानीय इकाइयों के लिए माल का संकट पैदा होने की चिंता जताई। मंत्री ने इस संबंध में उद्योग हित में विचार का आश्वासन दिया। इस दौरान देश भर से आए जूता उद्यमियों ने गुणवत्ता मानक पर जूतों के नंबर बदलने वाले क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर की सीमा बढ़ाए जाने की मांग की, जिसे खारिज कर दिया गया। क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर अक्टूबर माह से लागू होना है।

वाणिज्य मंत्री के साथ बैठक में सीएलई के राष्ट्रीय चेयरमैन आरके जालान और रीजनल चेयरमैन असद ईराकी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बजट में किए गए प्रावधान से कच्चे चमड़े का निर्यात इससे बढ़ेगा। लेकिन स्थानीय स्तर पर मांग और आपूर्ति बाधित होने का असर निर्माण इकाइयों के उत्पादन पर पड़ेगा। रीजनल चेयरमैन ने बताया कि इस विषय पर वाणिज्य मंत्री ने उद्योग हित पर विचार करने की बात कही है। इस बैठक में देश भर से आए जूता कारोबारी भी शमिल हुए। उन्होंने वाणिज्य मंत्री से जूता उद्योग में जूते के नंबर बदलने वाली योजना क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर को लागू करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की। उद्यमियों ने बताया कि कंपनियों के पास अभी बड़ी संख्या में स्टॉक मौजूद है, जिसे खत्म करने के लिए समय की जरूरत है। लेकिन वाणिज्य मंत्री ने क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर की समय सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया।

## सार-संक्षेप

### सीएसए के निदेशक पुरस्कार के लिए चयनित


डॉ. आरके यादव।

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना वर्ष 2023- 24 के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार उनके कृषि क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिया जाएगा। लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए उनका चयन किया गया है। इस पुरस्कार की घोषणा परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह की ओर से की गई है। डॉ यादव को इससे पहले आईसीएआर नई दिल्ली की ओर से डॉ राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय सम्मान 2012 से भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ यादव को कई फसलों की नवीन प्रजातियों के शोध का श्रेय जाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने इस सम्मान के लिए हर्ष व्यक्त किया है।


पौधरोपण करतीं ग्रीन फिंगर संस्था की महिलाएं। अमृत विचार

### पौधे लगाएं और उनका संरक्षण भी करें

**कानपुर।** शुद्ध वातावरण के लिए पौधरोपण जरूरी है। हरियाली के साथ पर्याप्त आक्सीजन मिलती रहती है। सिविल लाइंस स्थित विकल्प आहारा में बुधवार पौधरोपण करने के बाद ग्रीन फिंगर संस्था की महिलाओं ने यह बात कही। सपना चतुर्वेदी, प्रीति सिंह, गीता रंधावा ने कहा कि पौधे लगाने से पर्यावरण का असंतुलन ठीक हो जाएगा। हर तरफ हरियाली होगी। हमें भरपूर आक्सीजन मिलेगी। पुष्पलता सिंह, अंजुल जैन, बेला लोइवाल, कनुप्रिया सिंह ने कहा कि ग्रीन फिंगर ने अब तक अलग-अलग स्थानों पर 1050 पौधे रोपित किया है। अभियान जारी रहेगा। उन्हें पौध फारेस्ट और कृषि विभाग ने उपलब्ध कराया है।



एक्सपर्ट्स ने बजट पर जानकारी दी। अमृत विचार

### बजट की परखी गईं बारीकियां

**कानपुर।** आम बजट पर चर्चा करने के लिए इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से बुधवार को अध्ययन गोष्ठी आयोजित की। अध्यक्ष नरपत जैन ने कहा कि बजट में एंजल टैक्स प्रावधानों को हटाने का प्रस्ताव किया गया है। आयकर अपील में लंबित मामलों की संख्या को कम करने के लिए कर न्यायाधिकरण, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में कर विवाद अपील दायर करने की मौद्रिक सीमाएं बढ़कर 60 लाख रुपये, 1 करोड़ और 2 करोड़ कर दी गई है। आयकर विवादों के निपटारे को सुगम बनाने और मुकदमे बाजी को समाप्त करने के लिए विवाद से विश्वास योजना को फिर शुरू किया गया है। गोष्ठी में शैलेश शर्मा, अजय कुमार अग्रवाल, प्रदीप रायजादा, संतोष गुप्ता, राजेश मेहरा, गोविंद कृष्णा, शरद शेखर श्रीवास्तव, शिव गोपाल गुप्ता, प्रेम गुप्ता, एसबी दीक्षित, हरी राम अग्रवाल, प्रशांत रस्तोगी, अनूप मिश्रा, मलय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# समस्याएं दूर करने के लिए बनाएं व्हाट्सएप ग्रुप

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- पुलिस कमिश्नर ने फीटा की बैठक में दिए निर्देश, सभी जोन के डीसीपी ग्रुप में हों शामिल
- उद्यमियों का आरोप, होमगार्ड ट्रैफिक संचालन के बजाय वसूली में मगन

**अमृत विचार।** सभी जोन के डीसीपी उद्यमियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निस्तारण करें। बुधवार को यह आदेश पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने औद्योगिक संगठन फीटा की आयोजित बैठक में दिए। होटलों व गेस्ट हाउस के बाहर नशेबाजी करने व हर्ष फायरिंग जैसे मामले में संचालकों पर रिपोर्ट दर्ज न करने को कहा। अगर नियमों के अनुसार प्रतिष्ठान किराए पर दिया गया है तो संचालकों पर रिपोर्ट दर्ज न करें, जो अपराध करे, उस पर कार्रवाई हो।

बुधवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के साथ फीटा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नर्सिंग व हॉस्पिटल एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ एमके सरावगी, डॉ भानु प्रताप ने बताया कि आए दिन हॉस्पिटल व नर्सिंग होमों में डॉक्टरों, स्टाफ के मारपीट व अस्पताल में तोड़फोड़ की समस्याएं सामने आती हैं। जिनमें अधिकांश घटनाएं बिल कम कराने या अस्पताल प्रबंधन से वसूली की होती हैं। हंगामे को शांत कराने के लिए पुलिस अस्पताल संचालक पर ही रिपोर्ट दर्ज कर देती है। जिस पर पुलिस कमिश्नर ने अस्पताल के प्रत्येक स्थान पर कैमरे लगाने के निर्देश दिए। फीटा संयोजक शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक इकाईयों पर मुकदमा दर्ज होने से पहले डीसीपी स्तर के अधिकारी द्वारा जांच की जाए, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने सहमति जताई। कोषाध्यक्ष अभिनव तिवारी व प्रदेश महासचिव उमंग अग्रवाल ने बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था में लगे होमगार्डों की शिकायत करते हुए कहा कि अधिकांश होमगार्ड चौराहों पर ट्रैफिक संचालन के बजाय वसूली और चालान करने में जुटे रहते हैं। इस पर पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह को सभी चौराहों से होमगार्ड हटाने के निर्देश दिए। ट्रैफिक संचालन के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने व्यापरियों ने अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर भी जोर दिया। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त हरीशचंदर, विपिन मिश्रा, उपायुक्त उद्योग सुधीर श्रीवास्तव, अपर उपायुक्त मुख्यालय अनीता मौजूद रहीं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


आनंदेश्वर मंदिर में लगाया गया भोग। अमृत विचार

### आनंदेश्वर मंदिर में 11 हजार लड्डू का भोग लगाया

**कानपुर।** सावन माह में बुधवार को महाबलीपुरम निवासी शिव भक्त ने आनंदेश्वर मंदिर में 11 हजार लड्डू का भोग लगाया। आवास विकास महाबलीपुरम निवासी शिव कुमार शुक्ला गोपाल ने भोले का जलाभिषेक कर श्रृंगार किया। इसके बाद 11 हजार लड्डू का भोग लगाया। महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया। पुजारी अरुण भारती, महंत वशिष्ठ गिरी, हरि गिरी, मधु शुक्ला, विश्व कुमार शुक्ला, इंद्र कुमार शुक्ला, एसपी द्विवेदी, पीएन दीक्षित, अविरल दीक्षित, अक्षत बाजपई, आर्यन मिश्रा आदि रहे।

### पांच स्थानों पर बाढ़ आपदा एक्सरसाइज आज

**कानपुर।** बाढ़ प्रभावित जिलों में शहर को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है और अफसरों को मॉक एक्सरसाइज के आदेश दिए गए हैं। इसी के तहत गुरुवार को पांच स्थानों पर एक साथ मॉक एक्सरसाइज होगी। बाढ़ की स्थिति में बचाव व राहत कार्य का अभ्यास किया जाएगा। यह मॉक एक्सरसाइज सरसैयाघाट, नर्वल, घाटमपुर, पनकी और मर्चेंट चैंबर के सामने मकरार्बट अस्पताल में होगा। बाढ़ आपदा प्रबंधन के जुगबीर लांबा ने बताया कि बाढ़ आपदा के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की देखरेख में अभ्यास होगा। सरसैयाघाट पर नाव के पलटने से डूबते लोगों को बचाने का अभ्यास होगा। महाराजपुर के चंदनपुर गांव में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर गांव खाली कराकर लोगों को राहत शिविर में ठहराने का अभ्यास किया जाएगा।

### जर्जर दीवार ढहने से दबी कारें, एक घायल

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में बुधवार देर शाम नगर निगम के आरबीआरडी कॉलेज की जर्जर दीवार ढह गई। जिससे वहां खड़ी दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं वहीं एक पुरुष घायल हो गया। बुधवार शाम अचानक जर्जर दीवार का एक हिस्सा भरभराकर ढह गया। जिससे दीवार किनारे खड़ी पड़ोस के आकाश श्रीवास्तव और अधिवक्ता दिलीप वर्मा की कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। आकाश के बड़े भाई शीलचंद्र श्रीवास्तव मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। परिजन शीलचंद्र को पास के निजी अस्पताल ले गए।

## खेल जगत

### सांसद और प्रमुख सचिव खेल के हस्तक्षेप पर निपटा यूपीसीए तथा खेल विभाग के बीच विवाद

# खींचतान में फंसी टेस्ट मैच की तैयारी ने पकड़ी रफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**


ग्रीनपार्क में 27 सितंबर से टेस्ट मैच होगा। अमृत विचार

**यूपीसीए ने 1 करोड़ जमा किए, चुकाना होगा पूरा बकाया**

- यूपी टी-20 लीग के बकाया 10 करोड़ रुपये में यूपीसीए ने एक करोड़ जमा कर दिया है। शेष धनराशि पर फैसला टेस्ट मैच के बाद लिया जाएगा। प्रमुख सचिव खेल ने कहा कि कोरोना काल का बकाया 25 लाख भी यूपीसीए को देना होगा।

**अमृत विचार।** यूपीसीए और खेल विभाग के बीच खींचतान में फंसी ग्रीनपार्क में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टेस्ट मैच की तैयारी अब रफ्तार पकड़ेगी। सांसद रमेश अवस्थी के प्रयास और प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार की सख्ती के बाद प्रकरण का पटाक्षेप हो गया है। बुधवार से स्टेडियम और मैदान में मरम्मत और रखरखाव का काम गति पकड़ता नजर आया।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बंगलादेश के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच 27 सितंबर से होना है। मंगलवार को प्रमुख सचिव खेल ने लखनऊ में हुई यूपीसीए और खेल विभाग की बैठक में मैच की तैयारियां जल्द शुरू कराने का आदेश दिया था। कमिश्नर अमित गुप्ता, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने इस बैठक में ऑनलाइन भागीदारी की थी। प्रमुख सचिव खेल ने साफ कहा कि अब ग्रीनपार्क की हालत जल्द सुधरनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेडियम में टूटी-फूटी दीर्घाएं जल्द सही कराई जाएं। मरम्मत का काम समय रहते पूरा किया जाए। न्यू प्लेयर्स पवेलियन में फटे सोफे, टूटे टाइल्स व शीशे बदले जाएं।

**प्लास्टर, पुताई, सफाई व दर्शक क्षमता बढ़ाने का काम हुआ शुरू :** प्रमुख सचिव खेल के निर्देश का असर बुधवार को ग्रीनपार्क में नजर आया। यूपीसीए भवन के उखड़े प्लास्टर को ठीक करने का काम शुरू हो गया। जिम्मेदारों ने बताया कि भवन की रंगाई-पुताई भी होगी। मीडिया सेंटर में लीकेज, टूटी कुर्सी व शीशा बदलने का काम जल्द पूरा होगा। सीमेंट की जो सीटें टूटी हैं उन्हें दुरुस्त किया जाना शुरू हो गया है। पवेलियन की टूटी कुर्सियां चिह्नित की जा रही हैं। मैदान में लगे ड्रेनेज सिस्टम को भी सही करने का काम तेज कर दिया गया।

## इरफान के गुर्गों ने दी धमकी, रिपोर्ट

**कानपुर।** आगजनी मामले में नजीर फातिमा की पैरवी करने वाले समाजसेवी को सपा पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के गुर्गों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अनवरगंज फूलवाली गली निवासी समाजसेवी अकील अहमद खान ने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई को कचहरी में इरफान सोलंकी के गुर्गे मोहम्मद अकरम और मोहम्मद आजम और अन्य कुछ लोगों ने उन्हें निपटाने की धमकी दी। इससे पूर्व भी दो बार इन्हीं लोगों ने हमला किया था। जिसकी रिपोर्ट उन्होंने दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने मोहम्मद अकरम और मोहम्मद आजम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# डाल टूटने से किशोर घायल, जीटी रोड बाधित

## चौबेपुर कस्बे में बुधवार शाम हुआ हादसा, डाल की चपेट में आने से कार और दुकान क्षतिग्रस्त, इलाके में अफरातफरी मची

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में बुधवार शाम जीटी रोड किनारे खड़े पीपल के पेड़ की भारी भरकम डाल टूटकर बीच सड़क पर गिरने से एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पेड़ की चपेट में आने से एक दुकान और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा और पेड़ की डाल हटवाकर आवागमन सामान्य कराया।

कस्बे में बुधवार शाम करीब 5:30 बजे रेलवे स्टेशन रोड के निकट रामबाबू मिष्ठान भंडार के सामने जीटी रोड के किनारे खड़े एक पीपल के पेड़ की भारी भरकम डाल अचानक टूटकर बीच सड़क पर आ गिरी। इस दौरान वहां से गुजर रहा साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। किशोर क्षेत्र के बजरहा पुरवा गांव के रहने वाले सोनू का पुत्र सौरभ है।


डाल की चपेट में आने से घायल सौरभ।


पेड़ टूटकर गिरने से जीटी रोड का यातायात ठप रहा। अमृत विचार


दुकान के ऊपर टूटकर गिरी पेड़ की डाल। अमृत विचार

- पुलिस ने डाल को हटाकर आवागमन शुरू कराया
- घायल किशोर को सीएचसी में भर्ती कराया गया

भारी भरकर डाल की चपेट में आने से घड़ी की दुकान और वहां खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पेड़ के बीचो-बीच गंभीर रूप से घायल होकर पड़े किशोर को देखकर वहां मौजूद लोग और आसपास के दुकानदार दौड़े और किशोर को किसी तरह बाहर निकालकर पास के एक डॉक्टर के यहां पहुंचाया।

इस दौरान सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल किशोर को उपचार के लिए सीएचसी भेजा और जीटी रोड पर पड़े पीपल के पेड़ को हटवाया। इस दौरान करीब आधा घंटे तक जीटी रोड का आवागमन पूरी तरह से ठप रहा। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि पेड़ की डाल टूटकर गिरने से किशोर घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। हादसे में किशोर के जख्मी होने की सूचना मिलने के बाद उसके परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए।

# अधेड़ व्यक्ति ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या

संवाददाता, घाटमपुर

**जिंदगी से मोहभंग**
- सजेती थाना क्षेत्र के बदले शिमनापुर गांव का मामला
- पुलिस बोली, डिप्रेशन की वजह से खुदकुशी की बात पता चली

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के एक गांव में अधेड़ व्यक्ति ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ नशे का आदी था और काफी दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सजेती थाना क्षेत्र के बदले शिमनापुर गांव निवासी रामदास पुत्र गंगाचरण (52) नशे की हालत में कुएं में कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने उसे कुएं से बाहर निकाला। परिजनों ने बताया कि रामदास काफी दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था। उसके एक लड़का और चार पुत्रियां हैं, जिनमें से तीन पुत्रियों ने अपनी मर्जी से शादी कर ली है।

गांव वालों के मुताबिक उसका बेटा गुजरात में नौकरी करता है। घर में 12 वर्षीया पुत्री और पत्नी रहती हैं। बताते हैं कि पुत्रियों के अपनी मर्जी से शादी कर लेने के बाद वह डिप्रेशन में रहता था और सुबह से शाम तक शराब पीता था। मंगलवार की देर शाम नशे की हालत में वह कुएं में कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से उसे बाहर निकाला। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि डिप्रेशन की वजह से आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है।

# शिवराजपुर मंडी समिति से फिर धनिया व अनाज चोरी

संवाददाता, शिवराजपुर

**वारदात**
- दो आढ़तों से लाखों की धनिया और उड़द ले गए चोर
- पहले की चोरियों का खुलासा नहीं, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार:** मंगलवार देर रात मंडी समिति से फिर अनाज की चोरी हो गई। शातिर चोर दो आढ़तों से लाखों रुपये कीमत की धनिया और उड़द समेट ले गए। आढ़ती सुबह जब मंडी समिति पहुंचे तब उन्हें चोरी की जानकारी हो सकी। दोनों आढ़तियों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके पहले हुई चोरियों का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

थाना क्षेत्र में चोरी दर चोरी हो रही हैं, लेकिन किसी भी घटना में अभी तक चोर पकड़े नहीं गए हैं। मंगलवार रात भग्गी नेवादा गांव की सरकारी गल्ला मंडी से दो आढ़तियों के यहां से धनिया और उड़द चोरी हो गया। राधा स्वामी ट्रेडर्स के मालिक विजय राठौर बुधवार सुबह जब आढ़त पर पहुंचे तो उनकी आढ़त से 15 बोरी धनिया और शिवम मौर्य की आढ़त से 9 बोरी उड़द गायब थी।

मंडी समिति के आढ़तियों ने यहां के गार्ड और चौकीदारों की भूमिका पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि गार्ड और चौकीदार रात भर ड्यूटी पर रहते हैं, इसके बाद भी चोरी हो जाना अपने आप में सवाल खड़ा करता है। इसमें मिलीभगत की बू आ रही है। इस मामले में थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि दोनों पीड़ित आढ़तियों की तरफ से तहरीर मिली है। पूरे मामले की गहराई से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे शातिर चोर**

शिवराजपुर की गल्ला मंडी समिति में यह कोई पहली वारदात नहीं है। इसके पहले भी चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं। इलाके के शातिर चोर पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पा रही है। चोरी दर चोरी से पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

# कारोबारी के घर से नकदी-जेवर चोरी

**घाटमपुर।** कस्बे के कूष्मांडा नगर में पानी-पूरी विक्रेता के घर चोरों ने धावा बोलकर नकदी और जेवरात पार कर दिया। बुधवार सुबह जागने पर उसे जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

कूष्मांडा नगर में जय नारायण के मकान में किराए में रह रहा हमीरपुर जनपद के चिनहट गांव का रामकरण कस्बे में पानी-पूरी का ठेला लगाता है। मंगलवार रात वह और उसकी पत्नी किरण सो गई। बुधवार सुबह जब जागे तो उसके कमरे में रखे 15000 रुपये और जेवरात चोरी हो गए थे। रामकरण ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। उसका कहना है कि चोरी के बाद उसका सब कुछ छिन गया है। एसएसआई खुर्शीद अहमद ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा के साथ गायब युवक दबोचा गया

संवाददाता, चौबेपुर

- एक पखवारे पहले विद्यालय गई छात्रा गायब हुई थी
- आज छात्रा का कराया जाएगा मेडिकल चेकअप

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव से करीब दो सप्ताह पहले विद्यालय के लिए निकली छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले युवक को बुधवार की सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ छात्रा भी बरामद हो गई है। छात्रा को परिजनों के सुपुर्द किये जाने के साथ ही युवक को जेल भेजा गया है।

क्षेत्र के एक गांव से 11 जुलाई की सुबह विद्यालय अंक पत्र लेने के लिए निकली इंटरमीडिएट की छात्रा को पड़ोसी गांव शाहपुर माल्हा का रहने वाला अनीस पुत्र रमजानी अली बहला- फुसला कर अपने साथ ले गया था। इस मामले में छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी।

बुधवार की सुबह गश्त पर निकले उप निरीक्षक आनंद कुमार पांडेय, अरविंद कुमार व कांस्टेबल संगीता ने कस्बे के बेला रेलवे क्रॉसिंग के सामने राधा-कृष्ण मंदिर के पास से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर छात्रा को बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि छात्रा को मेडिकल के लिए गुरुवार सुबह उर्सला कानपुर भेजा जाएगा। इस दौरान उसके कोर्ट में बयान भी दर्ज कराए जाएंगे।

## सार-संक्षेप


बुधवार को सपा नेत्री रचना सिंह ने डीएसओ से शिकायत की। अमृत विचार

### अरौल कोटा का विवाद अब डीएसओ के पास पहुंचा

**बिल्हौर।** विकास खंड क्षेत्र के अरौल ग्राम पंचायत में राशन की दुकान निरस्त किए जाने का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। बुधवार को सपा नेत्री रचना सिंह ने डीएसओ से मिलकर मामले की शिकायत की और 29 जुलाई तक कार्रवाई की मांग की। सपा नेत्री ने पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार पर दूसरी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के बयान के आधार पर अरौल ग्राम पंचायत की राशन की दुकान निलंबित कराने का आरोप लगाया। इस मामले में डीएसओ राकेश कुमार ने कहा कि इसकी जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट किया गया है।

### सांप के डसने से किसान की मौत

**घाटमपुर।** तहसील के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह यादव के चचेरे भाई उमाशंकर सिंह यादव (65) बुधवार को अपने नलकूप से खेत की तरफ जा रहे थे, तभी मेड़ पर सांप ने उन्हें डस लिया। इसके बाद फौरन उन्हें घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन हैलट अस्पताल के गेट पर पहुंचते ही बेहोश हो गए। डाक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ देर बाद ही मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार मूसानगर यमुना घाट में किया जाएगा।

### पेट में दर्द के बाद छात्र की थमीं सांसें

**बिल्हौर।** मंगलवार रात पेट दर्द के बाद एक छात्र की मौत हो गई। कानपुर देहात जिले के कच्छपुरवा के सिकन्दरपुर निवासी पुष्पेन्द्र का 12 वर्षीय पुत्र आशीष ककवन के एएम पब्लिक स्कूल में कक्षा छह में पढ़ता था। मंगलवार देर रात अचानक उसके पेट में दर्द होने लगा। परिजनों ने उसे बिल्हौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। बुधवार को विद्यालय में शोकसभा कर छात्र को श्रद्धांजलि दी गई।

### बीआरसी भवन में छत का मलबा टूटकर गिरा

**रसूलाबाद।** बरसात के चलते बीआरसी भवन की छत का मलबा टूटकर गिर गया। बुधवार को बीआरसी भवन हाल में बरसात के चलते अचानक छत से मलवा टूटकर अनुचर मनीष के पास जा गिरा और छत की सरिया दिखने लगी। हालाकि मनीष कुमार को कोई चाट नहीं आई। वहीं भवन में आधार कार्ड बनवा रहे बच्चों में हड़कंप मच गया। खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने बताया कि बीआरसी कार्यालय की छत जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है। जिसकी मरम्मत को लेकर शासन से मांग की गई है, लेकिन अभी तक धन प्राप्त नहीं हुआ है। बजट मिलते ही मरम्मत कराई जाएगी।

### चोरी की स्कूटी बरामद, दो शातिर गिरफ्तार

**रूरा।** कस्बे के रामनगर निवासी मयंक ने मंगलवार को थाने में स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने छानबीन शुरू कर बुधवार को गुटैया मोड़ से तिंगाई निवासी तालिफ को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में तालिफ ने स्कूटी चोरी की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर स्कूटी को तिर्वा के बिनियापुर के रहने वाले अनुज के यहां से बरामद कर लिया गया है।

# संदिग्ध हालात में पड़ा मिला श्रमिक का शव

संवाददाता, बिल्हौर

- परिजनों ने हत्या कर फेंके जाने की जताई आशंका
- पुलिस बोली, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार

**अमृत विचार:** अरौल थाना क्षेत्र के बकोठी गांव में बुधवार को एक मजदूर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना बुधवार शाम की है। अरौल पुलिस को रौगांव निवासी राजू गौतम (40) पुत्र श्यामलाल का संदिग्ध परिस्थितियों बकोठी के चम्पतपुर रोड पर शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। हालांकि अभी मौत का कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि राजू बोरिंग मजदूर था। दिहाड़ी पर घरों में बोरिंग का काम करता था। मंगलवार की सुबह वह अपने घर से निकला था और उसके बाद अपने घर नहीं लौटा।

पुलिस के मुताबिक पड़ोसी गांव झपटाबाजपुरवा में उसकी ससुराल है। अक्सर वह ससुराल में रुक जाता था, जिसके चलते घर वाले भी बेफिक्र थे। बुधवार को राजू का शव खेत पर मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने राजू की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों की तहरीर के आधार कार्रवाई की जाएगी।

# सीआईआई करेगा टास्क फोर्स का गठन

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कानपुर जोन ने सीआईआई राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष और जैक्सन ग्रुप लि के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता के साथ एक इन्ट्रेक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में समीर गुप्ता ने कानपुर के होटल लैंडमार्क में कहा कि हम सभी को जीवन में अवसर मिलते हैं, हमें उन अवसरों को पहचानना चाहिये और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये उसका उपयोग करना चाहिये, चाहे वे पेशेवर हो या व्यक्तिगत। इस अवसर पर सीआईआई यूपी स्टेट काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष आकाश गोयनका ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर तक पहुँचाने में कानपुर की महत्वपूर्ण भूमिका है।



सीआईआई कानपुर जोन के कार्यक्रम में मौजूद वक्ता। अमृत विचार

कार्यक्रम में वरिष्ठ उद्यमी विकास मल्होत्रा ने कहा कि सीआईआई कानपुर जोन में नीति वकालत के लिये एक टास्क फोर्स का गठन करेंगे और सरकारी परियोजनाओं के सुचारू रूप से निष्पादन में प्रशासन की मदद करेंगे। सीआईआई कानपुर जोन के उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने सीआईआई कानपुर को कानपुर में औद्योगिक समूह को विकसित करने के अपने उद्देश्य में मजबूत और दृढ़ बनाने के लिये सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समीर गुप्ता को आकाश गोयनका व विकास मल्होत्रा ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम मे अजय लोहिया, मनोज एवं विकास जायसवाल मौजूद रहे।

**लापरवाही** | बिधनू विकास खंड क्षेत्र की गौशालाओं का बुरा हाल, पतेहुरी और हाजीपुर में भूस-प्यास से तड़प रहे गोवंश

# न खाने को भूसा न पीने को पानी, गौशालाओं की यही कहानी

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार गौ संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए तमाम उपाय कर रही है, लेकिन बिधनू ब्लॉक क्षेत्र की पतेहुरी और गाजीपुर गौशालाएं जिम्मेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं। गौशाला में गायों के लिए न तो खाने के लिए भूसा है और न ही पीने के लिए पानी। हालत यह है कि गौशाला में रहने वाली गायों को भूखा-प्यासा ही रहना पड़ रहा है।

पतेहुरी और हाजीपुर में बनी गौशालाओं में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते गोवंशों की हालत खराब होती जा रही है। गौशाला की नांद और पानी की चरही सूखी पड़ी हैं। गौशाला में समय से चारा और पानी नहीं मिलने के कारण तमाम गायों की हालत पस्त है। कुछ गोवंश बीमार भी हैं। उनकी हालत देखकर ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि गायों की किस तरीके से परवरिश हो रही है।शासन के आदेशानुसार गोवंशों को मानक के हिसाब से रोजाना चारा-पानी दिया जाना चाहिए, लेकिन जिम्मेदारों की मनमानी से यहां कुछ भी नहीं है। सरकार की ओर से गौशाला का निर्माण बहुउद्देशीय दृष्टिकोण से किया गया था, जिसमें गांव स्तर पर रोजगार से लेकर किसानों की आय बढ़ाना मकसद था, लेकिन वर्तमान समय में गायों के जिंदा रहने पर ही सवालिया निशान है।


नांद की हालत खुद बयां करती पानी की हकीकत। अमृत विचार


चरही की हालत देखकर लगता मानो काफी समय से भूसा नहीं पड़ा। अमृत विचार

- गोवंशों के संरक्षण पर कोई ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार
- समय से चारा और पानी नहीं मिलने से गायों की हालत पस्त

**कोई नहीं दे रहा ध्यान**



गौशाला के भूसा भंडार गृह में कई माह से भूसा नहीं है और न ही टंकी में पानी। गौशाला में बिजली की व्यवस्था भी ठप पड़ी है। केयर-टेकर खालिम ने बताया कि इस समस्या को लेकर वह कई बार ग्राम विकास अधिकारी व प्रधान को बता चुका है, लेकिन कोई भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

**हाजीपुर गौशाला में लगातार मर रहे गोवंश**

ग्राम पंचायत सचिव पिंकी कुशवाहा का कहना है कि हाजीपुर गौशाला में अब तक 20 गोवंशों की मौत हो चुकी है, जिनके पंचनामा भरे गए हैं। मौजूदा समय में गौशाला में 55 गोवंश दर्ज हैं, जबकि पड़ताल के दौरान 45 गोवंश ही मौके पर मिले। इनमें 35 गोवंश टैगधारक हैं, बाकी बिना टैग वाले मिले। उनका कहना है कि समय-समय पर गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं की जाती हैं, मगर गोवंशों के संरक्षण में अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता।

**पतेहुरी गौशाला के 29 गोवंश में सिर्फ 18 मौजूद**

पतेहुरी ग्राम पंचायत के सचिव अजीत सिंह ने बातचीत में कहा कि गौशाला में 29 प्लस गोवंश हैं और सभी टैगधारक हैं। गौशाला में पानी और भूसे की पर्याप्त व्यवस्था है, जबकि गौशाला में मौजूदा समय में सिर्फ 18 गोवंश ही मिले। इनमें भी सिर्फ दो टैगधारक गोवंश मिले। ग्रामीणों का कहना है कि गायों को पानी भी नहीं मिल पा रहा है। गौशाला में भूख-प्यास से जो गाय मर जाती है, उसे यहीं दफना दिया जाता है।

> पहली बार यह मामला संज्ञान में आया है। मैं खुद जाकर देखूंगा कि गौशालाओं में इतनी अव्यवस्था क्यों हैं। अगर जिम्मेदार दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -सच्चिदानंद मिश्र, बीडीओ

# शिक्षक पर शोषण का आरोप आत्महत्या का प्रयास किया

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक छात्रा के शोषण का मामला सामने आया है। जहां पीड़िता ने स्कूल के खेल शिक्षक पर शारीरिक शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। जिससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया। आरोप लगाया जा रहा है कि शिक्षक ने बहला फुसलाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसका शोषण करने लगा। परिजनों ने शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। चकेरी के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में उनकी बेटी एक विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा थी।



आरोप है, कि खेल शिक्षक ने बेटी का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद पांच साल से बेटी को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण कर रहा है। आरोपी की हरकतों से तंग आकर 14 जुलाई 2024 को बेटी ने आत्महत्या का प्रयास किया। जब उन्होंने बेटी से पूछा तो उसने आपबीती बताई। उन्होंने लोकलाज के डर से पहले तो आरोपी की शिकायत नहीं की, लेकिन आरोपी ने जब फोन कर फिर से वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी तो परिजनों ने थाने पहुंचकर आपबीती बताई। इस संबंध में थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# टैंक में गिरने से दो श्रमिकों की मौत, हंगामा

## जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र की लेदर फैक्ट्री में हुआ हादसा, देर शाम तक परिवार वालों को समझाती रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र की लेदर फैक्ट्री में काम करते समय दो मजदूर ईटीपी टैंक में गिर गए। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ईएमओ ने दोनों को मृत घोषित किया। दो मजदूरों की एक साथ मौत होने से परिवार वालों में गुस्सा भड़क गया। परिजनों ने फैक्ट्री में हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस लोगों को समझाने में जुटी रही, लेकिन देर शाम तक कोई नतीजा नहीं निकला।

रूरा थाना क्षेत्र के भिखनापुर गांव के रहने वाले पंकज (25) और शिवम (28) अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्राची लेदर फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। बुधवार सुबह की शिफ्ट में दोनों मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। इसी दौरान पंकज और शिवम लेदर के कचरा-पानी वाले ईटीपी टैंक में गिर गए। साथी मजदूरों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल ले गए, जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।


मजदूरों की मौत पर फैक्ट्री परिसर में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार


फैक्ट्री में हंगामा कर रहे लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- परिजनों और फैक्ट्री प्रबंधन के बीच मुआवजे को लेकर वार्ता
- रूरा क्षेत्र के भिखनापुर गांव के रहने वाले थे दोनों मजदूर

एक साथ गांव के दो मजदूरों की मौत की खबर पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। दोनों के परिवार वाले फौरन फैक्ट्री पहुंचे और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों के साथ पहुंचे गांव वालों ने मुआवजे की मांग शुरू कर दी। फैक्ट्री में हंगामे की सूचना पर इलाकाई पुलिस पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास करती रही, लेकिन मृतकों के परिजन फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की जिद पर अड़े रहे। शाम तक दोनों पक्षों के बीच मुआवजे को लेकर वार्ता चलती रही, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

### कोतवाल बोले, मुआवजे की चल रही बात

अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि दोनों मजदूरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आक्रोशित परिजनों को समझाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच मुआवजे को लेकर बातचीत चल रही है। मामला सुलझा लिया जाएगा।


इसी ईटीपी टैंक में गिरने से हुई मजदूरों की मौत। अमृत विचार

## फैक्ट्री कर्मी ने घर में फंदा लगाकर दी जान

**कानपुर देहात।** एक फैक्ट्री कर्मी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की करीब तीन माह पहले शादी हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है।

गजनेर थाना क्षेत्र के कटका गांव निवासी सचिन (29) रनियां की एक फैक्ट्री में काम करता था। बीती 18 अप्रैल को उसकी शादी बांदा जनपद के बेंदा जौहर निवासी के साथ किरन से हुई थी। दो दिन पहले वह पत्नी को ससुराल छोड़ने गया था। वहां से लौटने के बाद वह तनाव में था।



मंगलवार रात वह कमरे में सोने चला गया। बुधवार सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो सचिन की मां कलावती उसे जगाने कमरे में गई तो उसे पंखे के कुंडे से फंदे से लटकते देखकर बदहवास हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस ने जांच की। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पामा चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई होगी।


साधन सहकारी समिति बनीपारा का जर्जर भवन। अमृत विचार

# साधन सहकारी समिति की छत से टपकता पानी

संवाददाता, रूरा

- खाद-बीज सुरक्षित रखना कठिन, कर्मचारी परेशान

**अमृत विचार।** किसानों को समय से खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए संचालित साधन सहकारी समिति बनीपारा की स्थिति खराब है। यहां का भवन जर्जर हो चुका है और बरसात का पानी टपकता है, जिससे खाद-बीज सुरक्षित रखना कठिन हो गया है।

न्याय पंचायत बनीपरा में करीब छह दशक पूर्व साधन सहकारी समिति भवन का निर्माण कराया गया था। उचित रखरखाव के अभाव में अब यह भवन जर्जर हो गया है। बरसात में छत से पानी टपकने के कारण सचिव व अन्य कर्मचारियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। रखरखाव की व्यवस्था न होने से खाद की उठान करने से सचिव कतराते हैं। टपकते भवन में खाद को तिरपाल से लपेटकर रखा गया है। उच्चाधिकारियों को कई बार यह समस्या बताई गई, लेकिन कोई हल नहीं हुआ। समिति के अध्यक्ष अशुवेंद्र सिंह व उपाध्यक्ष सतेंद्र पाठक का कहना है कि भवन का निर्माण वर्ष 1957 में हुआ था। तब से भवन में कोई भी मरम्मतीकरण कार्य नहीं हुआ है, जिससे भवन जर्जर हालत में है। बरसात के मौसम में पानी टपकता है, जिससे कर्मचारियों व किसानों को बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। समिति के सचिव अंकित मिश्र ने बताया कि अभी हाल ही में सहकारिता विभाग को पत्र लिखा गया है।

## एक नजर

### युवक को सांप ने डसा

**रसूलाबाद।** गोपालपुर कहिंजरी के आनंद ने बताया कि मंगलवार की शाम को वह अपने खेत में मेड़ बांध रहे थे, तभी उनके हाथ में सांप ने डस लिया। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए, जहां डॉ सौरभ शाक्य ने उपचार किया।

### युवती ने कीटनाशक गटका

**रसूलाबाद।** बुधवार को कठिउरा निवासी कृष्ण मुरारी की पत्नी उजाला ने पारिवारिक कलह के चलते कीटनाषक दवा पी ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पति उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने इलाज किया।

### करंट से किशोरी झुलसी

**रसूलाबाद।** बुधवार को अमरोहिया निवासी दीप्ति (16) विद्युत पंखे में उतरे करंट आने से उसे झटका लगा और वह गिर पड़ी। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ सौरभ शाक्य ने इलाज किया।

### सांप के डसने से बालिका की चली गई जान

**सिकंदरा।** कस्बा के आजाद नगर में बुधवार की भोर छत पर सोते समय बालिका को सांप ने डस लिया। मोहल्ला आजाद नगर के अमर सिंह कुशवाहा बाबा ने बताया कि बहू सीमा अपने बच्चों के साथ गुरुवार की शाम को छत पर सोने गई थी। बुधवार की चार बजे सुबह सोते समय नातिन प्रीती (9) को सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक डॉ. पूजा गोयल ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां बालिका की मौत हो गई। परिजनों ने अमराहट गांव के पास यमुना नदी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की शुरुआत

**डेरापुर।** सिठमरा के प्राथमिक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि प्रशिक्षण से बालिकाएं खुद अपनी आत्मरक्षा कर सकेंगी। इस अवसर पर प्रशिक्षक रोहित यादव ने बच्चों को क्लोज स्टांस, पैरलल स्टांस, वाकिंग स्टांस, राइडिंग स्टांस, ब्लाक, अपर ब्लाक, लोवर ब्लाक आदि सिखाया। यहां शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित, शिक्षक माया देवी, गुंजन पांडेय एवं अनुदेशक प्रियंका यादव मौजूद रहे।

# मां के हत्यारे पुत्र को हुई उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- डेरापुर थाना क्षेत्र के खजुरी गांव में आठ साल पहले हुई थी घटना
- भाई ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट, एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगा

**अमृत विचार।** डेरापुर क्षेत्र के गांव खजुरी में करीब आठ साल पहले जमीन के लालच में अपनी मां की ईंट से कुचलकर हत्या करने के मामले में एंटी डकैती कोर्ट ने आरोपी पुत्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह व एडीजीसी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि डेरापुर क्षेत्र के गांव खजुरी निवासी महेंद्र सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 14 जनवरी 2016 की सुबह उसकी बुजुर्ग मां सुंदरा देवी शौच करने खेत गई थीं। जब वह घर लौट रही थी, तभी रास्ते में उसके भाई श्याम सिंह ने जमीन के लालच में मां की ईंटों से कुचलकर हत्या कर दी थी।

### अदालत में नौ गवाहों के बयानों से मिली सजा

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में वादी महेंद्र सिंह सहित नौ गवाहों के बयान दर्ज कराए गए थे, जिन्होंने घटना को साबित किया, जिससे दोषी को सजा दिलवाने में कामयाबी मिली। बचाव पक्ष ने आरोपी को बचाने के लिए अदालत के सामने तीन गवाह रामखिलावन, प्रमोद कुमार व भोलानाथ के बयान दर्ज कराए थे। अदालत में तर्क रखे थे कि वादी महेंद्र सिंह अपने भाई से दुश्मनी रखता है और जमीन को हड़पने के लिए झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। विवेचना भी सही नहीं होने की बात कही थी, जो अभियोजन की दलीलों के सामने टिक नहीं सकी।


विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह।

पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना कर उसके खिलाफ अदालत में आरोपपत्र पेश किया था। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट दुर्गेश की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने आरोपी पुत्र श्याम सिंह को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एक लाख रुपये अर्थदंड अदा न करने पर तीन साल का कठोर कारावास काटने के आदेश दिए हैं। सजा सुनाए जाने के बाद वह रोता रहा।

## एनडीपीएस में दोषी को दो साल की सजा

**कानपुर देहात।** एनडीपीएस के मामले में आरोपी को कोर्ट ने दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष कटियार ने बताया कि अकबरपुर पुलिस ने 16 जुलाई 2018 को गांधी नगर निवासी राजा सिंह को 150 ग्राम चरस के साथ पकड़ा था। मामले की विवेचना कर आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। अपर जिला जज पंचम पूनम सिंह की कोर्ट में आरोपी के अपराध स्वीकार करने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कम से कम सजा देने की मांग हुई। बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपी 45 माह जेल में बिता चुका है। कोर्ट ने उसे दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। वहीं दस हजार रुपये अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक माह अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# आरओबी में गर्डर रखने का काम शुरू

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** कस्बे में बन रहे ओवरब्रिज व क्रॉसिंग के बीच में गर्डर रखने के लिए काम शुरू हो गया है। इसके लिए क्रेन का प्रयोग किया जाना है, लेकिन जगह पर्याप्त न होने के कारण काफी दिनों से बाधा बन रह रही थी। दुकान मालिक से रेलवे की सहमति बनाने के बाद दुकान गिराने के बाद काम शुरू हो गया है।

रूरा में रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2020 के अक्तूबर माह में करीब 38.33 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुआ था। करीब चार वर्ष बीतने के बाद भी पुल का निर्माण अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है, जबकि रेलवे ने ओवरब्रिज निर्माण के लिए क्रॉसिंग को भी करीब दस माह पूर्व बंद कर दिया था। इससे चलते बिल्हौर, रसूलाबाद, शिवराजपुर, चौबेपुर आदि इलाकों के लोगों को जिला मुख्यालय व न्यायालय करीब 15 किलोमीटर का चक्कर लगा कर जाना पड़ रहा है। काफी जद्दोजहद के बाद अब आरओबी पर रेलवे ने पिलरों पर गार्डर रखने का काम शुरू कर दिया है। रूरा में दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर हो रहे आरओबी निर्माण में सेतु निगम द्वारा लगभग कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डीएफसीसी द्वारा रेलवे लाइन के ऊपर गर्डर रखने का काम बुधवार को पूजन के बाद शुरू कर दिया गया। डीएफसीसी के परियोजना सहायक अमित कुमार कनौजिया ने बताया की गर्डर रखने के बाद रेलवे क्रासिंग को आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।


रूरा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए रखा गया गर्डर। अमृत विचार

- दुकानें गिराने के बाद काम में आई तेजी, आवागमन के लिए जल्द खुलेगी क्रासिंग

# झींझक में एसीएमओ का छापा, अस्पताल सीज

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** झींझक में बिना चिकित्सक और रजिस्ट्रेशन अवैध रूप से चल रहे अस्पताल को एसीएमओ ने चिकित्सको की मौजूदगी में सीज कर दिया, जिससे अन्य अवैध संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शलभ मोहन ने बताया कि नियम विरुद्ध तरीके से ओवरब्रिज झींझक के पास एक अस्पताल के संचालित होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए उनके नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम बुधवार को अस्पताल पहुंची। टीम ने पूरे अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर ऑक्सीजन सिलिंडर, बेड आदि उपकरण मिले।

छानबीन करने पर पता चला कि अस्पताल पंजीकृत नहीं है और अनाधिकृत रूप से संचालित किया जा रहा है, जिस पर उसे सीज कर दिया गया। एसीएमओ ने बताया कि अस्पताल संचालक रीना सिंह के नाम से बताया जा रहा है। मौके पर कोई दस्तावेज नहीं दिखाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत रूप से अस्पतालों का संचालन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


अस्पताल की जांच करते एसीएमओ।

## दुकानों में चोरी के दो आरोपी दबोचे गए

**डेरापुर।** चोरी के प्रयास व एक गेस्ट हाउस से नगदी चोरी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने पकड़ा है। डेरापुर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व मुंगीसापुर कस्बा के नहर पुल पर स्थित तीन दुकानों में चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की घटना का प्रयास किया था।

भड़पुरा के आशुतोष कटियार ने मुंगीसापुर कस्बे में ही हाईवे किनारे निर्माणाधीन गेस्ट हाउस में घुसकर पड़ोसी गांव खिरवा के तिवारी नायक व उसके पुत्र के खिलाफ चोरी की तहरीर दी थी। जिसपर मुंगीसापुर चौकी इंचार्ज राहुल कुमार ने दोनों को खिरवा गांव जाने वाले कच्चे रास्ते से पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने नहर रोड की तीन दुकानों में ताला तोड़कर चोरी का प्रयास व गेस्ट हाउस में चोरी की बात स्वीकार की। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# रेप के दोषी को 10 और पति को 2 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में पांच साल पहले हुई थी घटना

**अमृत विचार।** करीब पांच साल पहले भोगनीपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के साथ उसके पति के दोस्त ने दुष्कर्म किया था। जिसमें उसके पति ने सहयोग किया था। मामले में एफटीसी प्रथम की अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए पति को दो साल और उसके साथी को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भोगनीपुर क्षेत्र की पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसका पति ब्रजेश नशेबाज है। 20 नवंबर 2019 की रात करीब दस बजे उसका पति अकोठी निवासी अपने दोस्त हरिकेश को लेकर घर आया और दोनों ने शराब पी। जब पति नशे में हो गया तो हरिकेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पति ने चुप रहने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना कर दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने दोषी पति को दो साल और दुष्कर्म में हरिकेश को दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दस माह का अतिरिक्त कारावास होगा। वहीं अर्थदंड की सभी धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

## सार-संक्षेप

### प्राइवेट फैक्ट्री कर्मी ने फांसी लगाकर दे दी जान

**कानपुर देहात।** गजनेर थाना क्षेत्र के कटका गांव निवासी सचिन कुमार (30) पुत्र राजनरायन दिवाकर रनिया में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मंगलवार शाम ड्यूटी से वापस आकर खाना खाने के बाद वह अपने कमरे मे सोने चला गया। सुबह जब मां कलावती ड्यूटी के लिए उसे जगाने गई तो सचिन को फांसी पर लटका देख शोर मचाया। शोर सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। सचिन की शादी 18 अप्रैल 2024 को बांदा जिले के बेंदा जोहार में किरण के साथ हुई थी। सचिन 2 दिन पहले पत्नी को मायके छोड़कर आया था। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पीएम श्री विद्यालय में मनाया गया खेल दिवस

**कानपुर देहात।** अकबरपुर ब्लाक के पीएमश्री संविलियन विद्यालय रोशनमऊ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने पर तीसरे दिन खेल दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बच्चे कबड्डी खेलकर ऊर्जावित होते हैं। शिक्षक प्रताप भानु सिंह गौर ने कहा कि शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य शिक्षार्थियों, शिक्षकों के बीच सहयोग और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है और शिक्षा क्षेत्र की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर राजकुमार, बीरेंद्र कुमार, प्रताप भानु सिंह गौर, विकास द्विवेदी, शिवकुमार साहू, गौतम मिश्रा, हाफिज अली, अंजू गुप्ता, विजय पाल, संगीता एम, नारेंद्र और दीपक ने बच्चों को खेल के प्रति जागरूक किया। विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

### पंखे के करंट से महिला की मौत

**रूरा।** घर में पोंछा लगाने के दौरान पंखे को हटाने में उतरे करंट से महिला की हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल में ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। रूरा थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी अमर सिंह की पत्नी सोनी (25) घर में पोंछा लगा रही थी, तभी फर्श पर रखे पंखे को हटाते समय वह करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे एंबुलेंस से सीएचसी लाए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, वहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने सोनी को मृत घोषित कर दिया। पति अमर सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह पत्नी जब पोछा लगा रही थी। वह खुद घर के बाहर नल में कपड़े धो रहा था। बेटी दिव्या के बताने पर वह अंदर गया तो पत्नी बेसुध पड़ी थी। जिला अस्पताल में उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया और शव ले गए।

### मुगल रोड पर आग से सीएनजी ऑटो जलकर राख

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के अकबराबाद के आगे करौंदिया नाले के पास मुगल रोड पर चलते सीएनजी ऑटो में आग लग गई, जिससे ऑटो जलकर राख हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। राहगीरों ने बताया कि ऑटो भोगनीपुर से मूसानगर की तरफ जा रहा था। उसमें कोई सवारी नहीं बैठी थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। थाना प्रभारी रामसिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही ऑटो पूरी तरह जल गया था। चालक मौके से भाग गया। मौके पर कोई नहीं मिला। ऑटो के पंजीयन नंबर से जानकारी कराई जा रही है।

### एसडीएम को सीएचसी से नदारद मिले डॉक्टर

**रसूलाबाद।** एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कई डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था भी नहीं मिली। बुधवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे एसडीएम नीलिमा यादव ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। उन्हें डॉक्टर सौरभ शाक्य व फार्मासिस्ट योगेंद्र मौके पर मिले। जबकि महिला नेत्र चिकित्सक, महिला डेंटल, समेत कई डॉक्टर अनुपस्थित रहे। एसडीएम ने महिला विंग में जाकर रजिस्टर चेक किया तो वहां पर दो महिलाएं थी। जिसमें एक महिला का रजिस्टर में नाम दर्ज था। दूसरी महिला का नाम ही नहीं दर्ज था। लगभग 11 बजे चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीयूष त्रिपाठी सीएचसी में पहुंचे। उन्होंने बताया कि पहाड़ीपुर सीएचसी में जांच के लिए गए हुए थे। मौके पर मेडिकल इंस्ट्रूमेंट भी खुले में रखे थे और साफ सफाई बदहाल पाई गई। एसडीएम ने साफ-सफाई व डॉक्टरों को नियमित उपस्थित होने के निर्देश दिए।

# पत्नी ने लगाई आग तो बुझाने में पति झुलसा

संवाददाता, मूसानगर

- दोनों के बीच झगड़े के बाद पत्नी ने उठाया कदम
- सूचना पर मायके वाले पहुंचे पति को जमकर पीटा

**अमृत विचार।** मुसरिया गांव में झगड़े के बाद पत्नी ने कपड़ों में आग लगा दी, जिसे बुझाने के प्रयास में पति झुलस गया। पत्नी की सूचना पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे और पति के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है।

मुसरिया गांव के नन्खू (26) ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि मंगलवार देर रात पत्नी संगीता कपड़े जला रही थी, जिसे देखकर कपड़े बचाने और आग बुझाने के प्रयास में उसके हाथ झुलस गए। बाद में ससुर घस्सा, साला बलवीर व एक व्यक्ति अज्ञात निवासी महुआ पुरवा थाना सजेती कानपुर नगर ने घर आकर गालीगलौज करते हुए उससे मारपीट कर दी।

लोगों में चर्चा रही कि पति-पत्नी में घरेलू झगड़ा हुआ था, जिससे नाराज संगीता ने आग लगाकर मायके वालों को बुला लिया। थानाध्यक्ष रामसिंह ने बताया कि महिला पुराने कपड़े जला रही थी। कपड़े बचाने व आग बुझाने में नन्खू झुलस गया है। मायका पक्ष के विरुद्ध गालीगलौज कर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है।

छोलापुर का मामला | गोवंशों को हरा चारा देने और गौशाला की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

# मरे गोवंश की जांच करने पहुंचे बीडीओ

खबर का असर

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** कानपुर देहात। बीहड़ पटटी स्थित छोलापुर गौशाला में मृत गाय को कुत्तों व कौवों के नोचने की जानकारी पर बीडीओ ने निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम प्रधान व सचिव को गौशाला में सफाई, हरा चारा समेत अन्य व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं पशु चिकित्सकों की टीम ने मरणासन्न गोवंशों का उपचार किया।

छोलापुर गांव की गौशाला में खामियों के चलते एक गाय की मंगलवार को मौत हो गई थी, जिसे आवारा कुत्तों व कौवों का झुंड नोचता रहा। वहीं दो गायें मरणासन्न अवस्था में थी। 24 जुलाई को अमृत विचार ने मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जानकारी पर राजपुर बीडीओ हरगोविंद गुप्ता ने बुधवार को छोलापुर पशु आश्रय स्थल पहुंचकर गायों की देखरेख और चारे के रखरखाव की जांच की। उन्होंने कर्मचारियों को गौशाला में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में तैनात कर्मचारी रामकेश, रामसेवक, रामनरायन, रामबाबू से गोवंशों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। ग्राम प्रधान हेमलता ने बताया कि गौशाला में 120 गोवंशों की क्षमता है। वर्तमान में गौशाला में 183 गोवंश हैं। क्षमता से अधिक गोवंश होने से आपस में झगड़ा कर घायल हो जाते हैं। बीडीओ ने गौशाला में गायों की देखरेख और उनके लिए हरे चारे की व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने सचिव सुब्बालाल को निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ ने गायों का रजिस्टर चेक किया। बीडीओ हरगोविंद गुप्ता ने बताया कि ने मृत गाय को दफना दिया गया है। बीमार गायों का इलाज कराया गया है।


छोलापुर गौशाला में व्यवस्थाएं देखते राजपुर बीडीओ। अमृत विचार

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# धरोहरों का संरक्षण

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को हर साल विश्व धरोहर समिति का आयोजन करती है, जिसके तहत विश्व की प्राचीन विरासतों को विश्व धरोहर के रूप में चिन्हित किया जाता है। विश्व धरोहर समिति के इस वर्ष का आयोजन भारत में हो रहा है। भारत में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुआ यह आयोजन 31 जुलाई तक चलेगा। समिति वैश्विक धरोहरों से संबंधित मामलों का प्रबंधन करती है तथा स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के बारे में निर्णय लेती है। हालांकि भारत हमेशा से यूनेस्को समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी इकाइयों तथा क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है, पर इस सम्मेलन की मेजबानी यह दर्शाती है कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य में भी भारत का महत्व बढ़ रहा है। समिति के 46 वें सत्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा कि भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है। प्राचीनता के साथ-साथ विविधता भी भारतीय सभ्यता की एक प्रमुख विशिष्टता है। इसलिए धरोहरों में भी हमें बहुलता के साथ-साथ विविधता के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर भारत के ऐतिहासिक मोइदम को लोकप्रिय विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामित किया गया है। इससे पूर्व भारत के 42 स्थल इस सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। धरोहर और विरासत का संरक्षण हमारा प्रमुख दायित्व है। इनके बारे में शोध और अनुसंधान भी निरंतर जारी रहना चाहिए।

संस्कृति और इतिहास भी वैचारिक संघर्षों की भूमि होते हैं। ऐसे संघर्षों में पूर्वाग्रह प्रभावी तत्व बन जाते हैं। इस स्थिति में पुरातन के संबंध में हमारी समझ धूमिल हो जाती है तथा हम अतीत के आयामों से पूर्णता एवं समग्रता से परिचित होने से वंचित रह जाते हैं। अक्सर अज्ञान और अनदेखी से विरासतें नष्ट हो जाती हैं। उनका नष्ट होना इतिहास एवं संस्कृति की वृहत पुस्तिका से एक अध्याय के विलुप्त हो जाने जैसा है। भारत अपनी धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में ऐसे कार्यों में सहयोग दे रहा है। सरकार के प्रयासों से विदेशों में रखी हुई अमूल्य धरोहरों को देश में वापस लाने के काम में तेजी आई है। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियों को भारत लाया जा चुका है। इससे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि में वृद्धि हुई है। विश्व धरोहर समिति की दस दिन चलने वाली बैठक में बीते साल के कामकाज की समीक्षा होगी। इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। धरोहरों के संरक्षण के आर्थिक लाभ भी हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ नागरिकों को भी इसमें योगदान देना चाहिए।

# विकसित भारत की संकल्पना



डॉ. विकास प्रधान
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीसलपुर (पीलीभीत)

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है।

मंगलवार को अंतरिम बजट 2024-2025 के चार प्रमुख स्तंभों गरीब, किसान, महिला और युवा का उल्लेख करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने नौ नवीन प्राथमिकताओं के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात, विकसित भारत की संकल्पना के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 का पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है।

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है। कृषि हेतु उत्पादकता से अधिक अनुकूलनीयता का उल्लेख करना आकर्षित करता है, जिसमें राष्ट्रीय सहकारिता नीति को व्यवस्थित करना दलहन व तिलहन में आत्मनिर्भरता पाना आदि पुरानी बातों को ही समाहित किया गया है, लेकिन जलवायु अनुकूलित नई किस्म के बीज विकसित करना और सब्जी उत्पादन हेतु नई सप्लाई चैन बनाना सराहनीय कदम है। अब चुनौती यह है कि कृषि शोध व कृषि में सार्वजनिक निवेश का बढ़ाना आवश्यक है।

द्वितीय प्राथमिकता में पुनः रोजगार व प्रशिक्षण को सम्मिलित करना प्रधानमंत्री पैकेज योजना का एक अंग है, जिसमें कामगारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना कौशल विकास केंद्र की पुरानी अवधारणा को आगे बढ़ना ही है अर्थात इसमें कुछ नया नहीं है। जब तक उनकी उत्पादकता पर काम न किया जाए, एक कारण यह है कि आर्थिक सर्वेक्षण में जब वित्त मंत्री स्वयं स्वीकार चुकी हैं कि राष्ट्र में 50 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य नहीं है, इसका दोष किसे दिया जाए? नीतियों में खामियां, पाठ्यक्रम का गैर व्यवसायीकरण या शिक्षा व्यवस्था। बजट में रुपए 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना, घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए रुपए 10 लाख तक ऋण की वित्तीय सहायता और उसे पर ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर देना युवाओं को आकर्षित कर सकता है, किंतु वही प्रशिक्षित युवा व शिक्षित युवा बाजार में अपने लिए या बाजार उसके लिए कितने अवसर उपलब्ध करा पता है, का प्रश्न रोजगार परकता पर अभी प्रश्न ही है जिसका उत्तर खोजना होगा। इसी क्रम में समावेशी मानव संसाधन व सामाजिक न्याय की अवधारणा में समावेशी तत्व महत्वपूर्ण है जिसे लघु व कुटीर उद्योगों में बजट आवंटन को बढ़ाकर मुद्रा ऋण की राशि को 10 से 20 लाख करना, 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना आदि सहायक सिद्ध होंगे और अर्थव्यवस्था विकास की ओर अग्रसर होगी।

> आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48 .21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

विकसित भारत हेतु औद्योगिक विकास के रूप में औद्योगिक पार्क व औद्योगिक गलियारों को विकसित करने का बजट यह प्रावधान निश्चित ही आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। बशर्ते अवसंरचना विकास नीतिगत निर्णय व समय विलंबना का शिकार न हो। वित्त मंत्री ने एक बड़ी धनराशि लगभग 11.11 लाख करोड़ पूंजीगत रूप में व्यय करने की बात कही है, जो सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें विनिर्माण व संरचना विकास हेतु व्यय प्रस्तावित है, ध्यान रहे कि इससे शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, किंतु यह ग्रामीण वातावरण को और दूषित न करें। शहरों में शहरी हाट के विकास से अधिक ग्रामीण साप्ताहिक हाट को प्रोत्साहन देने से मुद्रा वेग व मुद्रा गुणक अधिक बलवान होगा, जिसकी आवश्यकता भी है। ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्साहवर्धक है। साथ ही परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान व विकास व थर्मल पावर प्लांट में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का प्रयोग ऊर्जा संरक्षण व निर्माण को बल देगा, जिसकी आवश्यकता भी है। पर्यटन व नवाचार में आंध्र प्रदेश व बिहार को वरीयता देने के अलावा बजट में कुछ नहीं है, जो भारत जैसी अर्थव्यवस्था का विकास की राह में अवरुद्धता उत्पन्न कर सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं हुए पूंजीगत आवंटन की अधिक धनराशि का व्यय जनकल्याण हेतु पूंजीगत व्यय में कटौती करके ही संभव होगा, जो वर्तमान में विकासशील भारत के हित में नहीं होगा। इन दोनों में संतुलन समय की मांग है। अगली पीढ़ी के सुधारों में सम्मिलित दायरों जैसे भूमि संबंधी कार्य, एनपीएस, वात्सल्य, आदि में शिक्षा स्वास्थ्य परिवहन पर्यावरण को भी सम्मिलित किया जा सकता था।

भारत ग्रामीण राष्ट्र है और ग्रामीण आर्थिक विकास व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। वित्तमंत्री की प्रशंसा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास हेतु बजट में 1.80 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है, जो ग्रामीण अव संरचना को विकसित करेगा। रक्षा क्षेत्र में जी.डी.पी (सकल घरेलू उत्पाद) का सबसे बड़ा हिस्सा व्यय करना समय की मांग हो सकती है, किंतु शिक्षा व स्वास्थ्य में अभी भी सार्वजनिक निवेश अत्यधिक कम है, जो चिंताजनक है। यद्यपि रेल मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ की सौगात बजट में दी गई है, लेकिन रेल सहित परिवहन विभाग में नवाचार, नए साधन, नई रेलगाड़ियां की बात स्पष्ट नहीं है। अर्थशास्त्र की भाषा में बात की जाए तो नौकरीपेशा व्यक्ति हतोत्साहित हुआ है, जिसे बचत करने, नया घर बनाने आदि का कोई प्रोत्साहन बजट में नहीं मिला, क्योंकि पुराने टैक्स स्लैब में 80 सी में बचत का दायरा हो या होम लोन की लालसा सब सिमट गई है, जिससे थोड़ा कर बचाने के लिए नए कर रिजीम में प्रवेश बचत को हतोत्साहित करेगी और अर्थव्यवस्था में इन्फ्लेशनरी प्रेशर अर्थात् महंगाई का दबाव बढ़ाएगी। साथ ही राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तीन प्रतिशत जिसे बहुत पहले लक्षित किया गया था वर्तमान के 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का होना उन निर्णय व अधिनियमों की विफलता का संकेत है।

एक तरफ घरेलू बचतों का हतोत्साहन व दूसरी तरफ निजी निवेश पर अल्पकाल में 20 प्रतिशत तथा दीर्घकाल में 12.5 प्रतिशत तक का बड़ा ब्याज देना तर्कसंगतता के रूप में अर्थव्यवस्था को असंतुष्ट करने जैसा है। यह संतुलन अत्यधिक उपभोग की अवस्था को जन्म दे सकता है, जिसके लिए संभवतः भारतीय अर्थव्यवस्था तैयार नहीं है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48.21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

## प्रसंगवश

# बजट से वृद्ध निराश

हिंदू धर्म और संस्कृति में वृद्ध जनों के सम्मान और सेवा संबंधी बड़ी-बड़ी बातें कही गई हैं। मनुस्मृति कहती है कि 'अभिवादनशील और नित्य वृद्धों की सेवा करने वाले की चार चीजें बढ़ जाती हैं: आयु, विद्या, यश और बल'। महाभारत में उल्लेख है कि 'वह सभा ही नहीं है, जिसमें वृद्ध न हों'।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वाल्मीकि प्रसंग है कि रामायण में जब भरत श्रीराम को मनाने वन में गए हैं तो राम ने उनसे कुशल प्रश्न पूछने के बहाने सारी राजनीति सिखलाई है। श्रीराम उनसे पूछते हैं कि "तात! क्या तुम देवतावों, पितरों, भृत्यों, पिता के समान आदरणीय वृद्धों, वैद्यों और ब्राह्मणों का सम्मान करते हो?" और अब तो संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा द्वारा भी 1 अक्टूबर का दिन "अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस" के रूप में मनाने की अपेक्षा की गई है। वह मनाया भी जाता है। हालांकि सद्यः प्रस्तुत किए गए देश के आम बजट में वृद्धों की अवहेलना जारी है। वे बेचारे कुछ सुविधाओं के लिए आस लगाए बैठे थे, किंतु निराशा ही हाथ लगी। कुछ समय पहले तक उन्हें रेल किराए में छूट मिलती थी, जो मोदी सरकार ने खत्म कर दी थी। सोचा था अबकी शायद यह रियायत बहाल हो जाए, पर ऐसा नहीं हुआ। चूंकि वृद्धजन युवाओं के समान पुरुषार्थ करने से तो रहे, अतः उन्हें डाकघर, बैंक आदि में जमा धन राशियों पर अधिक ब्याज मिलने की आशा रहती है। मोदी काल में ये दरें निरंतर घटीं। इससे उनका जेब खर्च कम का कम ही बना रहा। आयकर में उन्हें जैसी और जो अल्प सुविधा अब तक थी, वही बनी रही। उससे आगे उन्हें कुछ भी नहीं मिल सका, जबकि महगाई बराबर बढ़ रही है। उनकी कर छूट सीमा अवश्य बढ़ाई जानी चाहिए थी, किंतु ऐसा नहीं हुआ।

पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। कोरोना काल में रोकी गई मंहगाई भत्ते की किश्त भी नहीं प्रदान की गई, जबकि कहा यह जा रहा है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। समाज में वृद्धों के साथ उपेक्षा और अत्याचार की खबरें आम हैं। संतानें उन्हें प्रताड़ित करती हैं, घर से निकाल देती हैं। इस पर जो कानून है, वह अव्यवहारिक है। फिलहाल केंद्र सरकार बुजुर्गों को रामभरोसे ही छोड़े है।

# शिक्षा में गुणवत्ता की आवश्यकता



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है।

नए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने स्वीकार किया है कि देश के विश्वविद्यालयों से डिग्री लेकर निकलने वाला हर दूसरा नौजवान किसी काम के लायक नहीं होता। यानी पचास प्रतिशत, कहें तो आधे डिग्रीधारी नौजवान किसी नौकरी के लायक नहीं होते। कुछ वर्ष पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह अनुपात इससे भी भयानक बताया था। कहा गया था कि देश के तकनीकी संस्थानों से निकलने वाले पचहत्तर प्रतिशत तकनीकी ग्रेजुएट किसी काम के लायक नहीं होते, जबकि पचासी प्रतिशत सामान्य ग्रेजुएट किसी नौकरी के लायक नहीं होते।

अब, सरकार है तो अपनी रिपोर्ट में कुछ लाज बचाकर ही बातें करेगी। इसलिए पचासी और पचहत्तर प्रतिशत को पचास प्रतिशत के दायरे में समेट कर नए आंकड़े जारी किए गए। जब कोई ग्रेजुएट होकर रोजगार के बाजार में उतरता है तो उसे "किसी काम के लायक नहीं" का तमगा पहना देना बहुत आसान है, लेकिन यह जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता कि आखिर किसी नौजवान को इस शिक्षण तंत्र ने कैसे "नालायक" बनाकर अकेला छोड़ दिया। न सिर्फ बनाकर, बल्कि अब वे उसे नालायक बता भी रहे हैं। क्या इसमें उस नौजवान की एकांत जिम्मेदारी है या हमारे शिक्षण तंत्र की विफलता भी इसमें शामिल है? सीधा सादा मामला बनता है शिक्षण की गुणवत्ता का और उस माहौल का, जो हम उस नौजवान को देते हैं। यानी, हमारा तंत्र अरबों रुपए खर्च कर करोड़ों नौजवानों को "किसी काम के लायक नहीं" की माला पहना कर जिंदगी के बियाबान में भटकने छोड़ देता है और हम विश्व गुरु आदि के दिवास्वप्न में डूबने लग जाते हैं। इस संदर्भ में कुछ बातें काबिले गौर हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में देश भर के पचास प्रतिशत डिग्री धारियों के किसी लायक नहीं होने की बात कही गई है। यानी इसमें देशभर में फैले विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही तमाम आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि के साथ ही बीएचयू, जेएनयू, डीयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी आदि जैसे नामचीन संस्थान भी शामिल हैं। सरकार ने अपनी रिपोर्ट में औसत निकालकर आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। थोड़ी गहराई से सोचें तो आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू आदि से निकलने वाले नौजवानों में ऐसी संख्या आनुपातिक रूप से कम होगी, जिन्हें किसी लायक नहीं कह सकें बनिस्पत बिहार-यूपी आदि के सामान्य संस्थानों से निकलने वालों के। मन थर्रा उठता है अगर यह सोचा जाए कि देश भर के पचास प्रतिशत "किसी लायक नहीं" बन पाने वालों में बिहार के विश्वविद्यालयों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा?

इनमें बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में अवस्थित निजी विश्वविद्यालयों या अन्य निजी संस्थानों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा। कोई रिपोर्ट अगर जारी हो और सच से पर्दा उठ सके तो पता चले कि बिहार, उत्तर प्रदेश आदि में अवस्थित अधिकतर सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान प्रतिभाओं के हंता बन कर रह गए हैं। देश के ऐसे नौजवान, जो डिग्री हासिल करने के बाद नियोक्ताओं के शब्दों में "किसी नौकरी के लायक" नहीं होते, आनुपातिक रूप से उनकी सबसे अधिक पैदावार हिंदी पट्टी के इन इलाकों में ही होती है। इससे भी अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है। लगता ही नहीं कि बिहार जैसे भयानक बेरोजगारी से ग्रस्त निर्धन राज्य के राजनीतिज्ञों को अपने विश्वविद्यालयों की दशा-दिशा से कोई मतलब भी है। सबकी आंखों के सामने हमारे अधिकतर विश्वविद्यालय सर्वाधिक भ्रष्ट सरकारी ऑफिसों में शुमार हो चुके हैं, जहां दिन-रात नियम कानूनों की खुलेआम हत्या होती है, जहां शिक्षा की गुणवत्ता पर सिर्फ मुंह जबानी बातें होती हैं, जहां के नामांकित छात्र इस देश के सबसे अधिक अभागे छात्रों में शुमार हैं और जहां से निकलने वाले अधिकांश ग्रेजुएट सच में किसी काम के लायक नहीं होते।

यह सब कोई कुछेक व्यक्तियों और समूहों की कारस्तानी नहीं, बिहार के अधिकतर विश्वविद्यालयों में प्रतिभाओं की, उत्साहों की, शैक्षणिक गुणवत्ता की, निष्ठाओं की, नियमों की, कानूनों की बाकायदा संस्थानिक हत्या होती है और यह सब कोई लुक छिप कर नहीं, खुला खेल फर्रुखाबादी की तर्ज पर होता है। बिहार सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की तर्ज पर कोई विशेष सर्वेक्षण करवाए, जिससे हम जान सकें कि हमारे राज्य के संस्थानों से निकलने वाले कितने प्रतिशत ग्रेजुएट किस लायक बन पा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# श्वेत प्रासाद में अश्वेत महिला

अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई महिला और वह भी अश्वेत राष्ट्रपति पद की दावेदार बनी है। इसके प्रमुख सबक हैं। पहला, पूंजीवाद यदि अपने ही हितों में काम करे तो प्रत्यक्ष रूप में सामाजिक भेदभाव के संस्कार दूर करता है। वह सामाजिक उत्पीड़न और विषमता दूर नहीं करता, लेकिन उन पर टिके सामंती संस्कारों को दूर करता है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

दूसरा, कमला हैरिस की उम्मीदवारी की घोषणा स्वयं निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की है। यह 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का मुकाबला करने का डेमोक्रेट्स का आह्वान है। मुझे कमला हैरिस के "भारतीय" मूल से कोई खास उत्साह नहीं हो रहा है, लेकिन रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स अमेरिका के लिए बेहतर हैं। तीसरा, अमेरिकी समाज में जनतांत्रिक चेतना, पूंजीवाद के दायरे में ही, इतनी तो है कि "भारतीय" मूल की उम्मीदवार को लेकर मुंडन कराने, धराशायी होने की धमकियां नहीं दी जा रही हैं, बल्कि भारतीय मूल के अमेरिका जा-बसैयों की शक्ति का पता चलता है। यह शक्ति केवल राजनीतिक नहीं है। हर क्षेत्र में भारतवंशी अग्रणी हैं। अब "मूल" निवासियों ने इनके प्रतिनिधि को शासन के शीर्ष पद के लिए प्रस्तावित किया है।

चौथा, अमेरिका अब एकमात्र महाशक्ति है। उसके राजनीतिक पटल का विश्व परिदृश्य पर असर पड़ता है। फिलिस्तीन पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जो विरोध प्रदर्शन हुए थे, उसके बाद विद्यार्थियों को खुफियागिरी, धमकी और पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह सब डेमोक्रेट बाइडेन के काल में हुआ। फिर भी वैश्विक राजनीति की दृष्टि से रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स बेहतर हैं। ओबामा अश्वेत थे और वे डेमोक्रेटिक पार्टी में एक महिला को पीछे करके आए थे। इतिहास ने करवट बदली है और उसी डेमोक्रेटिक पार्टी में ओबामा के वारिस बाइडेन ने अश्वेत महिला को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

-फेलबुक वॉल से

# क्या अवधेश प्रसाद होंगे सपा के मुख्यमंत्री दावेदार



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

> यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास।

दलित वोट बैंक उत्तर प्रदेश की सियासत का टर्निंग प्वाइंट बन गया है। यहां बसपा हाशिए पर है तथा इंडिया और एनडीए बराबर की शक्तियां बनकर किसी भी चुनाव के लिए दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। लोकसभा चुनाव में यूपी के नतीजों के हिसाब से तो इंडिया एनडीए पर भारी है। यूपी में भाजपा की हार और इंडिया की जीत के तमाम कारणों में एक बड़ा कारण ये है कि दलित समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा और बसपा से खिसक कर इंडिया यानी सपा और कांग्रेस के साथ दिखाई दिया। आगे भी बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दलित वर्ग किसके साथ आ रहा है और किसका साथ छोड़ रहा है।

बताते चलें कि अब से करीब दस बरस पहले यूपी में बसपा का इस समाज पर एकछत्र राज चलता था। पूर्व में 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने यूपी में दलितों-पिछड़ों का विश्वास जीतने की रणनीति में सफलता हासिल करने का सिलसिला शुरू किया था। गैर यादव पिछड़ी जातियों के बड़े वर्ग के साथ दलित समाज का करीब आधा हिस्सा भाजपा को निरंतर चुनावी सफलताएं दिलाने में सफल रहा। ऐसे में ज्यों-ज्यों भाजपा मजबूत होती गई बसपा उतनी ही कमजोर होती गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में सूबे में एक नया बदलाव आया और भाजपा व बसपा से जुड़ा दलित वर्ग छिटककर सपा और कांग्रेस (इंडिया) पर विश्वास करता दिखा। भाजपा को अतिआत्मविश्वास था कि गरीब-वंचित वर्ग को फ्री राशन और गरीब कल्याण योजनाएं जोड़े रहेंगी, किंतु आरक्षण, जाति जनगणना और बढ़ते निजीकरण की चर्चाओं के बीच संविधान की रक्षा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया। महंगाई और बेरोजगारी ने भी असर किया और यूपी में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बसपा की सियासी निष्क्रियता, गठबंधन की राजनीति के इस दौर में मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला, पार्टी संयोजक आकाश आंनद द्वारा भाजपा पर आक्रामक होने पर उन्हें बैठा देने जैसे घटनाक्रम से बसपा पर भाजपा की बी टीम के आरोप गहरे होते गए।

इससे मुस्लिम समाज ने तो बसपा को सिरे से खारिज किया ही बचाखुचा अच्छा खासा दलित समाज भी इंडिया के साथ आ गया। बसपा के मूल वोटबैंक को लगा कि पार्टी सुप्रीमो चाहती ही नहीं हैं कि उनकी पार्टी सत्ता में भागीदारी निभाए। ऐसे में भाजपा से नाखुश दलित समाज को न चाहकर भी बसपा के बजाय इंडिया को मजबूत करना बेहतर लगा। बसपा यदि अपना अस्तित्व बचाने के लिए यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव तक यानी ढाई-तीन वर्ष निरंतर सपा या कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ आक्रामक रही, पार्टी सुप्रीमो मायावती मुस्लिम-मुस्लिम का पहाड़ा छोड़कर दलित समाज के लिए जमीनी संघर्ष करती नजर आईं, संविधान की रक्षा जैसे विषयों पर गंभीर दिखीं, जाति जनगणना, आरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रहीं। निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोला या प्राइवेट कंपनियों में आरक्षण की मांग दमदार तरीके से उठाई तो बसपा अपना खोया दलित जनाधार भाजपा और इंडिया से थोड़ा बहुत वापस लाकर सूबे में त्रिकोणीय ताकत के समीकरण पैदा कर सकती है।

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास। सपा मुखिया चाहें तो पार्टी और इंडिया हित में वो त्याग की भावना दिखाकर दलित राजनीति का बड़ा ट्रंप कार्ड खेलकर अपनी सफलता की रफ्तार को आगे बढ़ा सकते हैं। अयोध्या में भाजपा को पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने वाले सपा के वरिष्ठ नेता, कई बार के विधायक, मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर बड़ी सियासी चाल चल सकते हैं। खुद मुख्यमंत्री बनने का मोह छोड़कर यदि अखिलेश यादव ने ऐसा कदम उठा लिया तो उनको अनेक लाभ मिलने की संभावना बन जाएगी। वो राष्ट्रीय फलक पर और तेजी से उभरेंगे, उनका कद राष्ट्रीय राजनीति में और भी ऊंचा हो जाएगा। दलित समाज से सपा की पुरानी कड़वाहट पूरी तरह दूर हो जाएगी। खुद जीतने की कोशिश के बजाय भाजपा को जिताने और बार-बार सपा को हराने कि रणनीति बनाने वाली बसपा को इस तरह सपा अच्छा सबक भी सिखा सकती है।

देश के अधिकांश राजनीतिक दल परिवारवादी कहलाते हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अक्सर परिवार वाद के आरोपों से घेरा जाता है। कांग्रेस ने इन इल्जामों से घिरी अपनी छवि को तोड़ने की हर संभव कोशिश समय-समय पर की है। दस साल चलने वाली यूपीए सरकार में सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बन सकती थीं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग के बाद भी उन्होंने पीएम बनना स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी को प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री की दावेदारी का चेहरा नहीं बनाया गया। मौजूदा समय में राहुल गांधी या सोनिया गांधी के बजाय कांग्रेस के दलित चेहरे मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। शायद यही सब कारण रहे कि आज कांग्रेस हाशिए से बाहर निकलकर अपनी पुरानी सियासी ताकत हासिल करने के लक्ष्य की तरफ बढ़ती दिख रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गांधी परिवार से त्याग की भावना सीखना चाहिए। यूपी में दलित चेहरे को मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर सपा अपने पीडीए की धार को और भी मजबूत कर देती है तो ताज्जुब नहीं कि अखिलेश यादव भविष्य की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का बड़ा चेहरा बन जाएं।

# व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध

समाज अनेकानेक व्यवस्थाओं की एक व्यवस्था है। अब अनेकानेक की कोई संख्या तो बतला नहीं सकूंगा। कैसे बतलाऊं? जीवन का विस्तार असीम है और इस विस्तार की दिशाएं या कोण भी अगणित हैं। इस विस्तार, दिशाओं और कोणों में कितनी संस्थाएं या व्यवस्थाएं काम कर रही हैं? इसे कौन बतला सकता है?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं परिवार से लेकर विश्वसंस्थाओं तक फैली हुई हैं। ये व्यवस्थाएं न्याय से भी जुड़ी हैं, शिक्षा और चिकित्सा से भी जुड़ी हैं। ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं पुलिस सेना रक्षा संचार से भी संबद्ध हैं। राजनीति और प्रशासन से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं धार्मिक भी हैं, आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक भी हैं। ये व्यवस्थाएं कृषि से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं स्थानीय भी हैं और विश्वस्तरीय भी हैं। ये संस्थाएं, व्यवस्थाएं या संगठन बनते और बिगड़ते रहते हैं, आगे भी बढ़ते हैं, पीछे भी हो जाते हैं। इनमें विरोध और अंतर्विरोध भी होते हैं, लेकिन इनके बीच एक संतुलन या समन्वय हमेशा बना रहता है। यह संतुलन और समन्वय ही समाज के स्वस्थ होने का लक्षण है। संतुलन समन्वय का आधार परस्पर विश्वास तथा परस्पर विश्वास का आधार सत्य है, लेकिन जब सत्य के स्थान पर छल आ जाता है, तब भरोसा भी विचलित हो जाता है, जब भरोसा विचलित हो जाता है, तब संतुलन और समन्वय गड़बड़ा जाता है, तब समाज के स्वास्थ्य की चिंता होती है, क्योंकि समाज स्वस्थ है तो व्यक्ति भी स्वस्थ होगा, उसके जीवन में सुख चैन होगा, लेकिन समाज ही अस्वस्थ होगा तब व्यक्ति का स्वस्थ रह पाना कठिन होता चला जाएगा।

झूठ, छल, कपट, अपराध, हिंसा, जबरदस्ती जैसी घटनाएं बढ़ती चली जाएंगी। मत्स्य न्याय या जंगलराज जैसा हो जाएगा। अशांति हो जाएगी। यह व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध है।

## एक नजर

### एसटीएफ ने असलहा तस्करों को किया गिरफ्तार

अमृत विचार,लखनऊ : उप्र. एसटीएफ ने राजधानी के पारा क्षेत्र से अंतर्राज्यीय स्तर पर असलहों के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से आठ पिस्टल, 18 मैग्जीन सहित कई वस्तुएं बरामद हुई हैं। एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि काफी समय से असलहों के तस्करी की सूचना प्राप्त हो रही थी। इस दौरान सूचनाओं का संकलन किया जा रहा था। बुधवार को पता चला कि अंबेडकरनगर निवासी मनीष गुप्ता एवं ग्वालियर निवासी शैलेंद्र शर्मा लखनऊ से अमेठी की ओर जा रहे हैं और उनके पास तस्करी के लिए जा रहे भारी मात्रा में असलहे मौजूद हैं। इस दौरान निरीक्षक शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम पारा पहुंची और बताए हुए स्थान पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# भीड़ जनित आपदा से बचाव के लिए एसओपी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने प्रदेश के समस्त जिलों को जारी किए दिशा निर्देश
- जारी एसओपी के आधार पर होंगे आयोजन, न होने पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** डीजीपी प्रशांत कुमार ने भीड़ जनित आपदा एवं भगदड़ से बचाव को लेकर आयोजनों में भीड़ प्रबंधन व पुलिस व्यवस्थापन के लिए (एसओपी) स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की है। उन्होंने किसी भी प्रकार के आयोजनों के समय, आयोजक, प्रशासन, पुलिस, अस्पताल, अग्निशम, सिविल डिफेंस आदि की क्या-क्या भूमिकाएं होंगी के बारे में बताया। भविष्य में होने वाले आयोजनों में इसी एसओपी के आधार माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी भीड़ जनित आपदा के दृष्टिगत एक एकीकृत प्रणाली विकसित करते हुए डीएम, सीएमओ, सिविल डिफेंस, अग्निशमन, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों तथा स्थानीय पुलिस के स्तर पर नियमित रूप से उक्त प्रणाली को विकसित व अपडेट किये जाने के लिए लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों को सम्मिलित करते हुए नियमित पूर्वाभ्यास। स्थानीय परिस्थितियों का समावेश करते हुए उक्त योजना को नियमित रूप से प्रतिवर्ष अपडेट किया जाए। जिले की पुलिस लाइन में विशेष आयोजनों में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा सुव्यवस्थित यातायात संचरण के दृष्टिगत आवश्यक संसाधनों व उपकरणों की नियमित देखरेख व कर्मियों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। जिला स्तर पर समस्त राजकीय व निजी अस्पतालों को चिन्हित कर लिया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय मजिस्ट्रेट व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जाना जरूरी है। अनुमतिकर्ता अधिकारी तथा स्थानीय पुलिस द्वारा यह पूर्णरूप से सुनिश्चित कर लिया जाए कि कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है तथा उस स्थल पर आगन्तुकों का सुरक्षित आवागमन सम्भव है। विशिष्ट अतिथियों के आगमन का मार्ग, जोन सेक्टर स्कीम तथा आकस्मिक प्रबंधन के संबंध में कार्ययोजना तैयार रखा जाए।

### एसओपी में 50 क्लाज

एसओपी में बताया गया है कि समस्त संबंधित विभागों यथा- नोडल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सुरक्षा एजेन्सी, नगर निगम, खाद्य सुरक्षा विभाग, एयरपोर्ट सुरक्षा से संबंधित समस्त एजेंसी तथा प्रोटोकॉल और जिला प्रशासन से समन्वय रखा जाए। कार्यक्रम धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक, खेल आदि किस प्रकार का है, इसकी विस्तृत जानकारी कर आगन्तुकों की संख्या का पूर्वानुमान भी रखा जाए। बता दें कि एसओपी में लगभग 50 क्लाज दिए गए हैं, जिनका पालन अनिवार्य किया गया है।

## थानों में बने जर्जर भवन होंगे ध्वस्त, बनेंगे नए आवास

**अमृत विचार,लखनऊ:** प्रदेश के कई थानों में बने आवासों के जर्जर हो जाने के कारण उसे ध्वस्त करने और नए आवासों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय से आए प्रस्तावों को ध्यान में रखते हुए शासन ने स्वीकृति भी दे दी है।

बतादें कि औरैया के थाना बिधूना में महिला आवास जर्जर हो गया है। इसके अलावा मुरादाबाद के थाना मुगलपुरा थाने में बने कर्मचारियों के आवास, यहीं के कोतवाली परिसर में बने कर्मचारियों के आवास, मथुरा के थाना नौहझील में आवास एवं बैरिक, लखनऊ के बंथरा में मथुरा के मोगर्रा थाना परिसर में जर्जर आवासों के ध्वस्तीकरण और नए आवास के निर्माण की संस्तुति कर दी गई है।

# 10 आईएएस व कई पीसीएस अधिकारियों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शिव प्रसाद बने उप्र अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के प्रबंध निदेशक

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने 10 आईएएस व आधा दर्जन से ऊपर पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। आईएएस शिव प्रसाद को अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पद पर तैनात थे। यहां रहे राधे श्याम को प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

अभी तक प्रतीक्षारत रही प्रेरणा सिंह को एसीईओ ग्रेटर नोयडा बनाया गया है। अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल डा कंचन शरण को अपर आयुक्त आगरा मंडल के पद पर भेजा गया है। अपर आयुक्त बरेली मंडल अरुण कुमार को अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल भेजा गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल शीलधर सिंह यादव को विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बनाया गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल रणविजय यादव को विशेष सचिव सिंचाई के पद पर भेजा गया है। फिरोजाबाद की सीडीओ दीक्षा जैन को सीडीओ कानपुर, कानपुर विकास प्राधिकरण के सचिव रहे शत्रुघन वैश्य को फिरोजाबाद का सीडीओ बनाया गया है। कानपुर के सीडीओ सुधीर कुमार को कानपुर का नगर आयुक्त बनाया गया है।

पीसीएस अधिकारियों में सिटी मजिस्ट्रेट लखनऊ सिद्दार्थ को कानपुर में एडीएम एफआर के पद पर भेजा गया है। गोरखपुर के सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे को एडीएम प्रशासन गौतमबुद्धनगर बनाया गया है। एसडीएम बुलंदशहर विमल किशोर गुप्ता को मेरठ में एडीएम न्यायिक के पद पर भेजा गया है। एसडीएम बुलंदशहर लवी त्रिपाठी को एसडीएम हापुड़ बनाया गया है। एसडीएम बहराइच पंकज दीक्षित को एसडीएम आजमगढ़ बनाया गया है। सहायक निदेशक स्थानीय निकाय शालिनी सिंह को एसडीएम उन्नाव बनाया गया है। एडीएम न्यायिक रायबरेली राजेश कुमार यादव-प्रथम को एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा बनाया गया है। एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा विशाल कुमार यादव को एडीएम रायबरेली बनाया गया है।

### सिद्धार्थ श्रीवास्तव बने छठे राज्य वित्त आयोग के सचिव

वित्त विभाग के अपर निदेशक सिद्धार्थ श्रीवास्तव को छठें राज्य वित्त आयोग का सचिव बनाया गया है। सचिव की नियुक्ति के बाद आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि अब वित्त आयोग अपना कामकाज शुरू कर सकेगा। तीन साल के लिए गठित यह आयोग पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों को राज्य सरकार के राजस्व से मिलने वाली हिस्सेदारी तय करेगा। आयोग इन दोनों संस्थाओं के संसाधन बढ़ाने के लिए सुझाव भी देगा। मालूम हो कि शासन ने अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार इस आयोग का अध्यक्ष और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन कुमार और आलोक दीक्षित को आयोग का सदस्य पहले ही बना चुकी है।

# तहसील में निवास करें एसडीएम और तहसीलदार : मुख्य सचिव

## मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत समस्याओं का करें निराकरण

**अमृत विचार:** प्रदेश के लोगों की समस्याओं को सुनने व समय पर उसका निस्तारण पर जोर देते हुए शासन ने उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को तहसील में ही निवास करने के सख्त निर्देश दिये हैं। इस सिलसिले में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। निर्देश का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जारी निर्देश में मुख्य सचिव ने कहा है कि उप जिलाधिकारी व तहसीलदार ज्यादा से ज्यादा समय अपनी तहसील में बितायें। आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत उसका निराकरण करने का प्रयास करें। कहा गया है कि इससे न सिर्फ अधिकारियों की, बल्कि सरकार की छवि में भी सुधार होगा। मुख्य सचिव ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

मुख्य सचिव ने कहा है कि सरकार की गुड गवर्नेंस की प्रतिबद्धता के लिए यह आवश्यक है कि तहसील स्तरीय प्रशासन पूरी सजगता व तत्परता से कार्य करें। इस निर्देशन व पर्यवेक्षण को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी जिस तहसील में तैनात हैं, वहीं निवास करें। तहसील राजस्व प्रशासन के अंतर्गत सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तरह किय जाय। यह सुनिश्चित करना संबंधित जिलाधिकारी व मंडलायुक्तों का प्राथमिक दायित्व है। कहा गया है कि सभी जिलाधिकारी ईमेल आईडी पर सात दिन के अंदर इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगे। संबंधित मंडलायुक्त व शासन स्तर से इसका आकस्मिक निरीक्षण व जांच भी की जाएगी। संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी अगर तहसील में निवासरत नहीं पाए गए तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित जिलाधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।



बुधवार को राजधानी स्थित सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के दौरान बरेली मंडल से आए विधायक।

# कैदी के भागने पर जांच टीम गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रयागराज स्थित नैनी सेंट्रल जेल से सामूहिक दुष्कर्म का बंदी फरार हो जाने के मामले में जांच गठित कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर अन्य जेल कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

बतादें कि कालीचरण नामक कैदी शनिवार को जेल से फरार हो गया था। वह 5 महीने पहले जेल में लाया गया था। जानकारी के मुताबिक कैदी कालीचरण की ड्यूटी बाहर बाग में खेती में लगी थी। कैदी के फरार होने की सूचना जेल प्रशासन में हड़कंप मचगया। जेल अधीक्षक ने एक हेड वार्डन और तीन वार्डन को सस्पेंड कर दिया गया था। कैदी के भगाने की सूचना लखनऊ में आला अधिकारी को दी गई, तो महानिदेशक कारागार पीवी रामाशास्त्री स्वयं कारागार पहुंचे और जेल कर्मियों से पूछताछ की। फिलहाल पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। बताया जा रहा है कि कालीचरण गैंगरोप का आरोपी था।

## क्लाइमेटिक जोन आधारित पौध तैयार किए जाएं

**अमृत विचार, लखनऊ:** उद्यान राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा, निर्माणाधीन 150 हाईटेक नर्सरियों के निर्माण कार्य में तेजी लाए और उनमें क्लाइमेटिक जोन के अनुसार गुणवत्तापरक पौध तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उद्यान मंत्री, बुधवार को विभागीय निर्माण कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

### बरेली की पुरानी जेल के पुनर्निर्माण के लिए 68 करोड़ जारी

अमृत विचार,लखनऊ : बरेली में पुराने कारागार के पुनर्निर्माण के लिए शासन ने पुन: 68 करोड़ की धनराशि जारी की है। यह धनराशि तीसरी किस्त के रूप में दी गई है। इससे पहले पहले दो किश्तों में धनराशि जारी की जा चुकी है। इस परियोजना का कुल लागत करीब 172 करोड़ के आसपास आई है।

# दो हजार चिकित्सक बन गए विशेषज्ञ डॉक्टर

पद्माकर पाण्डेय,लखनऊ

- न्यायालय के निर्देश के बाद डिप्लोमा डॉक्टर्स में उम्मीदें जगीं

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर हो गई, उच्च न्यायालय (लखनऊ बेंच) के एक आदेश से विभाग की समस्या का समाधान हो गया। वर्तमान में सेवारत करीब दो हजार डिप्लोमाधारी डॉक्टर विभागीय रिकार्ड में विशेषज्ञ हो गए हैं।

जन सामान्य को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए बीते कई दशक से राज्य सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में कार्यरत एमबीबीएस डॉक्टरों को विभिन्न विषयों में डिप्लोमा करने भेजा जाता था। प्रदेश के आठ मेडिकल कॉलेजों में संसाधन बढ़ने के साथ ही डिप्लोमा लेने वालों की संख्या में भी इजाफा होने लगा।

नतीजतन हर साल पीएमएसएच के 150-200 एमबीबीएस डॉक्टर दो वर्षीय डिप्लोमा मिलने लगा था। तकनीकी रूप से दिक्कत पंजीकरण को लेकर आ गई, तत्कालीन मेडिकल काउसिंल ऑफ इंडिया द्वारा मेडिकल कॉलेजों को डिप्लोमा सीट नहीं बढ़ाई गई, लिहाजा मेडिकल कॉलेजों के पास प्रति डिप्लोमा जितनी अधिकृत सीटें होती थी, उतने ही डॉक्टरों को उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी में बतौर विशेषज्ञ पंजीकृत किया जाता था। अर्थात हर विभाग में केवल सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले चिकित्सक ही पंजीकृत होते थे, अन्य सभी बतौर एमबीबीएस अस्पतालों में विशेषज्ञता युक्त सेवाएं रहे हैं।

इन डॉक्टरों ने न्यायालय की शरण ली, बीते दिनों डिप्लोमाधारी डॉक्टरों के पक्ष में निर्णय आने से सभी ने राहत महसूस किया।

> संबन्धित मेडिकल कॉलेज से अपनी प्रमाण पत्र को फेरीफाई कराकर डॉक्टरों को स्टेट मेडिकल फैकल्टी में ऑन लाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने वाले डॉक्टरों का विशेषज्ञता में पंजीकरण किया जाएगा।
>
> -डॉ .आलोक कुमार , सचिव उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी

> उच्च न्यायालय का निर्णय, डिप्लोमाधारी डॉक्टरों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के लिए भी अच्छा है। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए राज्य सरकार को पुन: डिप्लोमा कोर्सेस शुरू कराने की पहल करनी चाहिए।
>
> -डॉ .अमित सिंह , प्रांतीय महामंत्री पीएमएसएच

# क्लेम के लिए तो नहीं हुआ फर्जी पोस्टमार्टम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**पशुधन बीमा योजना**

- पशुओं की मौत पर किए गए दावों की चिकित्सकों को नहीं जानकारी
- ज्यादा क्लेम आने पर 33 जिलों के 63 चिकित्सक ठहराए गए थे दोषी

**अमृत विचार :** जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना में पशुओं की फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बना क्लेम लेने की आशंका है। पूर्व में उप्र पशुधन विकास परिषद द्वारा बीमित पशुओं के मरने पर अधिक इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो (आईसीआर) को लेकर आपत्ति जताई गई है। 33 जिलों के 63 पशु चिकित्सकों के बीमाकरण पर रोक लगाई गई।

इनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पशु पालकों ने दावा किया। पता तब चला जब कुछ चिकित्सकों ने लिखित जवाब दिया कि पशुओं की मौत की सूचना की उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही बीमा कंपनी को क्लेम फार्म भेजे गए। उनके अनुसार बीमित कोई भी पशु की मौत संज्ञान में नहीं है। ऐसे में सूचना गलत और भ्रामक है इसकी जांच करा कार्रवाई की जाए।

### पशु चिकित्सकों की रिपोर्ट पर मिलता है क्लेम

पशुओं का बीमा चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर होता है। उनकी मौत पर उन्हीं चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी की जाती है। ऐसे में सवाल है कि जिन पशुओं की क्षतिपूर्ति का दावा किया गया वह प्रक्रिया चिकित्सकों द्वारा नहीं की गई। जांच में यह साबित हुआ तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आएगा।

### प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने की हुई पुनरावृत्ति

विभागीय रिपोर्ट के मुताबिक 1 सितंबर 2023 से 14 जून 2024 तक 63 जिलों में आईसीआर पर बीमाकरण करने वाले 199 पशु चिकित्सक चिह्नित किए गए थे। इनमें 63 में 33 जिलों में पशुओं के मरने पर प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने की पुनरावृत्ति हुई है। जबकि 30 जिलों में भी ज्यादा क्लेम आया।

> आईसीआर में कुछ जिलों से ज्यादा दावे आए थे। संबंधित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन, अभी तक लिखित ऐसा कोई जवाब नहीं मिला है। उत्तर मिलते ही जांच कराई जाएगी। -डॉ. मंजीत राठौर, पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन विकास परिषद

# देवरिया मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत के मामले की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** देवरिया स्थित महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी में इलाज के दौरान युवक की मौत के मामले की जांच होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही कानपुर देहात के झींझक में बिना पंजीकरण के नर्सिंग होम संचालन की भी जांच की जाएगी।

देवरिया के बरियारपुर स्थित बैकुंठपुर निवासी आर्दश जायसवाल (18) की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। परिजन युवक को लेकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचे थे। परिवारजनों का आरोप है कि अस्पताल में 45 मिनट बाद पर्चा बना और समय पर इलाज न मिलने से युवक की मौत हो गई थी। वहीं दूसरा मामला, कानपुर देहात के झींझक में पंजीकरण के नर्सिंग होम संचालित करने का है , संबंधित खबर वायरल हुई थी। ब्रजेश पाठक ने दोनों मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## वर्ग पहेली-141

**बाएं से दाएं**

1.1. प्रतिमान युक्त 2. प्रतिमान के रूप में होने वाला 3. सामान्य से हट कर विशेष प्रकार की आकृति वाला।
6. नारी की स्वतंत्रता
7. दही मथने की लकड़ी की मथानी।
8. एक पक्षी, सिरोही या किलंहटी नामक चिड़िया।
9.1. पार करने या जाने की क्रिया या भाव 2. व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन 3. तृप्ति; संतोष 4. उत्तीर्ण होना, परीक्षा या जांच में खरा उतरना 5. बादल 6. अध्ययन, पढ़ना 7. आगे बढ़ना 8. पूरा करना।
11.1. पत्र, चिट्ठी 2. रेखा

**ऊपर से नीचे**

2.1. कुल, वंश, नस्ल, कौम 2. व्यक्तित्व 4. अस्तित्व 5. शरीर।
3.1. किसी क्षेत्र को नगरीय सुविधाओं से युक्त करने की क्रिया।
4.1. सन्मार्ग पर चलने अथवा उस दिशा में प्रेरित करने वाला, आध्यात्मिक गुरु 2. गुरु की कृपा से बना ज्ञानी अथवा निपुण।
5. वीरों को जन्म देने वाली माता, वीर-माता, वीर-जननी।
8.1. अगरचे, यद्यपि 2. हालांकि।
10. खंडित, विभक्त, कटा हुआ।




### वर्ग पहेली -140 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ए | क | ता | ■ | ■ | 2 ज़ |
| कां | ■ | ■ | 3 अ | मी | न |
| श | ■ | ■ | सं | ■ | ख़ा |
| ■ | 4 ए | कां | ग | ■ | ■ |
| ■ | ट | ■ | ति | ■ | 5 बि |
| ■ | ल | ■ | ■ | 6 मे | वा |
| 7 फु | स | ला | ऊ | ■ | ई |

## सुडोकू -54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | 4 | | | | 5 |
| 4 | | | 7 | 2 | 9 | | 1 | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |
| | | 5 | 2 | | 4 | 6 | | |
| | | 2 | | 7 | | | 9 | |
| | | | 1 | | | | | 2 |
| | 8 | | 4 | 3 | 7 | | | 6 |
| 6 | | | | 5 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 26 जुलाई 01.58 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 16.16 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपको व्यर्थ बहसबाजी से बचना चाहिए। इसके कारण आपसे प्रियजन नाराज हो सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में सावधानी रखें। परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृष** — आज प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क बनने वाले हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ भी अवश्य उठाएंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे।

**कर्क** — आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के काम में वृद्धि होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। पैरों में दर्द और ऐंठन की शिकायत हो सकती है। महिलाओं को कुछ थकान महसूस होगी। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**सिंह** — आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। आपको तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। जीवनसाथी को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे।

**कन्या** — आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपने परिजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें।

**तुला** — आज वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों के भविष्य को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं में कुछ बाधाओं के साथ सफलता मिलेगी। छोटी बातों पर अनावश्यक उलझने से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।

**धनु** — आज आकस्मिक धन हानि हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से आपको बचना चाहिए। आप कुछ परेशान से रहेंगे। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर** — आज व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। लेनदेन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपकी पदोन्नति को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज अपनी वक्तव्य शैली से लोगों को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। अधिकारियों के सामने अपनी योग्यता का परिचय देंगे। उच्च पद प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मीन** — आज किसी पर ज्यादा निर्भरता होना उचित नहीं है। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। व्यवसाय में व्यय होने के योग बन रहे हैं। रुके हुए मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन — सुबह : 10.48
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY PIX
जस्टिस लीग — सुबह : 11.18
गॉडजिला — रात : 09.00

&pictures
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.20
गो गोआ गॉन — रात : 08.00

ZEE CINEMA
सिंबा — दोपहर : 12.18
अखंडा — रात : 08.00

colors CINEPLEX
बू — सुबह : 11.12
खतरनाक खिलाड़ी — शाम : 05.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा- सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा- शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी — मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## एक नजर

### घरेलू विवाद में वृद्ध ने फंदे से लटक कर दी जान

**पुरवा उन्नाव।** कस्बे के मोहल्ला जोतपुर निवासी 65 वर्षीय वृद्ध ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की। जोतपुर मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय चंद्रिका ने घरेलू विवाद के बाद बुधवार दोपहर घर के बगल में बने गोड़े में लगे नीम के पेड़ में रस्सी के फंदे के सहारे फांसी लगा जान दे दी। पड़ोसी युवक ने उसे लटका देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पत्नी चंदावती शव देख बेहाल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चंद्रिका की मौत से पत्नी, बेटा राजकुमार, सूरज, करन, सोहन व बेटी काजल बेहाल रहे। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**सोहरामऊ।** सोहरामऊ थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर रसूलपुर गांव के सामने एक ई-रिक्शा सोहरामऊ की ओर जा रहा था। तभी कानपुर से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें ई-रिक्शा चालक सूरज पुत्र राम स्वरूप निवासी हमीरपुर थाना बंथरा लखनऊ गंभीर घायल हो गया।

### ट्रैक के पास मिला अधेड़ का क्षत-विक्षत शव

**सोहरामऊ।** थानांतर्गत जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को 52 वर्षीय व्यक्ति का क्षत विक्षत शव पड़ा होने की जानकारी लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराने के प्रयास किए। लेकिन, वहां मौजूद लोग उसे पहचान नहीं सके। इस पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। वहीं एक अन्य घटना में कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर सदर कोतवाली अंतर्गत लोक नगर क्रासिंग के पास बुधवार सुबह लोकनगर मोहल्ला निवासी राजेंद्र शर्मा (70) ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गए। आरपीएफ ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बाइक से गिरकर महिला घायल, रेफर

**औरास।** हरदोई जिला के थाना कासिमपुर के अकउरी गांव निवासी चांदनी (25) पति जावेद के साथ भोरपहर बस से संडीला जा रही थी। तभी औरास थानाक्षेत्र के संडीला-चकलवंशी मार्ग पर कस्बा औरास में धर्म कांटा के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होने से महिला गिरकर गंभीर घायल हो गई। मामूली चोटहिल पति लोगों की मदद से उसे एम्बुलेंस से सीएचसी ले गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

### क्रिकेट ट्रायल 26 को

**उन्नाव।** यूपीसीए के निर्देश पर खेल सत्र 2024-25 के रणजी अंडर-23 का जिला स्तरीय ट्रायल 26 जुलाई को होगा। यह जानकारी देते हुए डीसीए महासचिव पीके मिश्रा ने बताया कि ट्रायल प्रतियोगिता सुबह सात बजे से करोवन मोड़ स्थित निखत स्टेडियम में शुरू होगी। जिसमें पंजीकृत क्रिकेटरों को अपने आधार कार्ड की मूल प्रति व जन्म प्रमाणपत्र सहित स्टेडियम पहुंचना है।

### मशाल जुलूस आज

**उन्नाव।** करगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या 25 जुलाई की शाम छह बजे जिला भाजपा द्वारा मशाल जुलूस निकाला जाएगा। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने बताया कि जुलूस आवास विकास कालोनी स्थित पटेल पार्क से शुरू होगा। भाजपा कार्यकर्ताओं से करगिल विजय दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# सालों से पक्के घर की आस लगाए रहे, कच्चे में फिर आ गई बारिश

## गरीब और दिव्यांगों को आवेदन के बाद भी नहीं मिल सके प्रधानमंत्री आवास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गरीब परिवारों के कच्चे मकानों की दरारें भी गिरने का संकेत दे रही हैं। लेकिन, उन्हें सिर छिपाने की मजबूरी है। इस बार फिर बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन, गरीब आवेदन के बाद भी पक्के मकान की सिर्फ उम्मीद लगाए बैठे हैं।

इस बार फिर से बारिश शुरू हो चुकी है। सैकड़ों गरीबों की आवास के लिए सरकारी मदद की आस अबकी बार भी पूरी नहीं हो सकी है। इससे अब उन्हें बारिश का मौसम फिर से डर के साये में बिताना पड़ रहा है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार जिले में हजारों लोगों को बीते वित्तीय वर्ष तक पीएम आवास योजना ग्रामीण व कस्बे क्षेत्र के तहत रुपया दिया गया है। जिससे ये लोग अपने पक्के मकान बनवा लें। विभागीय अफसरों का दावा है कि जांच के बाद केवल पात्र को ही पैसा दिया जाता हैं। लेकिन प्रधान, सचिव व चेयरमैन से लेकर नगर पंचायत व ब्लॉक तक भ्रष्टाचार के बल पर तमाम अपात्र लाभ लेने में कामयाब हो जाते हैं। जबकि तमाम पात्र अधिकारियों के चक्कर काटते रहते हैं। और वर्षों से पक्के मकान की आस लगाए बैठे हैं।



- सीडीओ बोले, पात्रों को दिए जा रहे आवास, गड़बड़ी की शिकायत आई तो होगी जांच

### बोले सीडीओ

सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के पात्रों को आवास दिये जा रहे हैं। इसके लिये अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए हैं। आवास के पात्रों की जांच कर सूची में नाम शामिल किया जाता है। अगर कोई भी शिकायत हमारे पास आयेगी तो उसे जरूर दिखवाएंगे।

### बोले लोग



बिछिया ब्लॉक के रुपऊ गांव निवासी दिव्यांग शुभम पुत्र अवधेश द्विवेदी ने बताया कि उसने आवास का आवेदन कर पक्के मकान का सपना देखा था। लेकिन, उसे आवास आज तक नहीं मिल सका।

दिव्यांग शुभम द्विवेदी।



नवाबगंज कस्बा क्षेत्र के गांव पछियांव निवासी गुरुचरण पुत्र सुंदर साहू ने बताया कि उसने आवास के लिए आवेदन किया था। आवास न मिलने से तिरपाल डालकर रहने को मजबूर है।

गुरुचरण साहू



हसनगंज ब्लॉक क्षेत्र के जिन्दासपुर गांव निवासी दिव्यांग देवदत्त पुत्र छोटेलाल तिवारी ने बताया कि आवास के लिये पांच साल से ब्लॉक अफसरों के चक्कर लगा रहा हूं। लेकिन आज तक आवास नहीं मिला।

दिव्यांग देवदत्त तिवारी



पुरवा कस्बे के मोहल्ला वजीरगंज निवासी शबनम पत्नी फ़रीद ने बताया कि उसने आवास के लिए नगर पंचायत से लेकर जिले तक कई बार शिकायत की। लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई।

शबनम

# युवकों के शव गांव पहुंचे तो मचा कोहराम

**फॉलोअप**

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में बकरी निकालने सूखे कुएं में एक के बाद एक उतरे रिश्ते के चाचा-भतीजा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। पोस्टमार्टम के बाद उनके शव गांव पहुंचे तो ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। चाचा की मौत दम घुटने से होने की बात सामने आई है। लेकिन, भतीजे की गिरने से लिवर व सिर में चोट लगने से मौत हुई है। इससे माना जा रहा है कि जहरीली गैस के प्रभाव से उसके हांथ से रस्सी छूट गई होगी और वह गिर गया होगा। वहीं दोनों का परियर घाट में बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गांव के मजरा वजीरगंज निवासी सुनील उर्फ लाला लोधी (36) पुत्र स्व. धनीराम के घर में एक पुश्तैनी कुआं है। सूखने के बाद वह इस समय निष्प्रयोज्य है। लाला मजदूरी के साथ घर में बकरी पाले था। मंगलवार देरशाम अचानक बकरी का एक बच्चा कुएं में गिर गया था। जिसे निकालने के लिए रस्सी के सहारे लाला नीचे उतरा। लेकिन कुएं में दम घुटने से वह अचेत हो गया। परिजनों के बुलाने पर जब कोई उत्तर नहीं मिला तो उन्होंने शोर मचाया। शोर सुन पड़ोस में रहने वाला रिश्ते में उसका भतीजा बबलू (23) भी कुएं में उतर गया था। दोनों के बाहर न आने पर अग्निशमन कर्मियों ने रेस्क्यू कर उन्हें निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया था।

जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया था। बुधवार को हुए पोस्टमार्टम में लाला की मौत दम घुटने से होने की बात सामने आई है। वहीं जहरीली गैस की चपेट में आकर बबलू के हाथ से रस्सी छूट गई और नीचे गिरने से उसके सिर व लीवर में चोट आने से उसकी मौत हो गई। एसडीएम नवीनचंद्र ने बताया कि राजस्व कर्मी मृतक आश्रितों के संपर्क में हैं। श्रेणी के अनुसार जो संभव होगा सहायता दिलाई जाएगी। वहीं बुधवार को बकरी के बच्चे के शव को भी निकाल कर कुएं को पटरे से ढकवा दिया गया।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

- सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में बीते मंगलवार को कुएं में उतरे दो युवकों की हो गई थी मौत

### परिजन रहे बेहाल ग्रामीणों ने दी सांत्वना

सफीपुर। दिवंगत लाला के तीन बच्चे हैं। इनमें एक बेटी अंजली (10), बेटे (15) व अतुल (13) हैं। उसकी मौत से पत्नी पूनम का रो-रोकर बेहाल है। वहीं बबलू की अभी शादी नहीं हुई है। दो भाइयों में वह बड़ा था। उसके पिता दर्शन लाल की एक साल पहले मौत हो चुकी है। उसकी मौत से मां माया सदमे में है।

# जमा पैसा लेने पहुंचे लोगों से हुआ विवाद

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला तालाब में बुधवार को फिर मनी लांड्रिंग के मामले में अपनी जमा रकम मांगने सैकड़ों लोग आरोपी के दरवाजे पर जा धमके। जहां आरोपी व पीड़ितों में तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी प्रकार बीचबचाव कर मामले को रफा दफा कराया।

बता दें कि नगर के मोहल्ला तालाब निवासी राजू खां और उनके परिजनों द्वारा वर्षों से मनी लांड्रिंग के नाम पर 20 फीसदी ब्याज पर नगर के अलावा आसपास के जिलों के लोगों का करोड़ों रुपये जमा कराए थे। लेकिन, अप्रैल में आरोपियों ने पैसा लगाने वाले लोगों को किश्त देना बंद कर दिया था। पीड़ितों को पैसा न देना पड़े इसके लिए बीती 25 अप्रैल की रात राजू खां ने खुद को गोली मार लेने की अफवाह फैलाई और अस्पताल में भर्ती हो गए थे। पुलिस ने मामले को फर्जी करार देते हुए खुलासा कर दिया था। आरोपी राजू खां और अयाज खां ने पीड़ितों को 24 जुलाई को पैसा वापस करने का आश्वासन दिया था। जिस पर बुधवार को सैकड़ों लोग अपना पैसा मांगने आरोपी के घर जा पहुंचे। दरवाजे पर भारी भीड़ एकत्र हो गई और दोनों पक्षों में मारपीट के हालात बन गए।

आरोपी ने भूमि का बैनामा अभी न हो पाने के कारण पैसा वापस करने में असमर्थता जताई। लेकिन, तब तक नगर पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र पांडेय फोर्स के साथ वहां पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। तब आरोपी ने पैसा वापस करने की अगली तारीख 9 अगस्त तय कर दी। जिससे बुधवार को यह मामला किसी तरह रफा दफा हो गया। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि कुछ लोग अपना पैसा मांगने आरोपी के घर पर पहुंचे थे। पैसा न देने पर दोनों ओर से कहासुनी हुई। लेकिन पुलिस ने पहुंचकर मामला शांत करा दिया। अब आरोपी ने 9 अगस्त को पैसा वापस करने का वादा किया है।



हंगामा कर रहे लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने कराया बीच-बचाव

# करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जवाहर खेड़ा गांव में आइसक्रीम का ठेला चार्ज करने के लिए स्विच में तार लगाते समय युवक की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई।

बता दें कि जवाहर खेड़ा निवासी शिवशंकर (33) पुत्र स्व. रामसजीवन खेती के साथ आइसक्रीम का ठेला भी लगाता था। मंगलवार को खेत से काम कर लौटा और बाहर खड़े अपने ठेले के फ्रीजर को चार्ज करने के लिए स्विच में तार लगा रहा था। प्लग न होने से अचानक वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। किसी काम से निकले परिजनों ने उसे अचेत पड़ा देखा तो उठा कर पास के एक निजी अस्पताल लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। छोटे भाई प्रेम शंकर की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की। पोस्टमार्टम में इलेक्ट्रिक शाक से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई है। वह तीन भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत से पत्नी सावित्री, बेटे शनि, गोलू व शिवांश बेहाल हैं।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मौजूद परिजन। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### खेल प्रतियोगिता में पांच नए खेल शामिल, समिति गठित

**उन्नाव।** जीजीआईसी में डीआईओएस एसपी सिंह की अध्यक्षता में स्पोर्ट्स फार स्कूल कार्यक्रम के तहत मंडलीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता की वार्षिक बैठक हुई। इस दौरान हुए विचार-विमर्श के बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए विद्यालयों को संयोजक मनोनीत किया गया। साथ ही जिला स्तरीय क्रीड़ा समिति का गठन हुआ। मंडलीय खो-खो व एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के लिए जीजीआईसी, कबड्डी के लिए एसएवी अचलगंज व अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए एबीआईसी उन्नाव को संयोजक बनाया गया। प्रतियोगिताएं उन्नाव शहर, उन्नाव देहात, बीघापुर, सफीपुर, नवाबगंज व मौरावां जोन स्तर पर कराया जाना तय हुआ। प्रस्तावित खेल रैली में पांच सेपक टकारा, वुशु, क्लारीपट्टू, गतका व कुराष नए खेलों को शामिल किया गया। जिला स्तरीय खेल समिति के अध्यक्ष डीआईओएस और उपाध्यक्ष बीएसए संगीता सिंह होंगी, जबकि सर्वसम्मति से मंत्री नवीन सिन्हा व कोषाध्यक्ष एबीआईसी के प्रधानाचार्य अजब सिंह बनाए गए। बैठक में परमात्मा शरण, दिलीप भदौरिया, अरुण देव द्विवेदी, एसपी सिंह, शिव बाबू, अनूप सिंह आदि मौजूद थे।

### विवाहिता ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी नवविवाहिता ने पति समेत आधा दर्जन ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व बेटी का जन्म होने पर उसे छोड़ देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव जमुनिहा कच्छ के मजरा बघौढा निवासी रामगोपाल की बेटी शशी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो वर्ष पूर्व उसकी शादी क्षेत्र के गांव मझरिया कलां के मजरा कोलवा निवासी हरिनाम के बेटे करन से हुई थी। उसका आरोप है की शादी के बाद से ही पति व ससुर के अलावा सास उमा देवी, जेठ अर्जुन, जेठानी सुधा व ननद नीलम कम दहेज लाने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करते थे और वे मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाव बना रहे थे। इसी बीच जुलाई-2023 को सफीपुर सीएचसी में ससुरालियों की मौजूदगी में उसने बेटी को जन्म दिया। उसने बताया बेटी होने पर ससुरालीजन उसे अस्पताल में छोड़कर चले गए। बताया कि बीते अप्रैल माह में वह अपने पिता के साथ बच्ची को लेकर ससुराल गई तो ससुरालियों ने गालीगलौज कर उसे घर से भगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दमकल कर्मी की अचानक बिगड़ी हालत, मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र में तैनात दमकल कर्मी की खाना खाते समय अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों की सूचना पर एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कमांडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू की। बता दें कि औरैया जिला के देवरपुर गांव के मूल निवासी सत्य प्रकाश (58) पुत्र घासीराम सदर कोतवाली अंतर्गत दोस्तीनगर स्थित अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र में फायरमैन पद पर तैनात थे। वह परिवार के साथ केंद्र में बनी कालोनी में रहते थे। बुधवार दोपहर दो बजे घर पर खाना खाते समय अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। परिजनों की सूचना पर फायर सेंटर की एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पिकअप की चपेट में आने से तीन मजदूर घायल

**औरास।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ मजदूरी करने जाने को वाहन का इंतजार कर रहे मजदूरों पर ट्रक से टकराकर पिकअप पलट गया। इसमें तीन मजदूर गंभीर घायल हो गये। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के इनायतपुर गांव निवासी सत्तार अली पुत्र करीम बक्श, इरफान पुत्र नन्हे व बांगरमऊ के महमूदाबाद कलवारी गांव निवासी प्रदीप पुत्र बलवंत थानाक्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ मजदूरी करने जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी आगरा से आ रहे पिकअप में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद मजदूरों पर पिकअप पलट गया। जिससे तीनो गंभीर घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी औरास भेजा गया।

# चोरों ने किसान के घर से 10 लाख के जेवरात पार किए

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र के बरवा खुर्द गांव में मंगलवार रात किसान के घर से चोरों ने करीब 10 लाख के जेवरात व नकदी पार कर दी।

मंगलवार रात भी क्षेत्र के बरवा खुर्द गांव में चोरों ने एक बार भी किसान के घर को निशाना बनाया। किसान रामचंद्र परिवार के साथ घर के बाहर सो रहा था। तभी पीछे के रास्ते घर में घुसे चोरों ने कमरे खोलकर वहां रखी आलमारी से सोने व चांदी के करीब 10 लाख के जेवरात व एक लाख 15 हजार नकद लेकर भागने लगे। इसी बीच रामचन्द्र की बहू साधना की नींद खुल गयी और उसने दीवार फांद रहे एक चोर की टांग पकड़कर उसे खींच लिया। चोर गिर गया। लेकिन, तभी चोर ने डंडे से साधना पर वार कर दिया और वहां से भाग निकला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। एसओ विमल कांत गोयल ने बताया चोरी हुई है। जांच की जा रही है।

# सीएचसी की बाउंड्री वाल तोड़ी, दी तहरीर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला गोल कुआं गुलाम मुस्तफा निवासी कुछ अराजकतत्वों ने सीएचसी के पीछे की बाउंड्री वॉल तोड़ डाली। अस्पताल के एक चिकित्सक ने बाउंड्री वॉल तोड़ते समय एक को पहचान लिया है। चिकित्सा अधीक्षक ने कोतवाली में अराजकतत्वों के विरुद्ध तहरीर दी है। सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार ने कोतवाली प्रभारी को दी तहरीर में कहा कि बुधवार दोपहर मोहल्ला गोल कुआं गुलाम मुस्तफा निवासी एक युवक ने अपने साथियों के साथ सीएचसी के पीछे की बाउंड्रीवॉल तोड़ रहा था। आवाज सुन अस्पताल के परामर्शदाता डॉ. सुनील राठौर ने बाउंड्री वॉल तोड़ने से उन्हें रोका और इसकी सूचना उनको दी। चिकित्साधीक्षक ने अपनी तहरीर में कहा कि अस्पताल की बाउंड्री टूटने से सभी कर्मियों को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### प्राथमिक विद्यालय में तोड़फोड़ की

**बिछिया।** ब्लॉक क्षेत्र के अलगनगढ़ प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। बुधवार सुबह स्कूल पहुंची प्रधानाचार्य मीनाक्षी अवस्थी ने देखा कि विद्यालय में लगे बसमर्सिबल का तार टूटा था और चैनल की सरिया उखड़ी हुई थीं। साथ ही एक कमरे की छत पर भी तोड़फोड़ करते हुए वहां लगे पौधे उखाड़ दिए गए थे। प्रधानाचार्य ने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान मुनेश्वर को दी। इसके बाद ग्राम प्रधान व प्रधान शिक्षिका ने दही थाने में इसकी शिकायत की। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है।

**लोन नदी की दुर्दशा** | विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी से मांगी रिपोर्ट, कार्रवाई के दिए निर्देश

# यूपीपीसीबी ने लिया संज्ञान, रिपोर्ट तलब

**अमृत विचार प्रभाव**

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिले की प्रमुख और गंगा की सहायक नदी लोन की दुर्दशा इन दिनों किसी से छिपी नहीं है। इसे दही औद्योगिक क्षेत्र में संचालित टेनरियों व स्लाटर हाउसों द्वारा प्रदूषित व केमिकलयुक्त पानी पहुंचाकर जहरीला बनाया जा रहा है। नदी की इस दुर्दशा पर स्थानीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी भी मौन हैं। इसे लेकर अमृत विचार ने बुधवार के अंक में एक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की। खबर का संज्ञान लेते हुए उप्र प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने क्षेत्रीय अधिकारी से मामले की जांच कर रिपोर्ट देने और कानून के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

बता दें कि दही औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत साइड-1 व 2 में सैकड़ों छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। इनमें कुछ प्रमुख स्लाटर हाउस और टेनरियां भी हैं। जो स्थानीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड में तैनात अधिकारियों की मिलीभगत से औद्योगिक क्षेत्र के बीच से निकली लोन नदी को जहरीला बना रहे हैं। विभागीय अफसरों व कामन इन्फ्लुएंट ट्रीटमेंट (सीइटीपी) के जिम्मेदारों की लापरवाही से लोन नदी के आसपास के गांवों में लोगों को गंभीर बीमारियां तक हो रही हैं। साथ ही लोन नदी के सीधे गंगा में मिलने से यह जहरीला पानी गंगा नदी को भी प्रदूषित कर रहा है। इस प्रमुख समस्या को लेकर बुधवार के अंक में अमृत विचार ने एक खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर छपने के बाद इसका संज्ञान यूपीपीसीबी ने लिया और विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों से इसकी जांच कराकर कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने और इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश दिये हैं।


उद्योगों के प्रदूषित पानी से लोन नद

बुधवार के अंक में छपी खबर।

- अमृत विचार ने बुधवार को लोन नदी की दुर्दशा पर प्रकाशित की थी खबर

# किशोरी से छेड़छाड़ के दो दोषियों को सुनाई गई सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** घर में घुसकर 16 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले दो भाइयों को कोर्ट ने दोषी ठहराया है। एडीजे ने एक को पांच साल की सजा व 21 हजार रुपये जुर्माना व दूसरे को तीन साल की सजा के साथ पांच हजार रुपये जुर्माना अदा करने के आदेश दिए है।

बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 10 नवंबर-2013 को थानाक्षेत्र के सराय जोगा गांव निवासी सोनू पुत्र सत्ती व उसके छोटे भाई मोहित पर घर में घुसकर नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ व मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने बताया था कि दोनों भाई उसके घर में घुस आए और उसकी बेटी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उससे मारपीट भी की। एसआई अनिल पांडेय ने जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध 25 अप्रैल-2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा पेश की गई दलीलों व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर एडीजे शैलेंद्र यादव ने आरोपी सोनू व मोहित को दोषी करार दिया। इसमें सोनू को पांच साल की सजा व मोहित को तीन साल की सजा सुनाई।

- एक को पांच व दूसरे को तीन साल का कारावास



# धरना आज, पदाधिकारियों ने की शिक्षकों के साथ बैठकें

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट गुरुवार को प्रस्तावित प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत लगाएगा। पदाधिकारियों ने कई विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों के साथ बैठकें कर डीआईओएस कार्यालय में होने वाले धरना में शामिल होने की अपील की।

वरिष्ठ शिक्षक नेता उमाशंकर तिवारी जिलाध्यक्ष शिवभान सिंह, जिला मंत्री दिनेश कुमार गुप्ता, प्रांतीय नेता कौशल किशोर मिश्रा आदि ने बुधवार को स्वामी ईश्वरानंद इंटर कालेज बाबूखेड़ा, आरआरबीएन इंटर कालेज भगवंतनगर, निराला इंटर कॉलेज पतारी, आरबीएस इंटर कालेज बिहार, महात्मा गांधी इंटर कालेज पाटन व पं. शिवराज बली इंटर कालेज सुमेरपुर का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ बैठकें कर 25 जुलाई को डीआईओएस कार्यालय में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक प्रस्तावित धरना में शामिल होने की अपील की। वक्ताओं ने शिक्षकों को धरना के बाद डीआईओएस को दिए जाने वाले ज्ञापन में शामिल मांगों की जानकारी भी दी।



विद्यालय में शिक्षकों के साथ बैठक करते शिक्षक संघ शर्मा गुट के पदाधिकारी।

- अंतिम दिन आधा दर्जन विद्यालयों का शिक्षक नेताओं ने किया दौरा

# गले हुए टर्फ और जर्जर स्लीपर देख हैरान रह गए अधिकारी

## एडीआरएम व सीडब्ल्यूएम ने रेलवे पुल का किया निरीक्षण, मिलीं खामियां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● दो घंटे अप और डाउन लाइन की देखी हकीकत



रेलवे पुल के जर्जर टर्फ।



रेलवे पुल का निरीक्षण करते एडीआरएम सचिन वर्मा व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनों के संचालन को लेकर पिछले कई दिनों से अप और डाउन लाइन की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इधर रेलवे पुल के ट्रैक जर्जर होने के कारण पिछले दिनों डीआरएम ने निरीक्षण किया। जिसके बाद बुधवार सुबह लखनऊ मंडल के एडीआरएम और चीफ वर्कशाप मैनेजर टीम के साथ गंगाघाट के रेलवे पुल का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां तमाम जगहों पर जर्जर स्लीपर और टर्फ देख वह दंग रह गये। उन्होंने मरम्मत को लेकर मातहतों को निर्देशित किया।

बुधवार सुबह ग्यारह बजे एडीआरएम सचिन वर्मा, चीफ वर्कशाप मैनेजर राकेश कुमार मातहतों के साथ गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने टीम के साथ पुश ट्राली में बैठकर रेलवे पुल पर पहुंचे। जहां रेलवे पुल का निरीक्षण कर रहे थे, तभी कई स्थानों पर जर्जर स्लीपर और टर्फ में गहरे गड्ढे देख वह ट्राली से नीचे उतर गये। जिसके बाद पैदल ही करीब दो घंटे तक अप और डाउन लाइन का निरीक्षण किया। जहां जगह-जगह गले हुये टर्फ देखे, जहां वह हैरान रह गये। जहां उन्होंने रेल पथ विभाग के अधिकारियों को तुरंत बदलने को कहा, अधिकारियों ने बताया कि पुल पर जर्जर हो चुके टर्फ और स्लीपर ब्लॉक लेकर अप और डाउन लाइन की मरम्मत का कार्य किये जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस रूट पर ट्रेनों का अधिक भार रहता है, जिस कारण लंबा ब्लॉक भी नहीं लिया जा सकता है। उन्होंने रेल पथ निरीक्षण को मरम्मत करने के निर्देश दिये हैं। जिसके बाद वह वापस चले गये।

## युवक से हुई मारपीट का वीडियो वायरल रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव।** सदर कोतवाली के रामनगर मोहल्ला में पुरानी खुन्नस को लेकर दूध लेकर लौट रहे युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर निवास शिवम पुत्र मनमोहन ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया वह मंगलवार शाम मोहल्ले के एक युवक के साथ दूध लेकर अपने घर लौट रहा था। तभी मोहल्ले के ही दबंग अंकित यादव पुत्र हरिश्चन्द्र उर्फ बउवा यादव जो उससे रंजिश मानते है। उसने रिंकू की दुकान के पास बाइक से उतार गाली गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट पर शुरू कर दी। बताया कि अंकित ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बता दे इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसकी अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। शिवम की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# बजट प्रावधान से गति पकड़ेगा अमृत स्टेशन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



उन्नाव में प्रस्तावित अमृत स्टेशन। अमृत विचार

● वर्ष-2023 में आधारशिला रखने के बाद से परवान नहीं चढ़ रहा था निर्माण कार्य

**अमृत विचार।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट ने अमृत स्टेशन निर्माण में हो रही हीलाहवाली को साबित कर दिया है। पेश हुए बजट में अमृत स्टेशन निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया गया है, जिससे निर्माण कार्यों में तेजी आएगी।

उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव से करीब छह माह पहले वर्ष 2023 में ही उन्नाव जंक्शन रेलवे स्टेशन पर काफी सजधज के साथ क्षेत्रीय सांसद डा. साक्षी महाराज से अमृत स्टेशन निर्माण के लिए आधार शिला रखवाई गई थी। यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोगों को पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया था। हालांकि प्रस्तावित माडल के तहत अब तक स्टेशन को नया लुक देने का कार्य परवान नहीं चढ़ रहा था। इस हीलाहवाली का रेल अधिकारी स्पष्ट जवाब देने के बजाय न सिर्फ गोलमोल बातें ही नहीं कर रहे थे, बल्कि दबाव बढ़ने पर निरीक्षण व ध्वस्तीकरण शुरू करा काम शुरू होने का एहसास कराते आ रहे थे। वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में रेलवे के लिए भी बजटीय प्रावधान किया गया है। डीआरएम कार्यालय की ओर से बजट की उपलब्ध कराई गई प्रति के मुताबिक 19,848 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें जिले के उन्नाव सहित कानपुर पुल बायां किनारा सहित कानपुर सेंट्रल, कानपुर अनवरगंज, लखनऊ (चारबाग), लखनऊ जंक्शन व अयोध्या सहित 157 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाने की बात कही गई है। साथ ही यूपी के रेल नेटवर्क में 1,490 रेलवे फ्लाईओवर निर्माण का उल्लेख भी किया गया है। डीआरएम कार्यालय की ओर से जारी जानकारी में दावा किया गया है कि उत्तर प्रदेश में रेलवे ट्रैक को सौ प्रतिशत विद्युतीकृत कर लिया गया है। डीआरएम कार्यालय के पीआरओ इंस्पेक्टर अंकित पाठक ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में अमृत स्टेशन निर्माण को जारी बजट का उपयोग किया जा रहा था। अगली किश्त के तौर पर प्राप्त होने वाली धनराशि से आगे कार्य कराए जाएंगे।

# जांच पूरी किए जाने की अवधि तय की जाए

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● जांच आख्या न पहुंचने और अवकाश स्वीकृत न होने से शिक्षक-शिक्षिकाएं परेशान

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिले में कार्यरत बीईओ द्वारा विभागीय कार्यालय को समय पर जांच आख्याएं न उपलब्ध कराने व शिक्षक-शिक्षिकाओं के अवकाश स्वीकृत न करने का आरोप लगाया है। बीएसए संगीता सिंह को जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय व मंत्री गजेंद्र वर्मा ने बीएसए को इस संबंध में दिए गए पत्र में सेवा पुस्तिकाओं में सेवाएं सत्यापित कराने और अंतर्जनपदीय स्थानांतरण में आए शिक्षकों सहित नियुक्ति पाने वाले 12460 के अंतर्गत नवनियुक्त शिक्षकों की औपचारिकताएं पूर्ण करा जुलाई से वेतन लगवाने की मांग भी की है।

शिक्षक नेताओं ने बताया कि बीते करीब एक वर्ष में निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध न मिलने वाले शिक्षण स्टाफ का एक दिन का रोका गया वेतन समय पर विभागीय कार्यालय जांच आख्याएं न पहुंचने से अवरुद्ध पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीईओ तय समय पर अपनी आख्या प्रस्तुत नहीं करते हैं, जिससे अवरुद्ध किया गया वेतन जारी कराने को शिक्षक-शिक्षकाओं की भाग-दौड़ निरर्थक साबित होती है। इसलिए जांच पूरी किए जाने की अवधि तय करते हुए सभी बीईओ को आख्या उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया जाए। उन्होंने दावा किया कि शिक्षक-शिक्षिकाएं निर्धारित प्रावधानों के तहत चिकित्सकीय व बाल्यदेखभाल अवकाश तय समय सीमा पर बीईओ द्वारा स्वीकृत नहीं किए जाते हैं। इससे अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं को अनुपस्थित पाकर वेतन अवरुद्ध किए जाने की समस्या खड़ी हो जाती है। इसलिए अवकाश स्वीकृत किए जाने की समय सीमा तय करते हुए शिक्षकों को हो रही दिक्कतों से निजात दिलाई जाए। पदाधिकारियों ने बीएसए को उनके द्वारा एक जनवरी-2024 को जारी पत्रांक बेसिक/27802-8/2023-24 के अनुसार शिक्षक-शिक्षिकाओं की सेवा पुस्तिकाओं को अपटूडेट करने को कहा गया था, लेकिन विभिन्न बीआरसी पर ऐसा नहीं किया जा सका है। इसलिए इस संबंध में पुनः स्मरण पत्र जारी किया जाए। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण में जिले में कार्यभार ग्रहण करने वाले शिक्षकों की आन लाइन सर्विस बुक व एलपीसी के आधार पर जुलाई माह का वेतन आहरण कराया जाए। इसी तरह नवनियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी प्रशिक्षण के दौरान अभिलेखीय सत्यापन के आधार पर जुलाई माह से वेतन दिलाया जाए।

## तमंचे के साथ युवक का फोटो वॉयरल

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक का तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ। जिसे पुलिस के आलाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये। वॉयरल फोटो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक का फोटो बुधवार को सोशल मीडिया पर वॉयरल हुई। जिसमें युवक तमंचा पकड़े हुये दिखाई पड़ रहा है। फोटो वॉयरल होने पर आलाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और गंगाघाट कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया फोटो वॉयरल होने की जानकारी हुई है। युवक जाजमऊ चौकी क्षेत्र के नैकानी बिल्डिंग के पास का बताया जा रहा है। जांच कर कार्रवाई होगी।

# मऊ गांव में हुए संघर्ष में 45 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

● 25 नामित और 20 अज्ञात हैं आरोपी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ में बीती सोमवार शाम प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से करीब आधा सैकड़ा लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थर से हमला किया था। इसमें असलहों से फायरिंग तक हुई थी। जांच के बाद बुधवार को पुलिस ने एक पक्ष के 45 लोगों पर बलवा सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें सत्ता दलीय नेताओं के इर्द-गिर्द मंडराकर खुद को जनसेवक बताने वाला युवक भी शामिल है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में वर्चस्व को लेकर अलाउद्दीन व फहीम की जावेद व दिलशाद से पुरानी तनातनी है। दोनों गुटों में टकराव भी हो चुका है। जिनके मामले कोर्ट में लंबित हैं। बीते सोमवार दोनों पक्षों में पुनः टकराव हुआ था। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में भी हुआ था। इसमें जावेद गुट ने अलाउद्दीन के दरवाजे पर खड़ी जेसीबी व कार को डंडों और ईंट-पत्थरों से क्षतिग्रस्त कर दिया था। पथराव में दो आरक्षी सहित दोनों पक्षों से दो दर्जन लोग गंभीर घायल हुए थे। एएसपी प्रेमचंद ने उपद्रियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद अलाउद्दीन की तहरीर पर 25 नामित व 20 अज्ञात के विरुद्ध गोली मारने, घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, महिलाओं से छेड़छाड़ कर जेवर लूटने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## सार-संक्षेप

### मखदूम शाह सफी का सलाना उर्स शुरू



सुप्रसिद्ध मखदूम शाह सफी की मजार शरीफ। अमृत विचार

**सफीपुर (उन्नाव)।** सभी वर्ग का एकता के प्रतीक हजरत मखदूम शाह सफी का 501 वां तीन दिवसीय सालाना उर्स शरीफ हर साल की भांति बुधवार रात को गुस्ल मजार मुबारक रस्म के साथ आगाज हुआ। कस्बे में मोहल्ला पीरजादगान में मखदूम शाह की दरगाह सभी धर्म बिरादरी के लोगों की आस्था का केंद्र है। हर सप्ताह, यानी जुमेरात के दिन सुबह से ही यहां पर अकीदतमंदों में मुस्लिम ही नहीं, बल्कि हिन्दूओं का भी आना जाना शुरू हो जाता है, और देर शाम तक चलता है। सज्जादा नशीन समदी मियां फारूकी व अफजाल मियां फारूकी ने बताया कि 3 रोज के प्रोग्राम में नातिया मुशायरा, गागर, कव्वाली, उलमा की कॉन्फ्रेंस व कुल शरीफ का आयोजन होगा। जिसमें देश व प्रदेश ही नहीं विदेश से भी अकीदतमंद शिरकत करने आते हैं।

### खेत पर कहासुनी के बाद हुई मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**औरास।** थानाक्षेत्र के खुटेहना गांव निवासी विजय शुक्ला पुत्र शिवनारायण व नरेश पुत्र शिव प्रकाश अवस्थी सुबह अपने खेतों में काम कर रहे थे। तभी दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। जिसमें अवस्थी पक्ष ने शुक्ला पक्ष को जमकर पीट दिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर औरास पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद शिव प्रकाश अवस्थी पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की है।

### दिव्यांगों ने दिया धरना, लगाया जाम

**औरास।** बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर दिव्यांग समिति मोर्चा के तत्वाधान में ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में कई गांव से दर्जनों दिव्यांग ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मांगों में मूलभूत सुविधाएं आवास, राशन, पेंशन आदि की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। जहां उनकी मांगों को ऊपर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद दिव्यांग जनों ने धरना समाप्त कर पैदल मार्च करते हुए औरास स्थित सई नदी पुल को जाम करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी औरास पुलिस को होने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने दिव्यांग जनों को समझाते हुए जाम खुलवाकर यातायात सामान्य कराया। इसके बाद धरना दे रहे दिव्यांग कल्याण सोसाइटी मोर्चा के पदाधिकारियों व उनके साथियों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया।

### गश खाकर गिरा पीआरडी जवान, रेफर

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को उमस और गर्मी से हर कोई बेहाल था, वहीं गंगाघाट कोतवाली में तैनात एक पीआरडी का जवान गर्मी में गश खाकर गिर गया। यह देख साथी जवान उसे इलाज के लिये राजधानी मार्ग स्थित पीएचसी लेकर पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्साधिकारी ने उसका प्राथमिक इलाज किया। जिसके बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कंचन नगर निवासी राजेंद्र तिवारी पीआरडी जवान हैं। बुधवार दोपहर वह ड्यूटी पर थे। तभी दोपहर 12 बजे गर्मी के कारण अचानक गश खाकर गिर गये। यह देख वहां मौजूद पुलिस कर्मी व साथी जवानों में हड़कंप मच गया। मौजूद पुलिस कर्मी दौड़े और उन्हें उठाया। जिसके बाद इलाज के लिये आनन फानन न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। जहां मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी ने उनका प्राथमिक इलाज किया लेकिन आराम न मिलने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### प्रतिबंधित पेड़ों को काट रहे ठेकेदार को पकड़ा

**सोहरामऊ उन्नाव।** थानाक्षेत्र के गांव अर्जुनामऊ में चोरी से प्रतिबंधित पेड़ को काट रहे ठेकेदार व किसान को बुधवार सुबह वन दरोगा ने पकड़ लिया। आरोपी को वन रेंज कार्यालय नवाबगंज लाया गया। जहां उनके विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि अर्जुनामऊ गांव के किसान शिव लखन पुत्र जयराम सिंह के खेत में लगे आम के पेड़ को अख्तर हुसैन उर्फ सानू पुत्र अनवर हुसैन निवासी सादुल्ला नगर बंथरा लखनऊ द्वारा चोरी से काटा जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर वहां पहुंचे वन रक्षक जितेंद्र पांडेय ने उन्हें पकड़ लिया। पेड़ काटने वाली तीन मशीनों को वन रेंज कार्यालय नवाबगंज में जमा किया गया है। एक पेड़ काटने के प्रमाण मिले हैं। शेष 5 पेड़ों को बिना अनुमति न काटने की कड़ी चेतावनी भी दी है। वहीं इस मामले पर वन दरोगा सुरेश बहादुर सिंह ने बताया कि वन संरक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ 10 हजार जुर्माना भी वसूला गया है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।





आइसक्रीम पार्टी का आनंद लेते डीएसएम पब्लिक स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने आइसक्रीम पार्टी का उठाया लुत्फ

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को आइसक्रीम पार्टी का आयोजन किया गया। जहां नन्हे मुन्ने बच्चों ने आइसक्रीम का आनंद लिया। इसके साथ ही बच्चों को गर्मी से बचाव के टिप्स दिये गये। गर्मी और उमस को देखते हुये डीएसएम पब्लिक स्कूल में आइसक्रीम पार्टी का आयोजन हुआ। जहां नन्हे मुन्ने बच्चों को खूब धमाम मचाने हुये आइसक्रीम का आनंद लिया। जहां छात्रा वैदेही, शौर्य, सार्थक, श्रेया, ऋतिक, अर्जित, अद्विका, खुशी, शुभ आदि ने पार्टी का आनंद लिया। इस दौरान प्रधानाचार्या रीता सिंह ने गर्मी के मौसम में बच्चों को धूप में ना निकलने तथा गर्मी से बचाव के लिये टिप्स दिये।

### बारिश के बाद निचले इलाकों में हुआ जलभराव

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार दोपहर आसमान में अचानक काले बादल छा गये और झमाझम बारिश हुई। जिससे नगर के निचले और ग्रामीण इलाकों में जलभराव हो गया। बारिश के कारण आने जाने वाले लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं बारिश के बाद धूप निकलने से उमस और गर्मी में लोग बेहाल हो गये।

# अब ऑनलाइन बनेगा कीटनाशक खाद और बीज का लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** खाद, बीज व कीटनाशक का व्यवसाय करने के इच्छुक लोग अब ऑनलाइन आवेदन कर घर बैठे लाइसेंस ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें कृषि विभाग के कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना होगा।

इसे लेकर जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि खाद, बीज व कीटनाशक के व्यवसाय करने के इच्छुक लोगों के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया अब ऑनलाइन कर दी गई है। इसमें नया लाइसेंस प्राप्त करना या नवीनीकरण और डुप्लीकेट कॉपी जारी करवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन ही लिए जाएंगे। आवेदन सीधे कामन सर्विस सेंटर, साइबर कैफे व अपने कंप्यूटर के माध्यम से कर सकते हैं। बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए विभागीय वेबसाइट खोलें। जनहित गारंटी पर जाकर ऑनलाइन लाइसेंस आवेदन पर क्लिक करें। मांगे गए अभिलेख पोर्टल पर ही फीड एवं अपलोड करने होते हैं। इसके बाद पोर्टल के माध्यम से आवेदन सत्यापन की कार्रवाई कार्यालय करता है। फीस भी ऑनलाइन जमा होगी। आवश्यक अभिलेख व फीस की जानकारी भी ऑनलाइन ही मिल जायेगी। ऑनलाइन आवेदन में यदि किसी प्रकार की गलती पाई जाती है तो सुधार करने के लिए आवेदक को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अवसर दिया जाता है। सभी औपचारिकता पूरी होने पर लाइसेंस ऑनलाइन जारी कर दिया जाता है।

## चोरी का आरोपी जेठ गिरफ्तार

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा में रहने वाली एक महिला ने अपने जेठ पर घर में चोरी करने का आरोप लगाया था, इसके साथ ही धमकी देने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चंपापुरवा निवासी कल्पना पांडेय ने 6 जुलाई को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह घर पर नहीं थी, तभी जेठ सतीश पांडे ने उसके कमरे का ताला तोड़ डाला। जेवर समेत सामान चुरा ले गये। जानकारी कि तो जेठ ने कहा कि सामान बेच दिया है। विरोध करने पर धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। दर्ज मामले में आरोपी वांछित चल रहा था।

# कॉलेज का हैंडपंप खराब, 833 बच्चों व स्टाफ को पेयजल की समस्या



बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज का खराब हैंडपंप।



बद्री प्रसाद इंटर कालेज के प्राचार्य दिवाकर नाथ ने बताया कि कई बार प्रधान पति सुरेश वर्मा से हैंडपंप सही कराने को कहा। इस पर उन्होंने बताया कि अभी खाते में रुपये नहीं हैं।



बद्री प्रसाद इंटर कालेज के प्रवक्ता आलोक कुमार ने बताया कि पहले पानी की टंकी से सप्लाई मिलती थी। अब सप्लाई ठप है। जिससे पानी का एक मात्र साधन कालेज में लगा हैंडपंप है। जो खराब पड़ा है।

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर स्थित बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज में बीते कई माह से इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़ा है। जिससे कालेज के 833 बच्चों के सामने पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। कालेज के प्राचार्य ने बताया कि ग्राम प्रधान से लेकर संबंधित अधिकारियों से कई बार कहा जा चुका है लेकिन, किसी ने अभी तक ध्यान नहीं दिया।

बता दें कि बद्री प्रसाद इंटर कालेज में पीने के पानी का एक मात्र साधन इंडिया मार्का हैंडपंप है। जो बीते कई महीनों से खराब पड़ा है। जिससे कालेज में पीने के पानी के अलावा शौचालय आदि में इस्तेमाल होने वाले पानी की विकराल समस्या है। इस समस्या से छात्र-छात्राओं के अलावा विद्यालय स्टाफ भी परेशान है। इसे लेकर ग्राम विकास अधिकारी विनय त्रिपाठी ने बताया कि इसकी जानकारी हुई है। जल्द ही हैंडपंप सही करा दिया जाएगा।

समस्या — गर्मी और उमस में बिजली न आने से लोग बिलबिलाए

# एचटी केबल दगने से 11 घंटे बंद रही हजारों घरों की बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



भूमिगत फाल्ट की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार सुबह विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान भूमिगत पड़ी एचटी लाइन दग गई। जिससे शक्ति नगर फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। पेट्रोलिंग कर बिजली कर्मियों ने फाल्ट ढूंढा। इसी दौरान मिश्रा कॉलोनी में फाल्ट मिला। करीब ग्यारह घंटे तक हजारों घरों की बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली न आने से लोग परेशान रहे।

बुधवार सुबह विद्युत सप्लाई चालू होने के कारण भूमिगत पड़ी एचटी केबल दग गई। जिस कारण शक्ति नगर फीडर की आपूर्ति बंद हो गई। बिजली न आने की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। जिस पर बिजली कर्मियों ने सुबह करीब साढ़े दस बजे के बाद फाल्ट खोजने की पेट्रोलिंग की गई। आजाद नगर के सामने एक जगह पर दगी केबल पायी गई। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद, जेई विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी की मौजूदगी में बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। इसी दौरान मिश्रा कॉलोनी की ओर जाने वाली भूमिगत एचटी लाइन दोपहर दो बजे दग गई। जिस कारण हजारों घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने से हजारों लोग गर्मी और उमस में बेहाल हो गये। शाम करीब पांच बजे फाल्ट की मरम्मत होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं कंचन नगर में लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार शाम छह बजे खराब हुआ था, जिसकी मरम्मत कर चालू कराया गया। बुधवार को मरम्मत कर चालू कराया गया। कुछ देर चलने के बाद दोबारा खराब हो गया। जिससे करीब चार सौ घरों की बिजली गुल रही।

### 5 घंटे ठप रही विद्युत सप्लाई

**पुरवा।** पुरवा विद्युत उपकेंद्र से संचालित मंगतखेड़ा फीडर की सप्लाई बुधवार दोपहर साढ़े 11 बजे बाधित हो गई। जो कि पांच घंटे बाद शाम पांच बजे बहाल हो सकी। बिजली न आने से क्षेत्र के आधा सैकड़ा गांवों की करीब 20 हजार आबादी को परेशान होना पड़ा। ग्रामीणों ने विभागीय अफसरों से शिकायत की तो उन्होंने पासाखेड़ा फीडर में नई लाइन डाले जाने की बात कह सप्लाई बंद होने की बात बताई। जिस पर ग्रामीणों में विभाग के प्रति गहरा रोष रहा। जेई अशोक पाल ने बताया कि पासाखेड़ा फीडर की लाइन डाली जा रही थी। जो कि मंगतखेड़ा फीडर की लाइन के ऊपर से जा रही थी। इसके चलते सप्लाई बंद थी। लाइन पड़ने के बाद आपूर्ति सुचारु करा दी गई है।

### बंद ट्रांसफार्मर चालू कराने को लेकर एसडीओ से मिले सभासद

**शुक्लागंज उन्नाव।** कंचन नगर बी में बिजली विभाग की ओर से करीब दो साल पहले ट्रांसफार्मर लगवाया गया था लेकिन कनेक्शन नहीं किया गया। जिसे देखते हुये क्षेत्रीय सभासद ने एसडीओ से मुलाकात कर ट्रांसफार्मर चालू कराने की मांग की है। कंचन नगर बी की सभासद रीना यादव के पति अरविंद यादव ने बुधवार को बिजली विभाग के एसडीओ को पत्र देते हुये बताया कि कंचन नगर बी नीमेश्वर बाबा मंदिर के पास दो साल पहले ट्रांसफार्मर लगवाया गया था लेकिन वह अभी तक चालू नहीं किया गया। इधर क्षेत्र में अधिक लोड होने के कारण पूरी-पूरी रात बिजली गुल रहती है। जिस पर मंदिर के पास लगे ट्रांसफार्मर को चालू कर लोड बांटा जाये तो ओवरलोडिंग की समस्या से निजात मिलेगी।

## जेठ पर खाते से रुपये निकालने का आरोप

**उन्नाव।** एक महिला के पति की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद उसके खाते में आई सरकारी धनराशि में से जेठ आदि द्वारा जालसाजी कर लाखों रुपये आहरित कर लिए गए। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव कमलापुर निवासी रेखा पत्नी अखिलेश ने पुलिस को दी तहरीर मंभ बताया कि उसके पति की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। किसान दुर्घटना बीमा के तहत सरकार से उसके खाते में 5 लाख रुपये भेजे गए थे। बैंक के कागजात उसके जेठ के पास हैं। वह अपने हस्ताक्षर बनाने के अलावा पढ़ना लिखना नहीं जानती है। इसका फायदा उठाकर उसके जेठ, सास व ननद ने मिलकर जालसाजी कर ली और किसी तरह उसे हस्ताक्षर बनाकर उसके खाते से 2 लाख 30 हजार रुपये निकाल लिए।

# सपा नेता जग्गू की 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

## गैंगस्टर एक्ट के तहत जग्गू और उसके भाई चन्नू सहित परिजनों के 44 खातों में जमा साढ़े 16 लाख रुपए किए गए फ्रीज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मऊदरवाजा पुलिस ने तहसीलदार श्रद्धा पांडे के साथ लोको रोड निवासी गैंगस्टर के आरोपित सपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की। सपा नेता की पत्नी के नाम 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क किया है। इसमें सपा नेता के भाई एवं अन्य परिजनों की संपत्ति भी शामिल बताई जा रही है। प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए सपा नेता और उसके परिजनों के 44 खातों में जमा साढ़े 16 लाख से अधिक रुपयों को फ्रीज कराया है।


कुर्की से पहली मुनादी कराते अधिकारी। अमृत विचार


कुर्क सम्पतियों पर बोर्ड लगाते अधिकारी। अमृत विचार

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के लोको रोड निवासी सपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह जग्गू यादव पर 12 जून को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा में उसके भाई योगेंद्र उर्फ चन्नू यादव को सहयोगी बताया गया था। देवेंद्र उर्फ जग्गू को

- देवेंद्र उर्फ जग्गू को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी

पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उसके भाई की तलाश जारी है। बुधवार को थाना मऊदरवाजा पुलिस ने थाना कादरीगेट पुलिस, जोनल फोर्स के साथ मिलकर संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की। देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव की पत्नी प्रीति यादव के नाम 28 संपत्तियों को कुर्क किया गया है। जिसमें मसेनी स्थित निर्माण अधीन आवासीय भवन कीमत 3,90,70,500 रुपए शामिल है। बाग लकूला स्थित डेढ़ सौ वर्ग मीटर का प्रीति यादव के नाम 42 लाख रुपए कीमत का आवासीय प्लाट कुर्क किया गया।

पपियापुर में प्रीति यादव के नाम 45 लाख कृषि भूमि को भी कुर्क किया गया।पुलिस ने बाग लकूला स्थित 26 संपत्ति जिसमें आवासीय व व्यवसायिक प्लाट शामिल है। पापियापुर में कृषि भूमि और मसेनी में निर्माणाधीन आवासीय भवन भी शामिल है। बुधवार को कुर्क की गई कुल 28 संपत्तियों का विवरण 163609427 रुपए है।

> आरोपी की संपत्तियों को कुर्क कर नोटिस बोर्ड लगवाए गए है।आरोपियों की संपत्तियों का पता लगाकर गैंगस्टर की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
>
> –श्रद्धा पांडे, तहसीलदार

# डॉक्टर की लापरवाही से चली गई जच्चा-बच्चा की जान

संवाददाता फतेहपुर

- पति ने दी तहरीर, स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद कार्रवाई करने को कहा

**अमृत विचार।** एक गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए पति ने नर्सिंग होम में भर्ती कराया। डॉक्टर ने पहले बच्चे को मृत घोषित कर दिया और बाद में महिला के पेट की सफाई के नाम पर ब्लड कम होने की बात कहकर रेफर कर दिया। महिला को परिजन कानपुर के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से किया और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को जानकारी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के भागूपुर मजरे समदा के रहने वाले कमलेश कुमार ने आरोप लगाया कि 22 जुलाई के दिन उसकी आठ माह की गर्भवती पत्नी सोनी देवी को प्रसव पीड़ा होने पर घर के पास एक निजी मेडिकल स्टोर पर डॉक्टर गीता उत्तम को दिखाया गया। जहां डॉक्टर ने जच्चा बच्चा दोनों की हालत गंभीर बताकर भर्ती कराने की बात कही। जिसके बाद 23 जुलाई की सुबह पत्नी सोनी देवी को भर्ती कराया।

उसके कुछ घंटे बाद डॉक्टर ने बताया कि बच्चे की मौत हो गई है और पत्नी के पेट की सफाई करनी होगी। डॉक्टर पत्नी के पेट की सफाई के लिए कमरे में लेकर गए और कुछ देर बाद कहा कि

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात है आरोपी डॉक्टर

पीड़ित पति ने बताया कि उसका एक सात साल का बच्चा है। डॉक्टर के लापरवाही के कारण उसकी गर्भवती पत्नी और पेट पल रहे बच्चे की मौत हुई, जिसकी जिम्मेदारी डॉक्टर की है। जिसके ऊपर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। पति ने यह आरोप भी लगाया कि गीता उत्तम कोराई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात है। घर से इलाज करती है, इसके पहले भी इनके हाथ से केस खराब हुआ है। मामले में कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। इस मामले में सीएमओ ने बताया कि डॉक्टर की टीम बना दी गई है और जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

ब्लड बहुत बह रहा है और उसे कहीं और ले जाएं। जब प्राइवेट एम्बुलेंस से पत्नी को ले जाने लगा तो पत्नी की सांस नही चल रही थी। जिस पर डॉक्टर गीता उत्तम ने कहा कि जल्द लेकर जाओ। पत्नी को लेकर कानपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पत्नी के शव को लेकर घर आया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी।

## गुलजार हुआ चित्रकूट का जंगल ...





उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेंद्र कुमार सिंह ने रानीपुर टाइगर रिजर्व के कुछ चित्र जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि कैमरा ट्रैप में विभिन्न स्थानों पर टाइगर, तेंदुआ, भालू, चीतल विचरण करते दिखे हैं। यह समय वन्य जीवों की मीटिंग का समय है। वन्य जीव नए शावकों को भी जन्म देते हैं। इनकी सुरक्षा भी आवश्यक है। बताया कि टाइगर रिजर्व में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। स्थानीय लोगों से अपील की कि किसी भी दशा में रिजर्व क्षेत्र में प्रवेश न करें तथा अपने पालतू पशुओं को भी न जाने दें। ● अमृत विचार

# मारपीट करने पर थाना प्रभारी समेत 3 लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** तिंदवारी थाना क्षेत्र में युवती को भगाने के आरोपी मुस्लिम युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से थाना प्रभारी ने मारपीट और अभद्रता कर दी। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक आवास में प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी और दो पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर करके सीओ सदर को पूरे प्रकरण की जांच सौंप दी है।

22 जुलाई को तिंदवारी थानाक्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीय किशोरी लापता हो गई थी। पुलिस ने खोज बीन करते हुए युवती को एक मुस्लिम युवक के साथ बरामद कर लिया था। मुस्लिम युवक द्वारा किशोरी को भगा ले जाने की खबर जब हिंदू संगठनों के लोगों को चली तो वह आरोपी युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को थाने पहुंच गए और वहां थानाध्यक्ष का घेराव करते हुए


एसपी आवास के बाहर प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के लोग। अमृत विचार

- हिंदू संगठन के लोगों ने की थी किशोरी को भगाने वाले युवक पर कार्रवाई करने की मांग

अपनी मांग बुलंद करने लगे। बताया गया है कि आक्रोशित हिंदू संगठनों के लोगों से थाना पुलिस की कुछ कहासुनी हो गई और पुलिस ने पहले तो कार्यकर्ताओं से अभद्रता की और बाद में पिटाई कर दी। आरोप है कि विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दीपू दीक्षित और बजरंग दल तिंदवारी के संयोजक केपी प्रजापति की लाठियों से जमकर पिटाई की गई है, जिससे वह दोनों घायल हैं। इतना ही नहीं नाराज थानाध्यक्ष ने हिंदू नेताओं के गले में पड़ा गमछा और रुद्राक्ष की माला भी छीनकर फेंक दी और मोबाइल छीन कर भगा दिया। पीड़ितों का कहना है कि घटना को अंजाम देने से पहले पुलिस ने थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए थे। जब घटना की जानकारी मुख्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को हुई तो वह जुलूस की शक्ल में देर रात करीब 11 बजे पुलिस अधीक्षक आवास पहुंच गए और पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की। हिंदू संगठनों के लोगों की मांग थी कि थाना प्रभारी समेत सभी पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जाए। हालांकि मौके की नजाकत समझते हुए अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र आसपास के कई थानों की फोर्स के साथ एसपी आवास पहुंच गए और आक्रोशित भीड़ को शांत कराने की कोशिश करने लगे, लेकिन बात नहीं बनी। हालांकि मौसम ने पुलिस विभाग का साथ दिया और तभी तेज बारिश शुरू हो गई और भीड़ अपने आप ही तितर बितर हो गई। वहीं सुबह होते ही एक बार फिर से पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता रामलीला मैदान में एकत्र होने लगे और आंदोलन की रणनीति तैयार करने लगे। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को समझते हुए थाना प्रभारी राधाकृष्ण तिवारी समेत दो पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया और पूरे मामले की जांच सीओ सदर को सौंप दी है। बताया है कि दोनों पक्षों की सच्चाई का पता लगाते हुए सीओ सदर 24 घंटे के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।

## सार-संक्षेप

### रोपाई कर रहे किसान की वज्रपात से मौत

**ताखा, इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के बदरियापूठ निवासी सुनील कुमार (30) पुत्र दाता राम मंगलवार को खेतों पर धान की रोपाई करने गया था। दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया और बादल छा गए। कुछ देर में बरसात होने लगी तो खेत पर रोपाई करने वाले सभी मजदूर–किसानों ने कृषि कार्य बंद कर दिया और खेत से दूर पेड़ की छांव मे बैठ गए। बरसात जैसे ही कम हुई तो सुनील खेत में धान की पौध उठाने चला गया। पिता दाताराम के मुताबिक सुनील खेत में बनी नाली के पास पहुंचा था कि बिजली सुनील के ऊपर गिर पड़ी। जिससे वह नाली मे गिर गए। तहसीलदार ताखा मो. असलम ने बताया बिजली से मौत होने की सूचना मिली थी लेकिन पता चला कि चक्कर आने से मौत होने की बात सामने आई है।

### शातिर मुरैला की तालाब में डूबने से मौत

**कन्नौज।** शातिर अपराधी मोरध्वज उर्फ मुरैला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह दोपहर में भतीजे के साथ तालाब से बांस की लकड़ी निकालने के लिये घुसा था। मोहल्ला मौसमपुर मौरारा निवासी मोरध्वज उर्फ मुरैला (48) पुत्र सोवरन बुधवार को दोपहर 12 बजे के करीव मोहल्ले के ही तालाब में पड़ी बांस की लकड़ी निकालने के लिये घुसा था। तालाब के बाहर उसका भतीजा साहिल खड़ा था। लकड़ी निकालते समय वह तालाब के गहरे पानी में चला गया। इससे वह डूबने लगा। उसने डूबने के दौरान बचाव के लिये आवाज लगाई पर तालाब के बाहर खड़े भतीजे ने भाग कर जब तक लोगों को बुलाने का प्रयास किया तब तक वह डूब गया। लोग जब तालाब के निकट पहुंचे तो वह डूब चुका था। जानकारी पर लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर मकरंदनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला।

### युवती की बरामदगी न होने पर किया कोतवाली का घेराव

**जालौन।** नगर के एक मोहल्ला से बीती तीन जुलाई को एक संप्रदाय विशेष का युवक दूसरे समुदाय की युवती को अपने साथ भगा ले गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब तक पुलिस युवती को बरामद नहीं कर पाई है। हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों ने इस मामले को लव जिहाद बताकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और बुधवार को नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहुंच गए। सीओ के समझाने के बाद हिंदू संगठनों के पदाधिकारी तीन दिन में युवती की बरामदगी की बात कहकर लौटे हैं।

### संदिग्ध हालात में बालक को घर में लगी गोली

**भरथना, इटावा।** थाना क्षेत्र में गांव नगरिया सरवा में मंगलवार शाम छह बजे अमर सिंह उर्फ दीपू बाथम के घर में उस समय चीख पुकार मच गई गोली चली, उसका 11 वर्षीय बेटा अक्षय पेट में गोली लगने से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। गोली के धमाका से घर में दौड़कर पहुंचे, हालत देख परिजन शहर में जेके हॉस्पिटल पहुंचे, गोली को चिकित्सक ने ऑपरेशन कर निकाल दिया है जिससे वह खतरे से बाहर बताया गया। एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ अतुल प्रधान, क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश मिश्र ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल साक्ष्य एकत्रित कराए। गहनता से जांच करते हुए लोगों के बयान दर्ज किए। घायल बालक के पिता ने चार नामजदों के विरुद्ध गोली मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

### हाईवे पर पलटी डग्गामार बस, 15 सवारियां घायल

**बकेवर, इटावा।** सिक्सलेन हाईवे पर इटावा–कानपुर मार्ग पर बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक स्लीपर बस नारायण कोल्ड स्टोर के सामने पलट गई। बस में बैठी तकरीबन 10 से 15 सवारियां घायल हो गईं। कुछ घायलों को खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। राहगीर 108 एंबुलेंस पर फोन करते रहे परंतु काफी देर तक 108 एंबुलेंस नहीं पहुंची। करीब 10 घायल सवारियां अपने निजी साधनों से गंतव्य की ओर चली गईं। तकरीबन 20 मिनट बाद बिजौली चौकी पुलिस व हाईवे पुलिस गाड़ी मौके पर पहुंची। उन्होंने कुछ घायल सवारियों को उपचार के लिए भिजवाया। बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा माय फोर्स मौके पर पहुंचे। घायलों में पवन कुमार और उनकी पत्नी रेशमा निवासी उरई व उनकी चार माह की एक छोटी बच्ची, युवक सीपू पुत्र वीरेंद्र निवासी निवास ग्राम भूनियापुर कंचौसी जनपद औरैया को महेवा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बस चालक परिचालक स्टाफ घटना स्थल से भाग कर कुछ दूर जाकर बैठ गए थे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया।

# दुष्कर्म का आरोपी बंदी, दरोगा निलंबित

संवाददाता, सौरिख/कन्नौज

- सौरिख थाना क्षेत्र में किशोरी की आत्महत्या का मामला
- दो अन्य आरोपी हैं फरार पुलिस कर रही तलाश

**अमृत विचार।** थाना सौरिख पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म व आत्महत्या कर लेने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। लापरवाही बरतने पर जांच कर रहे दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस को लगा दिया गया है।


आरोपी पुनीत।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद ने बताया कि सौरिख पुलिस ने किशोरी के आत्महत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी पुनीत पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम हजरतपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। एसपी के मुताबिक एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद दो फरार आरोपियों की तलाश शुरू की है। इनमें कुलदीप पुत्र राजवीर सिंह निवासी हजरतपुर थाना सौरिख व भोले पुत्र ओमपाल शामिल हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने में सौरिख थाने के प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह, दरोगा राकेश कुमार पटेल, सिपाही कमल किशोर, डालचंद्र को सफलता मिली।

### पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

**सौरिख।** क्षेत्र के एक गांव में गैंग रेप की पीड़िता ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। पोस्टमार्टम के उपरांत एसडीएम एवं भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किशोरी का गांव के बाहर अंतिम संस्कार किया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 जुलाई की शाम को किशोरी खेतों पर शौचक्रिया के लिए गई थी। तभी हजरतपुर गांव निवासी पुनीत एवं भोले बाइक से जबरन उठा ले गए थे और दिल्ली में ले जाकर दोनों ने किशोरी से दुष्कर्म किया था। पुलिस के कार्रवाई न करने पर मंगलवार को किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को एसडीएम उमाकांत तिवारी, प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह, छिबरामऊ प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह, तिर्वा प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चौधरी, सकरावा थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया एवं पीएसी की मौजूदगी में गांव के बाहर शमशान घाट में किशोरी का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# पति-पत्नी के ड्रामे ने पुलिस और ग्रामीणों को खूब छकाया

संवाददाता किशनपुर, फतेहपुर

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के परान का डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव में पत्नी से झगड़ पति हाईटेंशन लाइन की पोल पर चढ़ गया। पत्नी भी पोल पर चढ़कर बैठ गई। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी दोनों नीचे नहीं उतरे। करीब पांच घंटे तक चले ड्रामे के बाद दोनों को नीचे उतारा जा सका।

किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मडैयन गांव निवासी पप्पू निषाद की शादी साल भर पहले परान का डेरा गांव निवासी बुधराज की बेटी केसिया के साथ हुई थी। अभी हाल ही में करीब 15 दिन पहले केसिया अपने मायके परान का डेरा गांव में आई हुई थी। दो-तीन दिन पहले बुधराज अपनी पत्नी को लेने परान का डेरा आया हुआ था। मंगलवार की दोपहर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिसके बाद पप्पू गुस्से में आकर घर से बाहर चला गया। इस दौरान उसकी पत्नी केसिया भी उसका पीछा करते हुए पहुंच गई। इटरौरा गांव के समीप पप्पू निषाद हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़कर इंसुलेटर पर बैठ गया। पत्नी उसे नीचे उतरने के लिए मान-मनौव्वल करती रही। लेकिन वह नीचे नहीं उतरा जिसके बाद पत्नी भी हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़ कर बैठ गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों के उतारने का प्रयास किया, लेकिन दोनों नीचे नहीं उतरे। मामले की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को लगी तो मौके पर पहुंचे। पोल पर चढ़े युवक को करीब पांच घंटे बाद देर रात करीब 11 बजे पुलिस ने नीचे उतार लिया।

## यमुना पुल की बदली जाएंगी दो बेयरिंग

**औरैया।** शेरगढ़ घाट स्थित यमुना पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर लगी रोक के बाद मंगलवार को बीएचयू से आई इंजीनियरों की टीम ने पुल की जांच-पड़ताल की। इसमें सात व आठ नंबर की बेयरिंग में खामियां मिलीं। टीम ने पुल का अस्तित्व बचाने के लिए बेयरिंग को बदलना ही विकल्प माना।

यमुना नदी पुल की जर्जर सड़क, खराब बेयरिंग व ज्वाइंटर की समस्या के चलते लगभग एक करोड़ खर्च करने के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने अक्तूबर 2023 में पुल पर आवागमन शुरू कराया। नवंबर में पुल की जांच के दौरान सात नंबर बेयरिंग व ज्वाइंटर में समस्या मिलने पर पीडब्ल्यूडी की टीम ने पुल के अस्तित्व पर खतरा बताते हुए जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपी।

दुस्साहस | जाम खुलवाने के दौरान जीटी रोड किनारे स्थित बालाजी धर्मकांटा के सामने का मामला

# चालक ने किया सिपाही पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जाम खुलवाते समय ट्रक चालक ने यातायात हेड सिपाही पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया पर वह बच गये। इसके बाद उसने हेड सिपाही से अभद्रता की। जानकारी पर पहुंचे सरायमीरा चौकी इंचार्ज के साथ भी धक्का मुक्की व गाली गलौज हुई। बाद में पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। जांच कराने पर आरोपी शराब के नशे में पाया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सरायमीरा स्थित बालाजी धर्मकांटे के निकट जीटी रोड पर यातायात हेड सिपाही धर्मेंद्र मक्का के ट्रैक्टरों से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिये ड्यूटी पर लगे थे। इसी बीच एक ट्रक धर्मकांटा के निकट पहुंचा। सिपाही ने ट्रक चालक को इशारा कर लाइन से आने को कहा, जिससे जीटी रोड पर जाम न लगे। सिपाही के कहने पर भी चालक नहीं माना और तेज रफ्तार में ट्रक चलाते हुए सिपाही पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सिपाही अगर मौके से हट न जाता तो ट्रक उसके ऊपर चढ़ जाता। चालक से जब सिपाही ने सही तरह से ट्रक चलाने को कहा तो वह धक्का-मुक्की करने लगा। सिपाही ने इसकी जानकारी सरायमीरा चौकी प्रभारी संजीव कुमार को दी तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक चालक को ट्रक से नीचे उतारा तो वह दरोगा से भी उलझ गया और धक्का-मुक्की के साथ गाली गलौज करने लगा। इससे मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई।


बालाजी धर्मकांटा के निकट दरोगा से नोकझोंक करता आरोपी ट्रक चालक।

किसी तरह दरोगा ने यातायात सिपाही व एक अन्य साथी सिपाही की मदद से आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लिया और ट्रक को कब्जे में लेकर चौकी में खड़ा करा दिया गया। कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मदरसों में पंजीकृत छात्रों के नाम दूसरे विद्यालयों में दर्ज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नये शैक्षणिक सत्र के आरम्भ में कस्बे सहित क्षेत्र में चल रहे आधा दर्जन मदरसों का निरीक्षण किया गया जिनमें बच्चों की संख्या में कमी के साथ ही साथ दूसरे स्कूलों और मदरसों में भी बच्चों का नाम लिखा होने की बात सामने आई है।

अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, खंड शिक्षाधिकारी रामगोपाल और नायब तहसीलदार के पैनल के साथ संकुल प्रभारी मोहम्मद सईद सिददीकी ने कस्बे सहित क्षेत्र में संचालित मदरसों का निरीक्षण किया और उनकी छात्र संख्या, शिक्षा का स्तर, पाठ्यक्रम सहित अन्य व्यवस्था को देखा जिसमें सबसे बड़ी बात मदरसों में दीनी तालीम अधिक होने और एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को मदरसे में लागू होने के बाद भी शैक्षिक स्तर कमजोर होने का मामला सामने आया। इतना ही नहीं कुछ मदरसों में पंजीकृत छात्रों का दूसरे मदरसों या स्कूलों में भी नाम दर्ज होने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं कस्बे में कुछ मदरसों की मान्यता पर अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित हो रहे हैं और उनके बोर्ड में भी कहीं मदरसों का नाम दर्ज नहीं होने के कारण अभिभावकों की जेब काटने का काम किया जा रहा है लेकिन जांच के ऐन पहले मामला सही कर दिया जाता है।इस सम्बंध में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि दो साल पहले सरकार के आदेश पर जो गैस मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे हुआ था तो उन्हीं की जांच की गई है कि इनके बच्चे कहीं और पढ़ रहे हैं या नहीं।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर – चित्रकूट

पत्रांक– 822/ लेखा/टेंडर/2024–25 दिनांक – 24–07–2024

निम्नांकित योजनान्तर्गत विकास खण्ड रामनगर की निम्नांकित ग्राम पंचायत में कार्य कराया जाना है जिसके लिए जी0एस0टी0 में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों से दिनांक – 31.07.2024 तक टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्र0 | योजना | कार्य का नाम | सामग्री विवरण एवं मात्रा | प्राक्कलन धनराशि लाख रू0 में | जमानत धनराशि | टेडर फार्म फीस | कार्य कराने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाल विकास | 35 आंगनबाडी में अनुरक्षण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9–80 | 20000 | 500 | 03 माह |
| 2 | बु0वि0 नि0 | छीबों में पुलिया से लेकर चन्द्र किशोर के घर तक विंगवाल निर्माण | तदैव | 6–52 | 13100 | 500 | 03 माह |
| 3 | विधायक निधि | राजापुर नगर पंचायत में विकास मिश्रा के घर के पीछे रिटेनिंग वाल निर्माण | तदैव | 2.70 | 5400 | 500 | 03 माह |

इच्छुक सामग्री आपूर्तिकर्ताओं / पंजीकरण ठेकेदरों से अपेक्षा है कि दिनांक 25.07.2024 से दिनांक 31.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक उक्त कार्य हेतु टेंडर फार्म मु0 500 (पांच सौ मात्र) का प्रपत्र जमा कर सकते हैं। भुगतान प्राप्त कर प्राप्त कर उसी तारीख को टेंडरफार्म, जमानत, आवश्यक जमानत के साथ मात्र व मात्र एफ0डी0 ही स्वीकार की जायेगी । आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों द्वारा जमा किए गये टेंडर उसी दिनांक को अपरान्ह 4.00 बजे खण्ड विकास अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में खोले जायेगें। टेंडरदाता किसी भी दिन कार्यालय अवधि में उक्त अवधि में कार्यो के प्राक्कलन का परीक्षण कर सकते हैं

**(ओम प्रकाश यादव)**
खण्ड विकास अधिकारी,
रामनगर

# दफ्तर में घुस सचिव पर तानी रिवॉल्वर

## अयोध्या विकास प्राधिकरण की घटना, नोटिस के बाद भी धनराशि नहीं जमा कर रहा था आवंटी

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार।** अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को आवंटी बताए जा रहे एक युवक ने सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह के कक्ष में घुस कर उन पर रिवॉल्वर तान दी। जमकर अभद्रता की। कक्ष में तेज आवाजें सुन दौड़े प्राधिकरण कर्मियों ने आरोपी को दबोच प्राधिकरण सचिव को किसी तरह सुरक्षित किया। कैंट पुलिस आरोपी पंकज उपाध्याय को थाने ले आई है। सचिव ने केस दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। घटनाक्रम को लेकर प्राधिकरण कर्मियों में तीखा आक्रोश है।

जनकपुरी निवासी पंकज उपाध्याय को गुप्तारघाट में प्राधिकरण द्वारा एक दुकान आवंटित की गई है। जिसकी करीब 55 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि उसे प्राधिकरण कोष में जमा करनी थी। धनराशि जमा न करने पर प्राधिकरण द्वारा उसे कई नोटिस जारी किये गये। इसी बीच वह हाईकोर्ट चला गया। हाईकोर्ट की ओर से उपाध्यक्ष को प्रकरण निस्तारण के आदेश दिए गए।

बार-बार नोटिस से खफा होकर पंकज उपाध्याय बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे प्राधिकरण कार्यालय पहुंच गया। वहां सचिव से मुलाकात के लिए पर्ची भेजने के बाद कुछ देर तक गलियारे में टहलता रहा। बुलावे पर भीतर जाते ही सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह से भिड़ गया और ऊंची आवाज में अपशब्द कहने लगा। सचिव सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं माना तो उसे ऑफिस से चले जाने के लिए कहा। इस पर वो तैश में आ गया और कमर में खुसी रिवॉल्वर निकाल कर तान दी। सचिव ने बताया कि उन्होंने उसका हाथ पकड़ लिया तो और आमादा फौजदारी हो गया। शोर सुन कर तमाम कर्मचारी कक्ष में आ गए और उसे पकड़ कर बाहर ले गए। कैंट थाना पुलिस को सूचना दी गई। कैंट थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज आदि हासिल करने के बाद आरोपी को कैंट थाने ले गये।



आरोपी से पूछताछ करता पुलिसकर्मी।

### प्राधिकरण कार्यालय की सुरक्षा की मांग

प्राधिकरण सचिव के कक्ष में बुधवार सुबह 11:30 बजे हुए घटनाक्रम के बाद प्राधिकरण कार्यालय कर्मचारी करीब तीन घंटे तक तनाव में रहे। घटना के बाद प्राधिकरण सचिव के कक्ष में बड़ी संख्या में कर्मचारी जुट गए और उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय को सूचित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने घटना को लेकर तीखा आक्रोश जताते हुए कार्य बाधित रखा। जिस समय घटनाक्रम हुआ उस दौरान प्राधिकरण सचिव अन्य मामलों की सुनवाई के लिए लोगों से मिल रहे थे। प्राधिकरण कर्मियों ने कार्यालय की सुरक्षा को लेकर मांग उठाई है। कर्मियों का कहना है कि कार्यालय सन्नाटे में पड़ता है और अगल-बगल कोई पुलिस पिकेट भी नहीं है। यहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। तमाम प्रकार के लोगों का आना जाना होता है। कभी भी कोई घटना घट सकती है।

### आरोपी अक्सर ऑफिस आकर बनाता था दबाव

- सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी प्राधिकरण द्वारा जनकपुरी में विकसित की जा रही एलआईजी कॉलोनी में भी एक फ्लैट के लिए दबाव बना रहा था। जबकि उसे बताया जा रहा था कि आवंटन नीलामी प्रक्रिया के तहत होगा। उन्होंने बताया कि नोटिस और फ्लैट को लेकर आरोपी अक्सर आफिस आकर दबाव बनाता था।

# मुरादाबाद यार्ड में पानी भरने से सिग्नल फेल दो दर्जन ट्रेनें प्रभावित

**बरेली।** भारी बारिश के कारण मुरादाबाद में मंगलवार देर रात रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से सिग्नल फेल हो गया। इसकी वजह से बरेली जंक्शन पर अप और डाउन लाइन की दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। जंक्शन पर रात को आने वाली ट्रेनें सुबह तक पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे। बुधवार को 20939 अहमदाबाद सुल्तानपुर 2 घंटा 50 मिनट, 14524 हरिहर एक्सप्रेस 4 घंटा 14 मिनट, 12370 कुंभ एक्सप्रेस 4 घंटा 08 मिनट, 12470 जम्मूतवी कानपुर सेंट्रल 4 घंटा, 12430 नई दिल्ली लखनऊ एसी एक्सप्रेस 3 घंटा 30 मिनट, 12232 चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस 4 घंटा 30 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। मुरादाबाद की तरफ जाने वाली सत्याग्रह एक्सप्रेस, महामना एक्सप्रेस, पद्मावत एक्सप्रेस, लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, लोहित एक्सप्रेस बरेली से निकलने के बाद कई घंटा लेट हो गई।

# यूएई में फंसीं सर्वेश कुमारी जल्द आएंगी अपने घर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कानपुर देहात की महिला और मऊ के विशाल वहां फंसे हैं

**अमृत विचार।** यूएई में फंसे उप्र. के दो नागरिकों को सकुशल भारत लाने के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पहल की है। दोनों में एक मऊ तो दूसरा नागरिक कानपुर देहात से है। कैबिनेट मंत्री ने उनकी सहायता के लिए पीएमओ से सम्पर्क कर उनकी सुरक्षा और प्रत्यर्पण के आग्रह किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान यूएई स्थित भारतीय काउंसलेट को दिए गए निर्देश उसने वहां फंसे दोनों भारतीयों से मुलाकात की। कार्यवाही से संदिग्ध ट्रेवल एजेंटों के चंगुल में फंसे दोनों नागरिकों को राहत मिली है।

एके शर्मा ने बताया कि मऊ जिले के रहने वाले विशाल सिंह पुत्र संजय सिंह और कानपुर देहात ज़िले की सर्वेश कुमारी पत्नी मनोज यादव नौकरी के लिए यूएई गए थे। उनके नियोक्ता ने दोनों नागरिकों पर दबाव डालकर उनसे ऋण के कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिए और उनके नाम पर स्वयं ऋण प्राप्त कर लिया। इस कारण यह लोग दुबई में कानूनी एवं आर्थिक मामलों के केस में फंस गए और उनको कोई नौकरी भी नहीं मिली। ऋण न चुका पाने के कारण उनके दुबई छोड़ने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। अतः वह भारत वापस भी नहीं आ सके।

उन्होंने बताया कि अब से कुछ दिन पहले मऊ निवासी विशाल के पिताजी ने मुझसे इस विषय में संपर्क कर बताया कि यूएई में उनके बेटे और एक महिला का जीवन संकट में है। इस समस्या को प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क करके उनसे इस मामले में सहायता करने का आग्रह किया।

इस दौरान भारतीय काउंसलेट ने इन भारतीय नागरिकों को अपने एजेंट एवं नियोक्ता के विरुद्ध पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने में भी सहायता की। भारतीय काउंसलेट ने मामले को विदेशी मामलों के मंत्रालय, यूएई, के समक्ष भी रखा।

# कल विशेष कोर्ट में हाजिर होंगे राहुल

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिए 26 जुलाई की तारीख नियत की है। मामले में कोर्ट ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। गौरतलब है कि बंगलुरु में एक जनसभा में राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर आपत्तिजनक बयान बाजी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल की जमानत पहले ही हो चुकी है। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दी गई सूचना के अनुसार राहुल कोर्ट में पेश होने के लिए शुक्रवार को जिले में आएंगे। इस दौरान वह कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे।

# कांग्रेस ने गंगा पूजन के साथ शुरू की 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा'

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार।** दिल्ली के बुराड़ी में केदारनाथ मंदिर निर्माण को लेकर उपजे विवाद के बाद कांग्रेस ने धामी सरकार को घेरने की रणनीति के तहत बुधवार को 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' की शुरू की। कांग्रेस ने पदयात्रा को 'जय गंगे, जय केदार' का नारे से शुरू की। पद यात्रा गढ़वाल मंडल के विभन्न गांवों, शहरों से होते हुए केदारनाथ पहुंचकर समाप्त होगी। इस दौरान जगह-जगह जनसभाओं का आयोजन किया जाएगा।

बुधवार को हरिद्वार की हर की पैड़ी से कांग्रेस ने गंगा पूजा के बाद 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' का शुभारंभ किया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह समेत कांग्रेस के सभी विधायक मौजूद रहे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ, सतयुग का सनातनी परंपरा की पहचान है। उन्होंने केदारनाथ के नाम पर धाम बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि बाबा केदार के नाम पर जो पाप भाजपा ने किया है, उसपर केवल कानून बनाने से नहीं बल्कि सार्वजनिक माफी सरकार को मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से वे जनता को बताना चाहेंगे कि जो सामाजिक समरसता की बात करते हैं, उनकी कथनी और करनी में कितना फर्क है। दूसरी तरफ, विवाद को बढ़ता देख दिल्ली केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने कुछ दिन पहले ही सामने आकर मंदिर को लेकर स्थिति स्पष्ट की थी। कहा था कि मंदिर निर्माण के उत्तराखंड सरकार या मुख्यमंत्री धामी का कोई संबंध नहीं है।



हरिद्वार से शुरू 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा' में शामिल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व अन्य। अमृत विचार

- दिल्ली केदारनाथ मंदिर विवाद के लिए भाजपा को बताया जिम्मेदार

# सोनभद्र स्थित सलखन जीवाश्म पार्क शामिल होगा यूनेस्को की सूची में

**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि सोनभद्र में स्थित 1400 मिलियन वर्ष पुराने सलखन जीवाश्म पार्क (फासिल पार्क) को यूनेस्कों की सूची में दर्ज कराया जाएगा। इसके लिए दिल्ली में चल रही 46 वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में हिस्सा लेने आए इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के निदेशक टिम बैडमैन के साथ बातचीत की गई है। उनके सुझावों को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री ने बुधवार को बताया कि फासिल पार्क को यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए उप्र. इको टूरिज्म बोर्ड की दिल्ली में आईयूसीएन के विशेषज्ञों के साथ बैठक सकारात्मक रही। बैठक में आईयूसीएन के निदेशक समेत वीबी माथुर (सेवानिवृत्त), द्रोणा से डॉ. शिखा, बीएसआईपी में भूविज्ञानी और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शिल्पा पांडे और उप्र. पर्यटन के ओएसडी आकाश प्रियदर्शी थे।

# अश्लील वीडियो बना युवक का करा दिया धर्म परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपियों ने बेटी से कराया निकाह, 22 लाख रुपये भी हड़पे

**अमृत विचार।** अश्लील वीडियो बनाकर एक युवक का ब्लैकमेल और धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करा दिया गया। युवक के पिता ने जेवर समेत करीब 22 लाख रुपये की ठगी का भी आरोप लगाया है। एडीजी के आदेश पर थाना किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पिता ने बेटे को तलाश करने की भी मांग की है।

किला के केलाबाग निवासी प्रेमशंकर शर्मा ने बताया कि उनका बेटा गौरव एक दूरभाष कंपनी में काम करता था। 2 जनवरी 2023 को सुबह 9:30 बजे उनका बेटा ड्यूटी पर गया था, लेकिन वापस नहीं आया। वह घर से सात लाख रुपये नकद और बेटी की शादी के लिए रखे आठ लाख रुपये के जेवर साथ ले गया था। उन्हें पता चला कि गौरव प्रेमनगर के मौलानगर के एक समुदाय विशेष के परिवार के संपर्क में है। परिवार इस समय इज्जतनगर के परतापुर चौधरी में रहता है। बेटे को बंधन से मुक्त कराने के लिए उन्होंने 10 जनवरी 2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को डाक से शिकायती पत्र भेजा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि आरोपी, उसकी पत्नी, दो बेटे, बेटी और एक अन्य ने मिलकर गौरव का अश्लील वीडियो बना लिया और ब्लैकमेल करके गौरव से 14 लाख रुपये और आठ लाख रुपये के जेवर हड़प लिए। एडीजी के आदेश पर किला पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### कोहरे के आगोश में सरोवर नगरी, सैलानियों ने लिया आनंद

**नैनीताल :** मानसून के दौरान पहाड़ो में चारों ओर हरियाली छाई रहती है। ऐसे में बारिश और कोहरे के बीच नैसर्गिक सुंदरता देखने लायक होती है। वहीं नैनीताल, मुक्तेश्वर, सातताल, पंगुट आदि क्षेत्रों में भी इस दौरान मौसम काफी खुशनुमा हो चुका है। बारिश की रफ्तार काफी कम हो चुकी है, ऐसे में मानसून का लुत्फ उठाने के लिए दिल्ली, पंजाब व यूपी से पर्यटक नैनीताल पहुंच रहे हैं, जिससे होटल कारोबारियों, टैक्सी चालक सहित सरकारी राजस्व में भी बढ़ोत्तरी हो रही है।

### ओपी राजभर को मशवरा देने की जरूरत नहीं : शहाबुद्दीन

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने योगी सरकार में मंत्री ओपी राजभर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जल चढ़ाना इस्लाम मजहब में जायज नहीं है। इसलिए मंत्री को मुसलमानों को मशवरा देने की जरूरत नहीं है।

### रेलकर्मियों की तलाकशुदा, विधवा बेटियों को मेडिकल भत्ता

**बरेली।** पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रही रेल कर्मचारियों की विधवा, अविवाहित, तलाकशुदा बेटियों को भी अब निश्चित चिकित्सा भत्ता मिल सकेगा। पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष जेएस भदौरिया ने रेलवे बोर्ड के इस फैसले को लंबे संघर्ष का परिणाम बताते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### यूट्यूबर को प्रेंक वीडियो शूट करना पड़ा भारी

**नैनीताल।** बुधवार की शाम मल्लीताल बोट स्टैंड में एक युवक रास्ते में मोबाइल रख प्रेंक शूट कर रहा था। देर तक प्रेंक शूट करने के दौरान नाव चालकों व राहगीरों ने युवक के प्रेंक शूट करने पर आपत्ति जताई। इस बात पर यूट्यूबर युवक भड़क गया। क्षेत्र में हंगामे के बाद लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि यूट्यूबर व नाव चालकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

ठगी की कोशिश | आरोपी ने महिला से मांगे चार हजार रुपये, न देने पर की गाली-गलौज

# दरोगा बोल रहा हूं, पैसे नहीं दिए तो होगा एनकाउंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** एसएसपी ऑफिस का दरोगा बताकर एक महिला से ठगी की कोशिश की गई। ठग ने महिला को आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के लिए चार हजार रुपये मांगे। उसने किसी युवक को एसएसपी बताकर महिला की बात भी करा दी। जब महिला ने पैसे देने से इन्कार किया तो उसने एन्काउंटर करने की धमकी दी। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर थाना बारादरी पुलिस ने मोबाइल नंबरों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी निवासी शिवानी उर्फ सीमा ने बताया कि कुछ दिन पहले उनका विवाद पड़ोसी चमन और उसके परिजनों से हुआ था। चमन ने उनके साथ मारपीट की थी तो उन्होंने थाना बारादरी में शिकायती पत्र दिया था। 11 जुलाई को सुबह 8:15 बजे दो नंबरों से उनके मोबाइल नंबर पर कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह एसएसपी कार्यालय से दरोगा बोल रहा है।

चमन की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी, लेकिन इसमें सरकारी खर्चा चार हजार रुपये आएगा और खर्चा ऑनलाइन भेज दो। सीमा ने शक होने पर पैसे देने से इन्कार कर दिया। इस पर फोन करने वाला भड़क गया और गालीगलौज की। आरोपी ने एन्काउंटर करने और जेल भेजने की धमकी दी। वह आए दिन फोन करके धमकी दे रहा है।

### ट्रू कॉलर में दिख रहा राकेश एसएसपी ऑफिस

- ट्रू कॉलर पर 95 से शुरू होने वाले नंबर पर राकेश एसएसपी ऑफिस और 96 से शुरू होने वाले नंबर पर स्कूल लिख कर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच साइबर सेल को सौंपी है। पुलिस का मानना है कि पैसे मांगने वाले आरोपी को पता है कि चमन और शिवानी के बीच विवाद हुआ है और शिवानी ने थाना बारादरी में शिकायती पत्र दिया है। आशंका है कि पैसे मांगने वाला आरोपी शिवानी और चमन के आसपास का ही रहने वाला है। इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

- एसएसपी बताकर एक युवक से भी आरोपी ने कराई महिला की बात


## कार्यालयः खण्ड विकास अधिकारी, चित्रकूटधाम कर्वी (चित्रकूट)

पत्रांकः 672 / क्षेत्रपंचायत / टेन्डर नोटिस/2024–25 दिनांक 24.07.2024

**निविदा सूचना**

15वाँ केन्द्रीय वित्त / पंचम राज्य वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत चित्रकूटधाम कर्वी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो को कराये जाने हेतु विकासखण्ड कार्यालय, चित्रकूटधाम कर्वी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08.08.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे विकासखण्ड चित्रकूटधाम कर्वी में JE RED/MI, सहायक विकास अधिकारी (पचांयत) / सहकारिता / आई0एस0बी0 तथा खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूटधाम कर्वी (टेन्डर समिति) की उपस्थिति में निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 25.07.2024 से 08.08.2024 के मध्य प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक कार्यालय के कार्यदिवस में खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूटधाम कर्वी से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन की अनुमानित धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 कर्वी माफी में रामकिशोर के घर से गोवर्धन कुम्हार के घर तक नाला व ढक्कन का निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 2 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठर्री मे रमेश पटेल के घर से चुनकावन पटेल के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा व मध्य में नाली का निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 3 | ग्रा0पं0 भगनपुर में रामलाल के घर से जगलपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 4 | ग्रा0पं0 खमरिया में गोकुल के घर से रामबहोरी के घर तक इण्टरलॉकिंग खडण्जा निर्माण कार्य | 3.43 | 7000 | 500 |
| 5 | ग्रा0पं0 खमरिया में गौतमपुर में मेनरोड से रामस्वयेवर एवं जगन्नाथ के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 3.43 | 7000 | 500 |
| 6 | ग्रा0पं0 बिहारा में रघुवीर यादव के पुरवा की रोड में नत्थू वकील के पुरवा के आगे पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 7 | ग्रा0पं0 भगनपुर में लल्लू पाण्डेय के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 8 | ग्रा0पं0 भगनपुर में दादूलाल के घर से अच्छेलाल यादव के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 9 | ग्रा0पं0 बन्दरी में पीतूपुर तालाब सम्पर्क मार्ग में खजहवा बहरा में पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 10 | ग्रा0पं0 बिहारा में रघुवीर यादव के पुरवा की रोड में मेवालाल के खेत के नीचे पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 11 | ग्रा0पं0 बन्दरी में पीतूपुर तालाब सम्पर्क मार्ग में लल्लू के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 12 | ग्रा0पं0 भगनपुर में श्री चन्द्र पटेल के घर से हैण्डपम्प तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 13 | ग्रा0पं0 संग्रामपुर में प्राथमिक विद्यालय चौधरी के पुरवा में पुलिया निर्माण कार्य | 5.75 | 11500 | 1000 |
| 14 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठरी में संतोष पटेल के घर से मईयादीन पटेल के घर की ओर बने नाले में ढक्कन निर्माण कार्य | 3.99 | 8000 | 500 |
| 15 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठरह्र में जुम्मन के घर से हैदरअलि के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 16 | ग्रा0पं0 बगलई में राजाभइया कुशवाहा के घर से राजकिशोर यादव के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 17 | ग्रा0पं0 खम्हरिया में शंकर के घर से राजकरण के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.94 | 20000 | 1000 |
| 18 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के प्राथमिक विद्यालय बनवारीपुर में टाईल्स पुट्टी पुताई एवं छत मरम्मतीकरण का कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 19 | ग्रा0पं0 भारतपुर में हीरालाल प्रजापति के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य | 5.44 | 11000 | 1000 |
| 20 | ग्रा0पं0 खम्हरिया के रघुनन्दनपुरवा में रघुनन्दनपुरवा सम्पर्क मार्ग में पुलिया निर्माण कार्य | 3.28 | 6500 | 500 |
| 21 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के प्राथमिक विद्यालय बनवारीपुर में बाउन्ड्रीवाल एवं कैम्पस में इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 22 | ग्रा0पं0 करारी में गौशाला के रास्ते में नाला के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 23 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के बनवारीपुर में मालती के घर से बिन्दा के बोर के आगे तक डब्लू बी एम सड़क निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 24 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के बनवारीपुर में पुलिया से दुनगु वर्मा के पुरवा की ओर डब्लू बी एम सड़क निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 25 | ग्रा0पं0 द्गवां के मजरा खरैहा में रामपाल वर्मा के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 26 | ग्रा0पं0 छपरा माफी के मजरा लुडहा में राजा पाण्डेय के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.95 | 20000 | 1000 |
| 27 | ग्रा0पं0 छपरा माफी के मजरा लुडहा में बाबूलाल के पुरवा के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.95 | 20000 | 1000 |

निविदा शर्तेः–

1. निविदा में सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में दरें स्वीकृत लागत से प्रतिशत में कम या अधिक में प्रस्तुत करना होगा।
2. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेन्डर स्वीकृत किया जायेगा एवं सामग्री की मात्रा कम या अधिक हो सकती है।
3. निविदा दाता को निविदा के साथ 100 रु0 का स्टाम्प एवं 1 रुद्ध की रसीदी टिकट में हस्ताक्षर होना चाहिए।
4. निविदा को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। राशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
5. किसी कार्य पर धन उपलब्ध न होने की दशा में कार्यादेश धन उपलब्ध के बाद निर्गत / भुगतान किया जायेगा।
6. फर्म की निविदा स्वीकृत आदेश जारी होने के पश्चात् सम्बन्धित का भुगतान बजट प्राप्त होने की स्थिति में हो सकेगा।
7. एक टेन्डर फार्म केवल एक ही कार्य के लिए अनुमन्य होगा।
8. निविदा स्वीकृत के तीन दिन के अन्दर अपने एग्रीमेन्ट को पूर्ण कराने की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार की होगी।
9. सामग्री में से नियमानुसार व्यापारकर, आयकर, रायल्टी एवं अन्य अनुमन्य कटौती की जायेगी।
10. यदि शासन स्तर से या विवाद की स्थिति में कार्य पर रोक लगायी जाती है तो स्वीकृत कार्य का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा एवं न्यायालय में वादयोग्य नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगा।
11. अनिवार्य रूप से श्रम विभाग में पंजीकरण कराना होगा एवं 1 प्रतिशत लेबरसेस की कटौती पृथक् से की जायेगी।
12. विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी में ठेकेदार पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र ।
13. पंजीकृत ठेकेदार को अपना हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, जी0एस0टी0 नं0, पैनकार्ड, आधारकार्ड, श्रम प्रवर्तन का अधिष्ठान पंजीयन निविदा के साथ ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(गोमती सिंह)
प्रमुख
चित्रकूटधाम कर्वी

(धर्मजीत सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
चित्रकूटधाम कर्वी

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूँदड़ाउ 2450–2460 आर.आर.21 2550–2600 गेहूँफारम 2600–2700 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200–2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300–6400 अरहर 9000–10000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–3800 उड़दहरा 11000–11500 उड़दकाला 8000–9000 मूँग 8000–8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहरफूल 16200–16300 अरहरस्पेशल 13600–13700 च्नादाल 8100–8200 मटरदाल 4400–4500 मसूरमलका 7175–7225 मसूरदाल 7375–7425 उड़ददाल 9000–13300 उड़द धोवा 10000–13000 मूँगदाल 8100–9700 मूँग धोवा 9700–11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800–4000 बासमती न01. 10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1460–1500 मैदा 1420–1470 सूजी 1480–1520 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाह पसंद 1380–1420 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600–5800 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11000–11500 मूँगफली दाना षिवपुरी 9600–11200 बटाली 8600–11000 सेहुआं 4000–4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 12200–12300 अलसी 10100–10200 अण्डी 12800–13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1550–1559 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 4900–5000 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1565–1564 मयूर 1565–1564 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलड्डू 4900–4950 देशीभेली 4600–4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 87500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 71150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53000–53200 |

# कर कम किए जाने से रियल एस्टेट को होगा लाभ

## वित्त मंत्री बोलीं- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्सेशन के 20 से कम कर 12.5% किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आम बजट में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्शेशन के 20 प्रतिशत से कम कर 12.5 प्रतिशत किये जाने से सभी मामले में रियल एस्टेट लाभ में ही रहेगा। सीतारमण ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत कर देना पड़ता था, लेकिन अब इसके बगैर 12.5 प्रतिशत कर लगेगा। आम तौर पर रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है।

महंगाई का इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत होता है जो संपत्ति को रखने की अवधि पर निर्भर करता है। इसलिए इस तरह के अधिकांश मामलों में करदाताओं को कर की बचत ही होगी। उन्होंने कहा कि नई कर दर से अधिकांश मामलों में लाभ होगा। इस मामले में यदि संपत्ति को पांच वर्ष रखा जाता है और संपत्ति पर रिटर्न में 1.7 गुना की बढ़ोतरी होगी तो इस मामले में नयी व्यवस्था लाभकारी है। यदि संपत्ति को 10 वर्ष रखा जाता है और रिटर्न 2.4 गुना होता है तब भी इससे करदाता को लाभ होगा। जब संपत्ति पर 9 से 11 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिलेगा तब नयी कर में करदाता को नुकसान होगा हालांकि रियल एस्टेट में ऐसा होना अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर सरलीकरण का लाभ करदाताओं को ही होता है क्योंकि इससे अनुपालन का भार कम होता है और रिकार्ड रखने की जरूरत समाप्त हो जाती है। सीतारमण ने कहा कि नयी व्यक्तिगत कर प्रणाली भी सभी के लिए लाभकारी है। इसमें कम कर देने के बाद जो बचत होगी उसका उपयोग करदाता अपने जरूरत के अनुसार कर सकेगा।

### एलटीसीजी में कमी से करदाताओं को होगी पर्याप्त कर बचत

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) की दर में कटौती से करदाताओं को पर्याप्त कर बचत होने की उम्मीद है। बजट में दीर्घावधि तक रखी गई आवास संपत्तियों की बिक्री से अर्जित पूंजीगत लाभ पर कर की दरें कम कर दी गई हैं, लेकिन करदाताओं को मिलने वाला इंडेक्सेशन लाभ हटाया गया है। इंडेक्सेशन लाभों से तात्पर्य पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए सम्पति के मूल्य से मुद्रास्फीति को समायोजित करने की व्यवस्था समाप्त करना है। आयकर विभाग ने एक्स पर लिखा, नाममात्र अचल संपत्ति रिटर्न आम तौर पर 12-16 प्रतिशत प्रति वर्ष के आसपास है, जो मुद्रास्फीति से बहुत अधिक है।मुद्रास्फीति के लिए इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत के आसपास है, जो संपत्ति को कितने समय के लिए पास रखा गया इस पर निर्भर करता है।

### इंडेक्सेशन लाभ हटाने से विक्रेताओं को होगा नुकसान

पुरानी संपत्ति की बिक्री करते समय मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किए जाने से निवेशकों को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। सरकार ने आम बजट में अचल संपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर को घटाया है और मुद्रास्फीति के समायोजन (इंडेक्सेशन) से जुड़े लाभ हटाने का प्रस्ताव रखा। विशेषज्ञों ने इस कदम को विक्रेताओं के लिए नकारात्मक बताया है। प्रस्ताव पर डेलॉयट इंडिया की साझेदार आरती रावते ने कहा कि इंडेक्सेशन के बिना एलटीसीजी का करदाताओं पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। यदि मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किया गया तो निवेशकों को नुकसान होगा। इक्रा की उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अनुपमा रेड्डी ने भी कहा कि एलटीसीजी कर की दर में कमी के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र पर दीर्घकालिक रिटर्न को देखते हुए, संपत्ति की बिक्री के समय इंडेक्सेशन लाभ को हटाने से कर में वृद्धि होने की संभावना है।

# बजट कृषि के निगमीकरण को देगा बढ़ावा : एसकेएम

नई दिल्ली, एजेंसी

- यह तीन कृषि कानूनों के प्रावधानों के पिछले दरवाजे से प्रवेश का भी रास्ता बनाने वाला

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बजट कृषि के निगमीकरण को बढ़ावा देगा। एसकेएम ने आरोप लगाया कि यह तीन कृषि कानूनों के प्रावधानों के पिछले दरवाजे से प्रवेश का भी रास्ता बनाने वाला है। इन कानूनों को लगभग दो साल पहले निरस्त कर दिया गया था।

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में किसानों की स्थिति में सुधार के लिए कोई प्रावधान नहीं है और वे विरोध में बजट की प्रतियां जलाएंगे। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं है। यह पिछले साल जैसा ही है। बिहार को वित्तीय पैकेज दिए गए हैं, कृषि क्षेत्र की अनदेखी हुई है और राज्य में मजबूत मंडी प्रणाली बनाने के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा के आशीष मित्तल ने कहा कि बजट में प्राकृतिक खेती से जुड़ी घोषणा से उत्पादन में गिरावट आ सकती है। वे एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षित करने जा रहे हैं। जय किसान आंदोलन के नेता अविक साहा ने कहा कि यह बजट कृषि कानूनों के प्रावधानों को पिछले दरवाजे से प्रवेश देने की कोशिश कर रहा है। बजट में किसान अदृश्य हैं। एसकेएम ने कहा कि बजट किसानों और श्रमिकों की कीमत पर कृषि के निगमीकरण की ओर ले जाएगा और राज्य सरकारों के अधिकारों को छीन लेगा, जो संविधान के संघीय चरित्र की मूल अवधारणा का उल्लंघन है।

# चौथे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

- बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से निफ्टी भी 65.55 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

वित्तीय एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और प्रतिभूति लेनदेन कर एवं अल्पावधि पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी से बुधवार को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई का सेंसेक्स 280.16 अंक यानी 0.35% की गिरावट के साथ 80,148.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 678.53 अंक तक फिसलकर 79,750.51 अंक पर आया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 65.55 अंक यानी 0.27% गिरकर 24,413.50 अंक पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व के शेयर में दो प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### स्मॉलकैप 1.91% और मिडकैप 0.68% चढ़ा

बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.91 प्रतिशत और मिडकैप 0.68 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में मामूली नुकसान दर्ज किया गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,975.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत उछलकर 81.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बजट पेश किए जाने के साथ वायदा एवं विकल्प सौदों पर एसटीटी को बढ़ाने का प्रस्ताव रखने के बाद सेंसेक्स 1,277.76 अंक यानी 1.58 प्रतिशत तक टूट गया था। बाद में यह काफी हद तक भरपाई करने में सफल रहा था।

# एंजल कर : निवेश पर कर नहीं होना चाहिए : डीपीआईआईटी

नई दिल्ली, एजेंसी



स्टार्टअप के लिए एंजल कर को हटाना एक लंबित मुद्दा था, क्योंकि यह कर देश में आने वाले निवेश पर लगाया जाता था और इस तरह के विदेशी निवेश पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश सिंह ने कहा कि इस निर्णय से विदेशी निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप परिवेश को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

सिंह ने कहा कि यह कारोबार सुगमता का मुद्दा होने के साथ कर का मुद्दा भी था। अंततः यह आय पर नहीं बल्कि निवेश पर कर था और निवेश पर कर नहीं लगना चाहिए, यही मूल विचार है। एंजल कर (30% से अधिक की दर से आयकर) का मतलब वह आयकर है जो सरकार गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई राशि पर लगाती है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज गारंटी योजना से विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** तमाम वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती, एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना और ई-कॉमर्स केंद्र की स्थापना जैसी बजट घोषणाओं से घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि स्पैन्डेक्स, चमड़ा और समुद्री सामान जैसे सामान पर सीमा शुल्क कम करने से उद्योग को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान उद्योग आईजीसीआर (रियायती दरों पर वस्तुओं का आयात) के तहत ट्रिम्स और एम्बेलिशमेंट का विस्तार करने की सराहना करता है, जिससे तैयार कपड़ों की निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना के तहत सीमा में वृद्धि, औपचारिक क्षेत्रों में नए प्रवेशकों को 15,000 रुपये तक महीने का वेतन देना, नए विनिर्माण कर्मचारियों के लिए 4 साल तक ईपीएफओ अंशदान और परिधान उद्योग को बढ़ाने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### कंगना के लोकसभा मंडी से चुनावी जीत को चुनौती

शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में बुधवार को मंडी लोकसभा क्षेत्र के एक निर्दलीय उम्मीदवार ने नामांकन पत्र अस्वीकृति पर याचिका दायर कर इस सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत की चुनावी जीत को चुनौती दी गई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के मुताबिक याचिका पर अदालत की ओर से नोटिस जारी किया गया है और प्रतिवादी भाजपा सांसद को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। याचिका में प्रदेश के किन्नौर जिले के निवासी निर्दलीय उम्मीदवार लायक राम नेगी के नामांकन की अस्वीकृति को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि मानदंड पूरा करने के बावजूद चुनाव से पहले उनका नामांकन खारिज कर दिया गया था।

### टक्कर मारकर फरार होने के मामले में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने टक्कर मारकर फरार होने के एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मारी थी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान धीरज तलवार के रूप में हुई है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### खालिद की जमानत पर कोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत पर बुधवार को पुलिस का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा।

### जिम मालिक की हत्या में दो महिलाओं समेत 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में जिम मालिक सुमित चौधरी की 10 जुलाई को चाकू घोंपकर हत्या हुई थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्वी) जॉय टिर्की ने बताया कि बुधवार को मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में करतार सिंह (33), हुसैन अली (20), शायना (36) और आशु (38) है। सभी आरोपी भजनपुरा निवासी हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश होने का संदेह है, हालांकि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# बजट की आलोचना विपक्ष की राजनीतिक हताशा

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कहा-पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंडिया गठबंधन ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया

भाजपा ने केंद्रीय बजट की आलोचना करने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बुधवार को निशाना साधा तथा कहा कि इससे उनकी राजनीतिक हताशा एवं उन पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच का पता चलता है जिन्हें विकास के लिए विशेष ध्यान देने और सहायता की आवश्यकता है।

आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए की कई घोषणाओं के बाद कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सरकार पर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण बजट पेश करने का आरोप लगाया था। बिहार और आंध्र प्रदेश क्रमशः सत्ता में काबिज जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) राजग सरकार के प्रमुख घटक हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने विपक्षी की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार के बजट का सभी ने स्वागत किया है, लेकिन विपक्ष अपरिपक्व और नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहस है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इसको प्रगतिशील, जन समर्थक, गरीब समर्थक, किसान समर्थक और रोजगार समर्थक बजट के रूप में देखता है। यह एक ऐसा बजट है जिसने वास्तव में 'विकसित भारत' के लिए एक दृष्टिकोण पेश किया है।

### ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं : चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि यदि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगा तो जनता सत्तारूढ़ दल को चुनावों में दंडित करती रहेगी। चिदंबरम ने कहा कि वह बजट में घोषित ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं और उन्हें आशंका है कि कहीं इसका हश्र भी प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने के जुमले जैसा नहीं हो जाए। आम बजट 2024-25 और जम्मू कश्मीर के बजट पर चिदंबरम ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को पढ़ने का अवसर निकाला। वित्त मंत्री ने कांग्रेस घोषणापत्र की पृष्ठ संख्या 11, 30 एवं 31 से अच्छे विचारों को लिया।

### खरगे बोले- फिर से ठोस सुधारों की जरूरत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1991 के केंद्रीय बजट को पेश किए जाने के 33 साल पूरा होने पर कहा कि आज फिर एक ऐसे सार्थक, ठोस नए सुधारों की जरूरत है जो मध्यम वर्ग और वंचितों दोनों की मदद करें। खरगे ने एक्स पर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जुलाई 1991 उदारीकरण बजट के रूप में महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने आर्थिक सुधारों के युग की शुरुआत की थी।

# नीतीश कुमार के फिर बिगड़े बोल अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो

पटना, एजेंसी



विधानसभा सत्र को संबोधित करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़के बिहार के सीएम
- आरक्षण कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को विपक्ष का हंगामा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में अपना आपा खो बैठे और राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए एक विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो! उनके बयान को लेकर एक बार फिर से हंगामा खड़ा हो गया है।

राजद के वरिष्ठ विधायक भाई वीरेंद्र ने बाद में इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पता नहीं महिलाओं को क्या-क्या बोलने लगे। पता नहीं महिलाओं से उन्हें प्रेम है या नफरत? यह बात हमें समझ ही में नहीं आती। बिहार विधानसभा में बुधवार को राज्य के संशोधित आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हस्तक्षेप करने के लिए उठे। उस समय राजद की मसौढी से विधायक रेखा देवी कुछ कह रही थीं।

मुख्यमंत्री ने रेखा देवी की ओर उंगलियां दिखाते हुए ऊंची आवाज में कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो। राजद ने किसी महिला को आगे बढ़ाया था? क्या आपको पता है कि मेरे सत्ता संभालने के बाद ही बिहार में महिलाओं को उनका हक मिलना शुरू हुआ। 2005 के बाद हमने महिलाओं को आगे बढ़ाया है। बोल रही हो, फालतू बात.. इसलिए कह रहे हैं, चुपचाप सुनो। महिला विधायक से इस तरह मुखातिब होने का विपक्षी सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अरे क्या हुआ? सुनोगे नहीं, हम तो सुनाएंगे और अगर नहीं सुनिएगा तो यह आपकी गलती है।

# मोबाइल पर निर्देश देकर चिकित्सक ने दाई से कराया सुरक्षित प्रसव

सिवनी (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में बाढ़ की स्थिति होने से जोरावाड़ी गांव नहीं पहुंच सकी महिला चिकित्सक, महिला ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

महिला का सुरक्षित प्रसव कराने के लिए महिला चिकित्सक ने मोबाइल फोन पर दाई को निर्देश देकर सुरक्षित प्रसव कराया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में भारी बारिश से सड़कों पर पानी भरने से महिला चिकित्सक गांव तक नहीं पहुंच सकी तो पा उन्होंने प्रसव कराने के लिए फोन पर ही दाई को निर्देश दिए।

अधिकारी ने बताया कि जोरावाड़ी गांव में बाढ़ जैसी स्थिति थी जब रवीना उइके को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन जलजमाव होने से जिला अस्पताल नहीं जा सके। उइके की जानकारी के बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसम के साथ टीम गांव रवाना हुई, लेकिन मार्ग जलमग्न होने से टीम का गांव पहुंचना असंभव होगा तो डॉ. सिरसम ने उइके के पति को फोनकर प्रशिक्षित दाई को बुलाने के लिए कहा। सिरसम ने दाई रेशना वंशकार को फोन पर दिए निर्देशों का पालन करने को कहा ताकि उच्च जोखिम वाली महिला का प्रसव हो सके। दाई ने निर्देशों का पालन करते हुए जुड़वा बच्चों का सुरक्षित जन्म कराया। जल स्तर कम पर जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# न्यायाधिकरणों को ई-अदालत परियोजना के अंतर्गत लाने से न्यायालय का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीजेआई चंद्रचूड़ बोले- मामले के संबंध में आप न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं

उच्चतम न्यायालय ने न्यायाधिकरणों को ई-अदालत योजना के अंतर्गत लाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई से इनकार कर दिया। ई- अदालत योजना का लक्ष्य पूरे देश की अदालतों में डिजिटल अवसंरचना का उन्नयन करना है।

याचिका में कहा गया था कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय हरित अधिकरण जैसी अर्ध न्यायिक समितियों को राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। एनजेडीजी ई-अदालत परियोजना के अंतर्गत आता है जो देश की न्यायपालिका के कम्प्यूटरीकरण पर राष्ट्रीय नीति तैयार करने से संबंधित है। इसकी निगरानी और वित्तपोषण विधि मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा किया जाता है। एनजेडीजी पोर्टल अदालतों ने शुरू किए हैं। यह लंबित और निपटाए गए मामलों से संबंधित डेटा का राष्ट्रीय कोष है।

प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं। एनजेडीसी ई-अदालत योजना का हिस्सा है। यह जिला, उच्च और उच्चतम न्यायालय को देखता है और यह न्यायाधिकरणों को बिल्कुल नहीं देखता। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना की रूपरेखा में अतिक्रमण नहीं कर सकती।सात हजार करोड़ रुपये अदालतों के लिए आवंटित किए गए हैं न कि न्यायाधिकरणों के लिए।

# मणिपुर में महिलाओं ने निकाली रैली तीन मौतों की न्यायिक जांच की मांग

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** मणिपुर के कुकी और हमार समुदाय के दो महिला संगठनों ने बुधवार को रैली निकाली और असम पुलिस के साथ मुठभेड़ में हमार समुदाय के तीन पुरुषों के मारे जाने की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग की।

कुकी विमिन ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार विमिन यूनियन द्वारा आयोजित रैली में शामिल महिलाओं ने मुओलवाइफेई मैदान से शांति मैदान स्थित स्मृति दीवार तक मार्च निकाला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि कछार जिले में 17 जुलाई को पुलिस ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। हालांकि, मारे गए लोगों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ करार दिया था। दोनों संगठनों ने गृहमंत्री अमित शाह को दिए ज्ञापन में कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित करने का अनुरोध करते हैं ताकि मामले से जुड़े तथ्यों को सामने लाया जा सके।

# कानून का पता न होना तोड़ने का बहाना नहीं होता

मुंबई, एजेंसी



- दवा कंपनी के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से हाईकोर्ट का इनकार

प्रतिबंधित सामग्री घोषित रसायन का बिना प्रमाणपत्र के निर्यात करने पर दवा कंपनी के निदेशक के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से बंबई हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून की जानकारी नहीं होना उसे तोड़ने का बहाना नहीं होता।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि इस अनभिज्ञता को बचाव के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए तो कानून प्रवर्तन मशीनरी ठप्प पड़ जाएगी। विवालविता फार्मास्यूटिकल्स नामक कंपनी के निदेशक अजय मेलवानी ने हाईकोर्ट से मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत 2019 में दर्ज की प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया था। अपनी अर्जी में आरोपी ने दावा करते हुए मामले को रद करने का अनुरोध किया कि 2018 में जारी अधिसूचना में संबंधित रसायन प्रतिबंधित सामग्री की सूची में नहीं था, इसलिए उनकी कंपनी को इसकी जानकारी नहीं थी कि उसके निर्यात से पहले अनापत्ति प्रमाणपत्र की जरूरत होगी। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने यह अर्जी रद कर दी और यह कहते हुए मामला रद करने से इनकार कर दिया कि यह स्थापित कानूनी रुख है कि कानून की जानकारी नहीं होना किसी आपराधिक आरोप के सिलसिले में बचाव नहीं हो सकता है।

# राज्यपाल मानहानि मामले में ममता ने आदेश पर रोक का किया अनुरोध

**कोलकाता।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख कर एकल पीठ के आदेश पर रोक का अनुरोध किया है। एकल पीठ ने बनर्जी और तीन अन्य पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ बयान देने पर रोक लगा दी थी। बनर्जी के वकील ने न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी की पीठ के समक्ष कहा कि बनर्जी ने राज्यपाल के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की। पीठ ने कहा कि मामले पर गुरुवार को सुनवाई होगी जब बोस के वकील दलीलें देंगें।

# फैसला हटाने के होंगे गंभीर प्रभाव : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- बरी होने के बाद फैसला सार्वजनिक मंच से हटाने की याचिका पर सुनवाई करेगा कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट आपराधिक मामलों में एक व्यक्ति के बरी होने के बाद मामले से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक मंचों से हटाने के उसके अधिकार से संबंधित याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को सहमत हुआ। यह मुद्दा आरोपी के उस अधिकार से संबंधित है, जिसमें सार्वजनिक मंचों से उसके नाम वाले फैसलों को हटाने का अनुरोध किया गया है। कोर्ट ने कहा कि फैसला हटाने के गंभीर प्रभाव होंगे।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें उसने विधि पोर्टल को वेबसाइट से उस निर्णय को हटाने के लिए कहा था कि दुष्कर्म के मामले में आरोपी बरी हो गया है। सीजेआई ने कहा कि फैसले सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा होते हैं और अदालतों की ओर से उन्हें हटाने के आदेश का गंभीर असर पड़ेगा। पीठ ने कहा कि यह मानते हुए कि कोई व्यक्ति बरी हो गया है, हाईकोर्ट उसे (विधि पोर्टल को) फैसला वापस लेने का निर्देश कैसे दे सकता है? एक बार फैसला सुनाने के बाद, यह सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के खिलाफ इंडिया कानून पोर्टल द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट ने पोर्टल को वेबसाइट से फैसला हटाने के लिए कहा था। कोर्ट ने कार्तिक थ्योडोर की याचिका पर यह फैसला दिया था।

# डरता नहीं हूं, ट्रेनिंग पर फोकस : कुशारे

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाई जंपर सर्वेश ने अपनाया चोपड़ा का फॉर्मूला, कहा- नीरज मेरे आदर्श हैं, मुझे भी देश का मान बढ़ाना है

गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है।

ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने पोलैंड के वारसॉ से कहा मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन भीतर से बहुत मजबूत हूं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढ़ाना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की पांच खिलाड़ी मिलीं कोविड-19 पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में ऑस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं। लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे प्रोटोकॉल का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है। प्रोटोकॉल में मास्क पहनना और ट्रेनिंग के बाहर टीम के अन्य सदस्यों से पॉजिटिव खिलाड़ियों को दूर रखना शामिल है। मीयर्स ने कहा कि पूरी टीम की जांच हो चुकी है।

# अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति : राय

पेरिस, एजेंसी



अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक मेंटोर के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए उनके लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है।

40 साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैंपियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने कहा हर दिन भावनात्मक होता है। यह चौथी दफा है। मेरे लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। मैं अपने साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि अभी नहीं तो कभी नहीं। आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे कि यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। तोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे। उन्होंने कहा ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। इस ओलंपिक में तीन साल के अंतराल के बाद खेल रहा हूं। कई बदलाव आये हैं जो सकारात्मक हैं। तोक्यो में जो भी कमी रह गई थी उसे दूर करना मेरा लक्ष्य है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं लेकिन अभी तक पदक नहीं जीत पाये हैं। अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे।

# तीरंदाजों का लक्ष्य पहला पदक जीतना

## 1988 से ओलंपिक में शामिल किया गया था तीरंदाजी का खेल, तब से लेकर अब तक भारत नहीं जीत पाया है पदक

PARIS 2024 | ओलंपिक 1 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

### ओलंपिक में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी कोको गॉफ

**पेरिस।** टेनिस स्टार कोको गॉफ शुक्रवार को होने वाले ओलंपिक उद्घाटन समारोह में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी। अमेरिका बास्टकेबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स को पहले ही पुरुष ध्वजवाहक बनाने की घोषणा कर चुका है। गत अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ पेरिस खेलों में अपने ओलंपिक पदार्पण की तैयार कर रही हैं। वह अमेरिका की ध्वजवाहक बनने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी होंगी। टीम अमेरिकी एथलीट ने उन्हें और जेम्स को ध्वजवाहक के रूप में चुना है। बीस साल की गॉफ ने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम में जगह बनाई थी लेकिन जापान रवाना होने से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण खेलों के महाकुंभ में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। फ्रेंच ओपन की मेजबानी करने वाले रोलां गैरो पर होने वाली टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में गॉफ को दूसरी वरीयता दी गई है। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता मिली है। गॉफ और जेसिका पेगुला को युगल में शीर्ष वरीयता मिली है।



<< ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं के लिए बनाया गया इंडोर स्टेडियम।

# फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी मिली

पेरिस, एजेंसी

शीतकालीन ओलंपिक



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्टूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मैक्रों ने कहा हम पर भरोसा दिखाने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। फ्रांस इन खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश था। फ्रांस इससे पहले तीन बार 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई। साल्ट लेक सिटी 32 साल के बाद इन खेलों का आयोजन करेगा। इससे पहले उसने 2002 में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी की थी। आईओसी ने पिछले साल साल्ट लेक सिटी को दावा मजबूत करने के लिए बातचीत के अधिकार दिए थे। इसके बाद उटा राज्य की राजधानी साल्ट लेक सिटी मेजबानी की दौड़ में अकेला शहर रह गया था। साल्ट लेक सिटी की तरफ से जिन लोगों ने बोली लगाई उनमें उटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स, साल्ट लेक सिटी के मेयर एरिन मेंडेनहॉल और अल्पाइन स्की की महान खिलाड़ी लिंडसे वॉन शामिल थे।

# टीम को रोहित-विराट के न होने का उठाना चाहिए फायदा : जयसूर्या

पाल्लेकल, एजेंसी



- सनथ बोले- भारत के मुख्य खिलाड़ियों का न होना श्रीलंका के लिए बेहतर 27 से होगी शृंखला की शुरुआत

श्रीलंका के अंतरिम मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने बुधवार को खुलासा किया कि आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 शृंखला की तैयारी में उनके बल्लेबाजों की मदद की है और उन्हें उम्मीद है कि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाएगी।

रोहित, कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पिछले महीने भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 शृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। भारत को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव के रूप में नया कप्तान भी मिला है और जयसूर्या ने अपनी टीम से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने को कहा।

### भारत के खिलाफ शृंखला से बाहर चामीरा

**कोलंबो।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंता चामीरा श्वसन संबंधित समस्याओं से उबरने में विफल होने के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू शृंखला से बाहर हो गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो को चामीरा की जगह शामिल किया गया। श्रीलंका क्रिकेट ने ट्वीट किया दुश्मंता चामीरा अभी तक श्वसन संबंधित संक्रमण से उबर नहीं सके हैं इसलिए वह टी-20 शृंखला में नहीं खेल पाएंगे। असिथा फर्नांडो को चामीरा की जगह टीम में शामिल किया गया।

विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप

## भारतीय पुरुष टीम छठे और महिला टीम सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे।



भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए। महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमीना रियाज पांच गेम तक चले मैच में हार गई। निरुपमा दुबे और उन्नति त्रिपाठी ने इसके बाद अपने मैच जीत कर टीम को सातवां स्थान दिलाया।

## टेनिस खिलाड़ी सिनर पेरिस ओलंपिक से हटे

**पेरिस।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर गले में संक्रमण (टॉन्सिल) के कारण बुधवार को पेरिस ओलंपिक से हट गए।



इटली के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डॉक्टर ने उन्हें सलाह दी है कि वह ओलंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लें। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया ओपन के साथ अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर पिछले महीने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने थे। ओलंपिक टेनिस का ड्रॉ गुरुवार को होगा जबकि मुकाबले शनिवार से शुरू होंगे। सिनर ने इतालवी में लिखा ओलंपिक से चूकना बड़ी निराशा है क्योंकि इस सत्र में यह मेरे मुख्य लक्ष्यों में से एक था। मैं इस बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान पाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता था।

# टेस्ट में एक दिन में 600 रन बना सकता है इंग्लैंड : पोप

लंदन, एजेंसी

- टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली बोले- बैजबॉल पद्धति अपनाने से नहीं बचती

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली बैजबॉल से पीछे हट रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। पोप ने कहा कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे।इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की शृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।

# मुर्शीदा की पारी से बांग्लादेश ने मलेशिया को 114 रनों से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी

मुर्शीदा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना नाबाद (62) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन दम पर बांग्लादेश ने बुधवार को महिला एशिया कप के 11वें मुकाबले में मलेशिया को 114 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छह ओवर में 23 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की और 114 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले आज यहां बांग्लादेश की कप्तान निगार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य दिया था। दिलारा अख्तर ने 20 गेंदों में 33 रन बनाए। मुर्शीदा खातून ने 59 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली।



जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### श्रीलंका सेमीफाइनल में पहुंचा

**दांबुला।** शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (49) विश्मी गुणारत्ने नाबाद (39) की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर श्रीलंका ने बुधवार को थाईलैंड को 10 विकेट से हराकर महिला एशिया कप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीलंका ने 11.3 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 94 रन लक्ष्य हासिल कर अपनी टीम को 10 विकेट से जीत दिला दी। चमारी अट्टापटू ने 35 गेंदों में नाबाद 49 रनों की पारी खेली तथा विश्मी गुणारत्ने ने 34 गेंदों में 39 रन बनाए। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की टीम 93 रन ही बना सकी।

## नीता अंबानी दोबारा बनीं आईओसी की सदस्य

**पेरिस।** नीता अंबानी को एक बार फिर सर्वसम्मति से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) का सदस्य चुना गया है।

इसके लिए आज हुए मतदान में नीता अंबानी के पक्ष में शतप्रतिशत 93 वोट पड़े। वर्ष 2016 में रियो डी जेनेरियो ओलंपिक खेलों में नीता अंबानी पहली बार आईओसी सदस्य चुनी गई थी। वे रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन हैं। पुनर्निर्वाचन पर नीता अंबानी ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के सदस्य के रूप में फिर से चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूँ।



मैं प्रेसिडेंट बाख और आईओसी में अपने सभी सहयोगियों को मुझ पर विश्वास और भरोसे के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। यह पुनर्निर्वाचन न केवल मेरे लिए एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि वैश्विक खेल क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। मैं हर भारतीय के साथ खुशी और गर्व के इस पल को साझा करना चाहती हूँ और भारत और दुनिया भर में ओलंपिक आंदोलन को मजबूत करने के लिए मैं तत्पर हूँ।

बॉलीवुड हलचल

## पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करेंगे कार्तिक आर्यन!

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी सुपरहिट फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडननेकर और अनन्या पांडे ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी।चर्चा है कि कार्तिक ने फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल के लिए हामी भर दी है। सीक्वल की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल हो चुकी है। कहा जा रहा है कि कार्तिक को पति पत्नी और वो 2 की पटकथा बहुत पसंद आई है। पति पत्नी और वो के सीक्वल का निर्माण भूषण कुमार और जूनो चोपड़ा करेंगे। वहीं, इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे।



## सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका होगी। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के सेट से मृणाल ठाकुर की एक फोटो सामने आई है। फोटो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां बारात का सीक्वेंस शूट किया जा रहा है। मृणाल पंजाबी कुड़ी के लुक में बारात में ढ़ोल बजाकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके साथ में कई और डांसर्स भी मौजूद हैं। कहा जा रहा है इस फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में 50 तक चलेगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## बौछारें



मुंबई में मरीन ड्राइव पर हाई टाइड के कारण समुद्र में दिनभर लहरें उठती रहीं। इस बीच यहां राहगीरों ने बौछारों में भीगकर इस पल का लुत्फ उठाया। एजेंसी

### न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ खुलासा

# साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन शत प्रतिशत कारगर

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि इंजेक्शन के जरिए साल में दो बार दी जाने वाली एचआईवी-निवारक एक दवा ने महिलाओं में 100 प्रतिशत प्रभावशीलता दिखाई है तथा इसमें सुरक्षा संबंधी कोई चिंता भी नजर नहीं आई है।



साल में दो बार इंजेक्शन के रूप में दी जाने वाली लेनकापाविर को अमेरिका स्थित बायोफार्मास्युटिकल कंपनी जीलेड साइंसेज द्वारा 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (रोग निरोधक) दवा के रूप में विकसित किया गया है। ये दवाएं उन लोगों में संक्रमण फैलने से रोकती हैं जो अभी तक रोग पैदा करने वाले वाहक के संपर्क में नहीं आए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह अध्ययन, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में किशोरवय लड़कियों और युवा महिलाओं को शामिल करते हुए चरण-3 का परीक्षण है।

बयान के अनुसार इसमें पता चला कि प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (प्रीईपी) लेनकापाविर ने शून्य (एचआईवी) संक्रमण और 100 प्रतिशत प्रभावशीलता प्रदर्शित की। एचआईवी या ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रव (बॉडी फ्लूइड) से फैलता है। उपचार न किए जाने पर, संक्रमण वर्षों में एड्स या 'एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम' में बदल सकता है। उद्देश्य 1 परीक्षण में, 5,338 प्रतिभागियों को, जो शुरू में एचआईवी-नेगेटिव थे, तीन समूहों में विभाजित किया गया। इनमें 2,134 को 26 सप्ताह के अंतर पर लेनकापाविर इंजेक्शन दिए गए।

#### शानदार परिणाम मिलेंगे : बेकर

केपटाउन विश्वविद्यालय के डेसमंड टूटू एचआईवी सेंटर की निदेशक और अध्ययन की प्रथम लेखक लिंडा-गेल बेकर ने एक बयान में कहा ये शानदार परिणाम दर्शाते हैं कि प्रीईपी के लिए दो बार वार्षिक लेनकापाविर, यदि स्वीकृत हो जाता है, तो एक अत्यधिक प्रभावी, वहनीय और विवेकपूर्ण विकल्प प्रदान कर सकता है जो संभावित रूप से प्रीईपी के उपयोग और दृढ़ता में सुधार कर सकता है, जिससे हमें वैश्विक स्तर पर सिसजेंडर महिलाओं में एचआईवी को कम करने में मदद मिल सकती है। सिसजेंडर वह शब्द है जो किसी व्यक्ति की लैंगिक पहचान को दर्शाता है, न कि उसकी यौन अभिरुचि को।

#### इंजेक्शन स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई

अध्ययन के लेखकों ने लिखा साल में दो बार लेनकापाविर लेने वाले किसी भी प्रतिभागी को एचआईवी संक्रमण नहीं हुआ। लेनकापाविर समूह के लगभग 70 प्रतिशत प्रतिभागियों में सबसे आम प्रतिकूल प्रभाव इंजेक्शन-स्थल पर होने वाली प्रतिक्रियाएं थीं। हालांकि, बयान के अनुसार इंजेक्शन-स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई।

## एक नजर

### ताइवान ने तूफान से निपटने की तैयारी की, फिलीपीन में 13 की मौत

**ताइपे।** शक्तिशाली तूफान की आशंका के मद्देनजर ताइवान ने बुधवार को पूरे द्वीप में कार्यालय, स्कूल और पर्यटन स्थल बंद कर दिए। इस तूफान के कारण फिलीपीन में मौसमी बारिश से हालात और खराब हो गए हैं और कम से कम 13 लोगों की जान चली गई जबकि छह लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। तूफान गेमी अभी ताइवान की मुख्य भूमि में दाखिल नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही ताइवान के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है। तूफान के बुधवार शाम को उत्तरी काउंटी यलान में सीधे दस्तक देने की आशंका है।

### माल्विनास द्वीप के पास नाव पलटी, 8 की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** माल्विनास द्वीप समूह के पास सोमवार को एक मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिसे अंग्रेजी में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह कहते हैं। इस द्वीप पर अर्जेंटीना अपना दावा करता है लेकिन यह ब्रिटेन द्वारा शासित है। यह जानकारी अर्जेंटीना और स्पेनिश मीडिया ने दी। अर्जेंटीना के दैनिक समाचारपत्र ला नासियोन ने कहा कि सोमवार को मछली पकड़ने वाली नौका टूथफिश की तलाश में माल्विनास द्वीप के पास नौकायन कर रही थी, तभी उसका पतवार टूट गया और वह डूब गया।

### चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 लोग प्रभावित

**लान्झू।** उत्तर पश्चिमी चीन के गांसू प्रांत के लोंगनान शहर में मूसलाधार बारिश से बुधवार सुबह तीन बजे तक 13,400 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए, जबकि 5,622 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोंगनान मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से बुधवार तक लोंगनान में 251 मिमी तक की भारी बारिश हुई।

### भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 229 हुई

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 229 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से कई ऐसे लोग शामिल हैं जो पीड़ितों को बचाने की कोशिश में जुटे थे। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने इसे भयानक क्षति बताया है। एक स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी प्रांत में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को रोकने के प्रयास हुए तेज

### डोनाल्ड ट्रंप ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से कहा- सब कुछ जल्दी ठीक हो जाएगा

वाशिंगटन, एजेंसी

- बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होगी मुलाकात



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि सबकुछ ठीक हो जाएगा।

ट्रंप ने कहा बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए और भी अधिक तत्पर हूं। इसके साथ ही उन्होंने अब्बास द्वारा उन्हें लिखा गया एक पत्र भी संलग्न किया। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान 13 जुलाई को हुए हमले के एक दिन बाद यह पत्र लिखा था।

राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने 14 जुलाई को ट्रंप को लिखे पत्र में कहा आप पर हुए हमले की खबर सुनकर मुझे बहुत चिंता हो रही है। मैंने इसका वीडियो भी देखा। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर अब्बास के पत्र के जवाब में अपने हाथ से लिखे गए पत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा महमूद, शुक्रिया। सब ठीक हो जाएगा।

**अपने कार्यकाल के दौरान शांति और स्थिरता कायम की थी :** उन्होंने कहा मेरे पहले कार्यकाल के दौरान हमने क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम की थी, यहां तक कि ऐतिहासिक अब्राहम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए थे और हम पुनः शांति कायम करेंगे। जैसा कि मैंने हाल के सप्ताहों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य विश्व नेताओं के साथ की गई चर्चा में कहा है कि मेरा शक्ति के माध्यम से शांति का एजेंडा दुनिया को दिखाएगा कि इन भयानक घातक युद्धों और हिंसक संघर्षों को समाप्त किया जाना चाहिए। लाखों लोग मर रहे हैं और कमला हैरिस किसी भी तरह से इसे रोकने में सक्षम नहीं हैं।

#### नेतन्याहू से मिलेंगी कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक सहयोगी ने बताया कि हैरिस इस सप्ताह व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगी और उनसे कहेंगी कि युद्ध समाप्त करने का वक्त आ गया है। हालांकि, वह नेतन्याहू द्वारा संबोधित किए जाने वाले अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता नहीं कर पाएंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैरिस के एक सहयोगी ने कहा नतन्याहू के साथ होने वाली यह बैठक राष्ट्रपति बाइडेन की नियोजित बैठक से अलग होगी। उपराष्ट्रपति पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए 24 जुलाई को इंडियानापोलिस जा रही हैं और वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कांग्रेस के संयुक्त सत्र के पहले से निर्धारित संबोधन में भाग नहीं ले पाएंगी। हैरिस के सहयोगी ने कहा अनुमान है कि उपराष्ट्रपति नेतन्याहू से कहेंगी कि युद्ध को इस तरह से समाप्त करने का समय आ गया है कि इजराइल सुरक्षित हो, सभी बंधक रिहा हों, गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की पीड़ा का अंत हो और उनका सम्मान, स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का आनंद ले सकें। नेतन्याहू का अमेरिकी कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। यह अमेरिकी संसद में नेतन्याहू का चौथा संबोधन है, जो किसी भी विदेशी नेता द्वारा अमेरिकी कांग्रेस में सबसे अधिक बार दिया जाने वाला संबोधन होगा। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता आम तौर पर उपराष्ट्रपति करते हैं। अमेरिकी कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने इस संबोधन में भाग न लेने के लिए हैरिस की आलोचना की है। डेमोक्रेटिक की ओर राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपने पहले सप्ताह में हैरिस इजराइली प्रधानमंत्री की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के मद्देनजर अमेरिकी विदेश नीति में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा विभाजनकारी मुद्दे का सामना करेंगी।

## हैरिस के नेतृत्व में भारत नीति में बदलाव की संभावना नहीं : मुकेश

**वाशिंगटन।** भारत केंद्रित अमेरिकी व्यापार एवं रणनीतिक पैरोकार समूह के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो उनके प्रशासन में भारत-अमेरिका नीति एवं रणनीति में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने एक साक्षात्कार में यह बात कही।

उन्होंने कहा राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने के बाद कमला हैरिस तेजी से चुनाव प्रचार में जुट गई हैं और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के 50 घंटे से भी कम समय में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक धनराशि जुटाना उनके पक्ष में बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। राष्ट्रपति बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने से पार्टी में और पार्टी समर्थकों में ऊर्जा भर गई है। बड़े दानदाता अब फिर से डेमोक्रेटिक पार्टी और उम्मीदवार के तौर पर कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। अघी ने कहा चीन का उदय, चीन का आक्रामक रुख दुनिया के लिए खतरा है। यह अमेरिका के हितों के लिए खतरा है और भारत पूरे परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बांग्लादेश में धीरे-धीरे सामान्य हो रही स्थिति

ढाका, एजेंसी

- बंद पड़ी इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से हुईं बहाल
- हिसा के बीच लगभग 200 लोगों की हो चुकी मौत



बांग्लादेश में पांच दिन के बाद ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़पों के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। खबरों में कहा गया है कि मंगलवार देर शाम सीमित स्तर पर ब्रॉडबैंड सेवा बहाल होनी शुरू हो गई।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने चरणबद्ध इंटरनेट बहाली को प्रायोगिक व्यवस्था बताया। इसमें बैंकिंग, वाणिज्य क्षेत्रों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निर्यातकों, आउटसोर्सिंग प्रदाताओं और मीडिया संगठनों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा शीघ्र ही पूरे देश में पूर्ण इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद इमदादुल हक ने कहा कि देशभर में करीब 40 प्रतिशत इंटरनेट कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं और आज ज्यादातर लाइन जोड़ दी जाएंगी। डेली स्टार ने उनके हवाले से कहा हम सभी कनेक्शन को बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ज्यादातर लोगों को शीघ्र ही इंटरनेट सेवा मिल जाएगी। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं।

#### आरक्षित कोटा घटाकर पांच प्रतिशत किया

देशव्यापी हिंसा के चलते इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। बीडी न्यूज 24 न्यूज पोर्टल ने खबर दी है कि देश में मोबाइल इंटरनेट अब भी बंद है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित कोटा घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, अब 93 प्रतिशत नौकरियां योग्यता आधारित होंगी।

# इमरान का पोलीग्राफ टेस्ट कराने से इनकार

लाहौर, एजेंसी

- 12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम परीक्षण करने पहुंची थी जेल
- पिछले साल हुए अप्रत्याशित उपद्रव के कारण जेल में हैं बंद



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल 9 मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ (एक प्रकार की झूठ पकड़ने वाली जांच) और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है।

12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब 9 मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी है कि एक पुलिस उपाधीक्षक की अगुवाई में लाहौर पुलिस का एक दल (पोलीग्राफ और आवाज मिलान) परीक्षण करने आडियाला जेल पहुंचा था। इस अखबार के अनुसार उनके साथ पंजाब अपराध जांच विज्ञान एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। इन पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री का पोलीग्राफ, आवाज मिलान परीक्षण और फोटोग्रेमेट्री परीक्षण करने थे।

#### बोले- पिछली जांच पूरी होने के बाद देंगे समय

इमरान खान ने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा उनकी जांच की जा रही है और पिछली जांच के पूरा हो जाने के बाद ही वह पुलिस को समय देंगे। डॉन अखबार की खबर है कि पुलिस अधिकारियों ने उससे 9 मई के उपद्रव के विभिन्न पहलुओं के बारे में पूछताछ की। इस उपद्रव के दौरान लाहौर कोर कमांडर के आवास, सैन्य प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया था। इस अखबार के मुताबिक जेल से लौटने के बाद, पुलिस टीम और पीएफएसए विशेषज्ञों ने लाहौर के डीआईजी (जांच) जीशान असगर को खान के असहयोग के बारे में बताया।

## पोत पर घायल चीनी नाविक को भारतीय नौसेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिए एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाला गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मरीज को हेलीकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया। नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत झोंग शान मेन से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई।

# ओलंपिक खत्म होने से पहले प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं

पेरिस, एजेंसी

- राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- अव्यवस्था से बचने के लिए उठाया कदम
- लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक होंगे इकट्ठा



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह अव्यवस्था से बचने के लिए ओलंपिक खेलों की समाप्ति से पहले नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति किसी भी कीमत में नहीं करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

मैक्रों ने फ्रांस 2 चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा इस सरकार ने खेलों की तैयारी की है और हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि वे अच्छी तरह से हों। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने खेलों की सुरक्षा के लिए स्थिरता को चुना है, जिसमें लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक इकट्ठा होंगे। नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति और एक नई सरकार के गठन से अराजकता उत्पन्न होगी इसलिए उन्होंने राजनीतिक दलों से पूर्ण बहुमत के अभाव में देश की संसद में समझौता करने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ पार्टी के मध्यावधि चुनावों में बहुमत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद गैब्रियल अट्टल ने 8 जुलाई को मैक्रों को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।

## अब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय में गिरा कचरे से भरा गुब्बारा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजे, जिसमें एक गुब्बारा राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में जा गिरा। विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण कोरिया को अगली बार सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे गुब्बारों को मार गिराना होगा क्योंकि क्या पता उत्तर कोरिया भविष्य में इसमें खतरनाक वस्तुएं भेज दे। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही दक्षिण कोरिया ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सीमा पर उत्तर कोरिया के संबंध में दुष्प्रचार संदेश प्रसारित किए थे। सुरक्षा सेवा ने यह बताने से इनकार कर दिया कि जब कचरे से भरा गुब्बारा परिसर में गिरा तो उस समय राष्ट्रपति यून सुक येओल कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। यून के कार्यालय ने पहले कहा था कि बुधवार को उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है।

# चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले

बीजिंग, एजेंसी

- चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन जारी

चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी।

हांगकांग मीडिया के अनुसार यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रिपोर्ट 16 जुलाई को पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई। सीएएस ने कहा कि 2020 में चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों के आधार पर चीनी वैज्ञानिकों ने आणविक जल से युक्त एक जलयोजित खनिज पाया है।

#### भारत के चंद्रयान 1 ने खोजी थी ऑक्सीजन

वर्ष 2009 में, भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं के रूप में जलयोजित खनिजों के संकेतों का पता लगाया था। इसके उपकरणों में नासा का मून मिनरलॉजी मैपर (एम3) भी शामिल था जो एक इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर है।

## एससीओ देशों ने पहला संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास किया

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन में पहले संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लिया, जिसमें आतंकवादी समूहों के उन्मूलन जैसे विशेष अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चीन के जनसूचना मंत्रालय ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में हाल ही में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास इंटरैक्शन-2024 आयोजित किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी कि यह अभ्यास पहली बार आयोजित किया गया और इसमें एससीओ के सभी सदस्य देशों की संबंधित एजेंसियों ने हिस्सा लिया।

### खगोल विज्ञान

नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोवर की खोज, वैज्ञानिक इसे बड़ी उपलब्धि मान रहे

# मंगल ग्रह की सतह पर सल्फर क्रिस्टल की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लाल ग्रह मंगल की सतह पर पहली बार सल्फर का पता चला है। यह खोज नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोबर ने की है। वैज्ञानिक सल्फर के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल वैज्ञानिको को जरा भी अनुमान नही था कि मंगल पर सल्फर भी उपलब्ध हो सकता है। कई दशकों से मंगल के धरातल से लेकर आसमान तक वैज्ञानिक खाक छानते आ रहे हैं। अब तक अनेक वस्तुओं की जानकारी जुटा चुके हैं।

मंगल की धरती पर सल्फर का मिलना बड़ी खोज मानी जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार मार्स क्यूरियोसिटी रोवर गेडिज़ वैली में खोज कर रहा था, तभी वह एक चट्टान के ऊपर से गुजरा और चट्टान को तोड़ दिया। तभी पता चला कि शुद्ध तात्विक गंधक के साथ बाहर निकल आया। तस्वीरों की जांच करने के बाद पता चला कि यह शुद्ध रूप से सल्फर है।



मंगल की सतह पर चट्टान में मिले सल्फर की तस्वीर।

क्यूरियोसिटी चट्टान काटने की क्षमता रखता है साथ ही रासायनिक संरचना का पता भी लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने आगे के अध्ययन के लिए नमूने एकत्र किए और तब पता चला कि मंगल ग्रह पर सल्फर विभिन्न रूपों में मौजूद है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि क्यूरियोसिटी द्वारा टूटी चट्टानों के बीच में शुद्ध सल्फर खोजना मंगल ग्रह की खोज में एक नया अनुभव है। साथ ही यह सवाल उठ रहा है कि यह मंगल की सतह पर कब और कैसे पहुंचा। 31 मार्च को रोबर ने यह खोज की। जिसकी सच्चाई का पता लगाने में कई महीने वैज्ञानिकों को लग गए। बहरहाल मंगल पर सल्फर की खोज को लेकर लाल ग्रह पर अध्ययन करने वालों के लिए खुशी की खबर है, जो मंगल पर जीवन बसाने के प्रयास में मदद करेगी।

#### मंगल होगा मानव का आशियाना

मंगल ग्रह पर नित नई खोज वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाती है। यह खोज भी इसी तरह की है। एरिज़ोना टक्सन के प्लेनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिको ने सल्फर का खुलासा किया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मंगल पर भविष्य में कुछ और भी राज सामने आएंगे, जो मंगल पर मानव जीवन बसाने में मददगार साबित होंगे।